आश्विन कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, शुक्रवार
12 सितंबर 2025
वर्ष-26, अंक- 221, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.

**रांची का तापमान**

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 29.5° | अधिक. 30.6° |
| न्यून. 23.1° | न्यून. 23.7° |



पेज 12

## मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा

# नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा

### पर्यटन को बढ़ावा मिलने से रोजगार के नए अवसर भी होंगे सृजित : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने जेटीडीसी का लोगो व वेबसाइट का भी किया शुभारंभ
- राज्य की बेहतरी के लिए पूरी निष्ठा से जिम्मेदारियों का करें निर्वहन
- नगरीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर नागरिक सुविधा मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य को मजबूत और बेहतर बनाने की दिशा में हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस कड़ी में नियुक्तियों के साथ-साथ सभी सेक्टरों में लगातार कार्य हो रहे हैं। राज्य का सर्वांगीण विकास हमारी प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत नवचयनित अभ्यर्थियों के लिए आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह तथा झारखंड पर्यटन एवं झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लोगो एवं वेबसाइट के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही।

**विकास में आपकी अहम जिम्मेदारी :** मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप आज से सरकार के एक अभिन्न के रूप में जुड़ रहे हैं। राज्य का समुचित विकास हो, इसके लिए आप पूरी निष्ठा और कुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करेंगे, मुझे पूरी उम्मीद है। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से कहा कि नगरीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर नागरिक सुविधा तथा सेवा देने की दिशा में आपकी भूमिका काफी अहम होगी। शेष पेज 11 पर



#### समारोह के अहम तथ्य

1. नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए चयनित 19 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र।
2. पर्यटन, कला -संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अंतर्गत झारखंड पर्यटन एवं झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लोगो तथा वेबसाइट का अनावरण।
3. राज्य कलाकारों को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ने के लिए सांस्कृतिक दल प्रबंधन प्रणाली (सीटीएमएस) एप्लीकेशन का शुभारंभ।
4. होटल प्रबंधन संस्थान, बॉम्बे, रांची की ओर से झारखंडी व्यंजन पर आधारित पुस्तक "झारखंड का स्वाद" का विमोचन।

#### योजनाबद्ध तरीके से विकास होना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गांव से शहरों की ओर लोग आ रहे हैं। इस वजह से शहर का आकार और जनसंख्या तेज गति से बढ़ रही है। ऐसे में शहरों का व्यवस्थित तथा योजनाबद्ध तरीके से विकास आज निहायत ही जरूरी है, ताकि शहरों में उपलब्ध व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के साथ शहरवासियों को अच्छी नागरिक सुविधा और सेवाएं दे सकें। उन्होंने कहा कि अगर शहर अव्यवस्थित तरीके से फैलेंगे तो उसके कई दुष्परिणाम और समस्याएं सामने आएगी, जिसका समाधान काफी चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए, शहरों को पूरी प्लानिंग के साथ विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ाने की जरूरत है।

#### राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलने से यहां की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। यही वजह है कि हमारी सरकार यहां के पर्यटक स्थलों के आकर्षक विकास के साथ-साथ आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को जितना बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे राज्य के स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा फायदा यहां के सुदूर और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। यही वजह है कि सरकार का पर्यटन पर विशेष फोकस है। इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पर्यटन, कला -संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, राज्य सभा सांसद महुआ माजी शेष पेज 11 पर

## मंत्री इरफान अंसारी और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी को राहत

### 10 साल पुराने केस में हुए बरी

**नवीन मेल संवाददाता**



कई वर्षों तक मामला मधुपुर न्यायालय में विचाराधीन रहा

**दुमका।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और उनके पिता पूर्व सांसद फुकरान अंसारी को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दुमका की एक अदालत ने किरायेदार से मकान खाली कराने से संबंधित दस साल पुराने मामले में इन दोनों के समेत तीन लोगों को समझौते के आधार पर साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का फैसला सुनाया।

दुमका के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह सांसद, विधायक की विशेष अदालत के न्यायाधीश मोहित चौधरी की अदालत में गुरुवार को परिवाद वाद (पीसीआर ) संख्या 110/2022 में सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के अदालत ने सुलह समझौते के आधार पर साक्ष्य के अभाव में नामजद आरोपी झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री सह जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, उनके पिता पूर्व सांसद फुरकान अंसारी और सत्तार करम को रिहा करने का फैसला सुनाया।

इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी समेत तीन अन्य की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद राजा खान ने बहस में हिस्सा लिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार देवघर जिले के मधुपुर के रहने वाले मो मकबुल हुसैन की ओर से मधुपुर कोर्ट में तीनों के विरुद्ध 2015 में किराये का घर खाली कराने के विवाद को लेकर परिवाद वाद दाखिल किया गया था। देवघर जिले के मधुपुर न्यायालय में कई वर्षों तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद इस मामले को 2022 में दुमका की एमपी, एमएलए की विशेष अदालत में स्थानांतरित किया गया।

इस मामले में चली सुनवाई के बाद गुरुवार को उक्त न्यायालय द्वारा यह फैसला सुनाया गया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने न्यायालय के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा था। मैं कोर्ट का दिल से धन्यवाद करता हूं। मेरे पिताजी, जिन्होंने झारखंड अलग राज्य के लिए बड़ी कुर्बानी दी। उन्हें भी इस केस में घसीटने का काम किया गया। लेकिन आज सच सामने आ गया और कोर्ट ने हमें बाइज्जत बरी कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें 2022 से बार-बार इस मामले के सिलसिले में में बार बार दुमका आना पड़ रहा था। आज न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि यह मामला निराधार था। यह न्याय और सत्य की जीत है।

## पीएम मोदी आज करेंगे ज्ञान भारतम पोर्टल लॉन्च

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 सितंबर को भारत की पांडुलिपि धरोहर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे और साथ ही 'ज्ञान भारतम' पोर्टल की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह विशेष डिजिटल प्लेटफॉर्म पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और आम लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। यह तीन दिवसीय सम्मेलन गुरुवार से विज्ञान भवन में शुरू हुआ है।



शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### मुठभेड़ में 1 करोड़ का इनामी कमांडर भी मारा गया



# छत्तीसगढ़ में 10 माओवादी ढेर

- सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन, विशेष कार्य बल और जिला बल की संयुक्त कार्रवाई
- मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की सूचना पर सुरक्षाबल अभियान पर निकले थे

**एजेंसी । गरियाबंद**

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराए जाने की खबर सामने आई है। इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी कमांडर भी मारा गया है। रायपुर रेंज के इंस्पेक्टर जनरल अमरेश मिश्रा ने बताया जब सुरक्षाबल के जवान माओवाद-विरोधी अभियान पर निकले थे, तो मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगल में छुपे माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। रुक-रुक गोलाबारी में अब तक 10 माओवादियों को मार गिराया गया है।

मिश्रा ने बताया कि मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। इसके बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन, विशेष कार्य बल और जिला बल के संयुक्त दल को नक्सल रोधी अभियान के लिए भेजा गया था।बृहस्पतिवार सुबह से ही इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच से रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। अब तक 10 माओवादियों के मार गिराए जाने की खबर आ चुकी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले की ई 30, एसटीएफ़ और कोबरा बटालियन के जवानों की नक्सलियों से भीषण मुठभेड़ हुई है। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा लगातार जवानों के सम्पर्क में हैं। सूत्रों के मुताबिक नक्सलियों के कमांडर बालकृष्ण के मारे जाने की खबर है। यह ओडिशा स्टेट कमेटी का बड़ा नक्सली था। छत्तीसगढ़ और ओडिशा बॉर्डर में सक्रिय बालकृष्ण के बारे में कहा जाता है कि यह एके 47 लेकर चलता था। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को उम्मीद है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों को बड़ा झटका लगेगा। बता दे कि इसे पहले गरियाबंद जिले में ही टॉप नक्सली सीसी मेंबर चलपती मारा गया था। उस पर एक करोड़ रुपए का इनाम था। सूत्रों के मुताबिक, भीषण मुठभेड़ अभी भी जारी है। शेष पेज 11 पर

## सियाचिन में शहीद हुए अग्निवीर नीरज कुमार का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में शहीद हुए झारखंड निवासी भारतीय सेना के 'अग्निवीर' नीरज कुमार चौधरी का गुरुवार को देवघर जिले के कजरा गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर जब गांव पहुंचा तो उनके अंतिम दर्शन को हजारों लोग उमड़ पड़े। उनका पार्थिव शरीर जब घर पर पहुंचा तो परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो उठा। शहीद को गांव के टंडेरी घाट पर अंतिम संस्कार के समय सेना के जवानों ने 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया।




इस दौरान उपायुक्त नयन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डूंगडूंग, एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, अंचल अधिकारी यामुन रविदास और नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कु समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। 24 वर्षीय नीरज चौधरी लगभग ढाई वर्ष पूर्व भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती हुए थे। शहीद के पिता अनिल चौधरी किसान हैं।

परिवार ने कहा कि नीरज ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है और उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण और राजनीतिक प्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्री हफीजुल हसन के प्रतिनिधि शब्बीर हसन, सारठ विधायक चुन्ना सिंह, पूर्व विधायक रणधीर सिंह, भाजपा नेता गंगा नारायण सिंह और राज पलिवार ने शहीद को श्रद्धांजलि दी।

## सड़क दुर्घटना में दंपती की मौत

**बोकारो।** पितृपक्ष में पिता की आत्मा को तृप्त करने को लेकर कर्मकांड के अनुसार घर से तर्पण कर के निकले पति-पत्नी की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र के गोविंद मार्केट की है। इस हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। परिजनों के अनुसार संजीव कुमार अपनी पत्नी के साथ घर में तर्पण करने के बाद बाजार जाने के लिए निकले थे।



शेष पेज 11 पर

### वोटर आईडी मामले में सोनिया गांधी को मिली बड़ी राहत

## कोर्ट ने खारिज की एफआईआर याचिका

**एजेंसी । नई दिल्ली**



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दरअसल, राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में दावा किया गया कि सोनिया गांधी का नाम भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में जोड़ा गया था।

यह याचिका विकास त्रिपाठी नामक शख्स ने दायर की थी, जिसमें उनके भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में नाम शामिल होने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। विकास त्रिपाठी की तरफ से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि सोनिया गांधी का नाम 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था, जबकि वह अप्रैल 1983 में भारत की नागरिक बनी थीं। त्रिपाठी ने आरोप लगाया था कि सोनिया गांधी का नाम 1980 में मतदाता सूची में शामिल किया गया था, 1982 में हटाया गया और फिर 1983 में फिर से जोड़ा गया।

बता दें कि, कुछ दिनों पहले भाजपा ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर गंभीर आरोप लगाया था कि उनका नाम भारतीय नागरिक बनने से पहले ही वोटर लिस्ट में शामिल कर दिया गया था। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## बेकाबू ट्रैफिक और बेकार साबित होते फ्लाई ओवर एलिवेटेड कॉरिडोर



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड बने 25 साल होने को हैं और अभी युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर झारखंड में कई फ्लाई ओवर बने, रांची में मेट्रो रेल से विकास के एक नए इतिहास की शुरुआत होने वाली है और भी कई फ्लाई ओवर बनाए जाने की पहल हो चुकी है जबकि रातू रोड में एनएचएआई की ओर से बने एलिवेटेड कॉरिडोर से चार मिनट में चार किलोमीटर की दूरी तय हो रही है पर राजधानी रांची के फ्लाई ओवरों के खाली रहने और नीचे पूर्व की तरह जाम लगने से पैदल चलने वालों से लेकर वाहन चालक परेशान हैं और सभी के मन में एक ही सवाल है कि विकल्प मौजूद रहते हुए लोग फ्लाई ओवरों का इस्तेमाल क्यों नहीं हो रहा है ? इसका सबसे बड़ा कारण है राजधानी रांची से लेकर हर छोटे बड़े शहर में ट्रैफिक का कुप्रबंधन जिसमें रांची की स्थिति सबसे ख़राब है। रातू रोड के ओटीसी ग्राउंड से एलिवेटेड कॉरिडोर का चार किलोमाटर का सफ़र कब पूरा हो जाता है पता नहीं चलता पर जैसे से कोई कचहरी के पास बाहर निकलता वहां सडकों से दूर बैठे पुलिसकर्मी या तो निर्लिप्त भाव से मूक दर्शक बने रहते हैं या अनाड़ियों की तरह दोस्ताना अंदाज में बेतरतीब ढंग से भीड़ लगाए ऑटो वालों को हटाने की अपील करते हैं जिसका असर क्षणिक होता है। वहां से लेकर रातू रोड के किशोरी यादव चौक तक मिनी बस और ऑटो वालों का राज सदियों से चलता था आज भी चलता है जिससे आधा किलोमीटर का सफ़र आधे घंटे से एक घंटे में पूरा होता है जिस कारण लोग एलिवेटेड कॉरिडोर के बजाय हमेशा जाम रहने वाले रातू रोड में चलना पसंद करते हैं जिससे इस कॉरिडोर को बनाने में आई लगभग 558 करोड़ रुपये की लागत की उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं। कौन और क्यों परमिट बिना परमिट चलने वाले इन हजारों ऑटो, नगर बस सेवा के नाम पर चलने वाली मिनी बसों और इरिक्शा के मनमाने ढंग से सड़क पर पार्किंग पर रोक लगाएगा इस सवाल से बड़ा सवाल यह है कि इन्हें संरक्षण कौन दे रहा है जिस कारण ये मनमानी कर रहे हैं ? पूर्व ट्रैफिक एसपी जो अभी प्रशिक्षण के लिए गए हैं जाम मानने के लिए तैयार ही नहीं थे आसपास तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का कहना है कि अभी तक चालान काटने के लिए पीओएस मशीन नहीं मिली है जिस कारण अवैध पार्किंग से लोग डरते नहीं और उनको खदेड़ने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है ! रांची के कुछ अन्य फ्लाई ओवर जहां जाम लगता था बहुत अंतर नहीं आया जिसकी समीक्षा अधिकारीयों को करनी चाहिए । यही हाल धनबाद, डाल्टनगंज जैसे शहरों का है जहां फ्लाई ओवरों के निर्माण के बाद भी ट्रैफिक व्यवस्था सुगम नहीं हुई। राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा, रघुवर दास सभी के कार्यकाल भी जाम की समस्या थी जिस समय कुछ बड़े व्यवसायियों से मिलने का अवसर मिला था जो बड़े निवेश के प्रस्ताव की संभावनाओं की तलाश में आए थे उनमें से एक बड़े उद्योगपति ने रात में सीएम आवास में बताया था कि उन्हें जितनी देर अपने होटल से सीएम आवास आने में लगी उतनी देर में वे अपने चार्टर्ड प्लेन से वापस कोलकाता जा सकते थे जहां से उन्हें तड़के न्यूयॉर्क जाना था ! दुखी होकर उन्होंने जो आशंका व्यक्त की थी उस पर सभी झारखंडियों को विचार करना चाहिए, उनके शब्द थे – "जब तक झारखंड के लोग समय का महत्व नहीं समझेंगे तब तक ये राज्य आगे नहीं बाधा सकता !" घंटों घंटों का जाम जहां भी लगता है अधिकारियों को समीक्षा करनी चाहिए और उन कारणों को दूर करना चाहिए जैसे सडकों के बीच खड़े बिजली के पोल, गढ्ढे और दुकानें !





## बदला मौसम, रांची में झमाझम हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कई दिनों की भीषण गर्मी के बाद झारखंड में फिर से मॉनसून ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के पूर्वनुमान के अनुसार, अगले 7 दिनों तक कई जिलों में बारिश का अपडेट जारी किया गया था। अपडेट के अनुसार ही गुरुवार को रांची में जमकर बारिश की शुरूआत हुई है। पूरे रांची में लगातार झमाझम बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण रांची के तापमान में गिरावट देखने को मिली है।

**अगले 7 दिन झमाझम बारिश होगी :** जून, जुलाई, अगस्त में भारी बारिश के कारण झारखंड पानी-पानी हो गया था। हालांकि, सितंबर की शुरुआत के बाद से मॉनसून की धार कम हुई है, लेकिन एक बार फिर से बारिश की शुरुआत हो गई है। रांची समेत कई जिलों में तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है।



मौसम विभाग ने अपडेट जारी करते हुए बताया है कि अगले 7 दिनों तक यानि 16 सितंबर तक झारखंड के कई जिलों में तेज बारिश होगी और भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

बता दें कि पंजाब, बिहार और कई राज्यों में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। तेज बारिश के कारण डैम और नदियों में पानी ज्यादा होने का कारण कई इलाके डूब गए हैं। इसी तरह की स्थिति पहले झारखंड में भी बनी हुई थी।

## मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की सूची ऑनलाइन और ऑफलाइन उपलब्ध

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा साल 2003 में हुए विशेष पुनरीक्षण के बाद तैयार की गई मतदाता सूची की कॉपी सभी के लिए उपलब्ध करा दी गई है। राज्य के प्रत्येक मतदाता से अनुरोध है कि वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। वैसे मतदाता जो रोजगार अथवा अन्य प्रयोजन से राज्य के बाहर निवास कर रहें हैं तथा वहां की मतदाता सूची में जुड़ चुके हैं, वे सम्बन्धित राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के वेबसाइट पर उपलब्ध मतदाता सूची पर भी अपना नाम देख सकते हैं। 18 सितंबर 2025 से 2003 के मतदाता सूची का प्रिंट कॉपी बीएलओ, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालयों में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगा।

# सीएम से झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मिला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आपके कुशल नेतृत्व में कला संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा न सिर्फ झारखंड के कलाकारों को उनकी विशिष्ट पहचान सुरक्षित करने के लिए सीटीएमएस जैसी सक्षम प्रणाली विकसित करके उनके हितों की रक्षा का मार्ग प्रशस्त किया है बल्कि सरकार के द्वारा ललित कला अकादमी, साहित्य अकादमी और संगीत नाटक अकादमी के गठन का प्रस्ताव पारित करके राज्य में कला-संस्कृति के विकास में नींव का पत्थर स्थापित किया है। इन सभी उपलब्धियों के लिए झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन आपके प्रति अपना हार्दिक आभार प्रकट करता है। इस अवसर पर विधायक भूषण तिर्की तथा प्रतिनिधिमंडल में पद्मश्री मधु मंसूरी, झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार नागवंशी, सचिव डॉ राकेश रमण, संस्थापक श्रीकांत इंदुवार, डॉ सुशील अंकन, डॉ जयकांत इंदुवार, बंदी उरांव, अमित तिर्की, राहुल महली सहित अन्य उपस्थित थे।



## सहायक पुलिस कर्मियों के सेवा अवधि का होगा विस्तार

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहायक पुलिस कर्मियों को एक वर्ष के लिए अनुबंध के आधार पर सेवा अवधि में विस्तार दिए जाने का आदेश दिया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग अब इससे संबंधित प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद के समक्ष स्वीकृति के लिए भेजेगी।

# अल्बर्ट एक्का के गांव के किसान बीएयू पहुंचे, निशुल्क बीज व खाद मिला

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा चयनित गांव जारी (गुमला) के किसानों ने वृहस्पतिवार को बीएयू का दौरा किया और वैज्ञानिकों से उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी प्राप्त की।

यह गांव परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का की जन्मस्थली है। भ्रमणकारी किसानों के बीच मक्का के उन्नत हाइब्रिड प्रभेद डीएचएम 117 का 500 किलो बीज वितरित किया गया। इस प्रभेद की उत्पादन क्षमता प्रति हेक्टेयर 70 क्विंटल है। उन्हें 50 किलो वजन वाला 50 बैग डीएपी खाद भी दिया गया।

कुलपति डॉ एससी दुबे, निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह, कृषि अधिष्ठाता डॉ डीके शाही तथा आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग की अध्यक्ष डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती सहित अन्य वैज्ञानिकों ने किसानों को मक्का उत्पादन, फसल प्रबंधन, संरक्षण एवं विपणन के बारे में आवश्यक तकनीकी जानकारी दी। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक समय-समय पर जारी गांव जाकर उनकी खड़ी फसल का अनुश्रवण भी करेंगे तथा फसल विकास से संबंधित आवश्यक परामर्श प्रदान करेंगे।

निःशुल्क वितरण का कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की मक्का संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की जनजातीय उप योजना के तहत किया गया। उपादान प्राप्त करने वाले सभी किसान जनजातीय समुदाय से हैं।

### बाल श्रम उन्मूलन के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

# झारखंड में 78 प्रतिशत बाल श्रमिक कम हुए हैं : उप श्रमायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के मार्गदर्शन में, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और बाल कल्याण संघ के संयुक्त तत्वावधान में समाहरणालय भवन में प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन राज्य कार्ययोजना 2025-2030 को और अधिक व्यावहारिक व प्रभावी बनाना था। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, बाल अधिकार विशेषज्ञ, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि और अन्य हितधारकों सहित 90 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में बाल श्रम एवं बाल तस्करी जैसी गंभीर समस्याओं के कारण, रोकथाम, बचाव, पुनर्वास, कानूनी प्रावधान और निगरानी तंत्र को लेकर गहन चर्चा हुई। इस दौरान कार्यक्रम में उप श्रमायुक्त अभिनाश कृष्ण ने कहा कि बाल श्रम के मामले में आंकड़ों की देखें तो पिछले सेंसस में पूरे देश में 66% बाल श्रमिक कम हुए थे उसके मुकाबले झारखंड में 78% बाल श्रमिक कम हुए है। इससे हम झारखंड में कई राज्यों से बेहतर स्थिति में हैं। अब होटल, और ढाबे में बाल श्रमिक नहीं मिलते मगर बच्चों आधुनिक और ग्लैमर जीवन जीने के लिए पार्ट टाइम जैसे पार्टी में खाना परोसना,टैक्टर में या टेंट हाउस के अलावा अन्य आयोजनों में दिखाई देते हैं ये सभी महंगे मोबाइल आधुनिक पहनावा और नशा पान के लिय मजदूरी करते हैं। अब हमें भी इसके लिय आधुनिक हो कर कार्य करने की आवश्यकता है साथ ही सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रहें हैं उनका लाभ शतप्रतिशत इन तक पहुंचे ऐसा हम सब को प्रयास करना चाहिए। साथ ही प्रवासी मजदूरों के लिए भी सरकार कई योजनाओं का संचालन कर रही है जिसमें उनके एवं उनके परिवार के लिए भी लाभ का प्रावधान है।उन्हें पोर्टल पर पंजीयन कराने की आवश्यकता है।

मौके पर डीएसपी अमर कुमार पांडे, बाल कल्याण संघ के सचिव एवं एट्सेक इंडिया के राष्ट्रीय समन्वयक संजय कुमार मिश्रा, सिमडेगा के डीएसपी रणवीर सिंह सहित अन्य ने कार्यशाला को संबोधित किया।

## 2027 तक कुष्ठ को जड़ से मिटाना है : डॉ अनिल

**रांची।** राज्य कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने कहा है कि भारत सरकार ने 2027 तक कुष्ठ रोग को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए न केवल सरकारी प्रयासों, बल्कि जनभागीदारी की भी आवश्यकता है। निकुष्ठ 2 पोर्टल जैसे डिजिटल उपकरण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करेंगे और कुष्ठ रोगियों को सम्मानजनक और प्रभावी इलाज सुनिश्चित करने में मदद करेंगे। डॉ अनिल गुरुवार को नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य कुष्ठ कार्यलय सभागार में निकुष्ठ 2 पोर्टल पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलों से आए प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद, उम्मीद है कि कुष्ठ उन्मूलन का यह अभियान और भी तेज गति से आगे बढ़ेगा।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम द्वारा डाटा प्रबंधन के लिए निकुष्ठ एक पोर्टल है, जिसमें कुष्ठ के सभी रोगियों और चिकित्सा संबंधित जानकारियों की प्रविष्टि की जाती है। पिछले एक वर्ष में देशभर में इसकी एंट्री एवं गुणवत्ता को देखते हुए कुष्ठ की दवा एमडीटी के प्रबंधन का इस पोर्टल 2 के माध्यम से शुरुआत की जा रही है। देशभर में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सबसे पहले झारखंड राज्य को शामिल किया गया है। इसमें राज्य के सभी जिलों के एक एक प्रतिनिधि को निकुष्ट पोर्टल के लिए नामित भी किए जाएंगे। प्रशिक्षण में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कुष्ठ प्रभाग की दो परामर्शियों डॉ करूणा निधि कौर एवं डॉ श्वेता राणा द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बीएफओ कम एडमिन ऑफिसर रंजीत पाठक, डब्ल्यूएचओ से अभिषेक पॉल समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

# बाढ़ पीड़ितों का दर्द बांटने पंजाब पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

- **दो दिन बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा करेंगे, सेना के राहत बचाव कार्य की जानकारी लेंगे**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/नई दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बाढ़ पीड़ितों का दर्द बांटने आज पंजाब पहुंचे। श्री सेठ दो दिवसीय दौरे पर पंजाब पहुंचे हैं, जहां अमृतसर में उन्होंने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया। इसके साथ ही राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी ली। दो दिनों के इस दौर में श्री सेठ सेना के द्वारा चलाए जा रहे राहत व बचाव कार्यों का भी जायजा लेंगे और सैन्य जवानों से भी मिलेंगे। पंजाब के अमृतसर जिले के धांदाल, नेपाल, जस्तरवाल, करेयल, शाहपुर, भिंडीसायदा, चूंज सहित कई गांव में चल रहे राहत कार्य व बचाओ अभियान में शामिल भी होंगे। श्री सेठ ने पंजाब में बाढ़ के रूप में आई प्राकृतिक विभीषिका को बहुत दुखद बताया है और कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी केंद्र सरकार हर बाढ़ प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री ने बाढ़ से राहत के लिए 1600 करोड़ का पैकेज पंजाब को दिया है। बाढ़ की समस्या से पंजाब उबर सके, लोगों को राहत पहुंच सके; इसके लिए केंद्र सरकार हर संभव मदद को तैयार खड़ी है। इसी के तहत उनका यह दौरा बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में हो रहा है। यहां राहत और बचाव कार्य में शामिल भी होंगे। कार्यों की समीक्षा भी होगी।

श्री सेठ ने कहा कि सेना के जवान, एनडीआरएफ के जवान, भाजपा कार्यकर्ता, संघ के कार्यकर्ता और तमाम स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद को जो हाथ बढ़ाया है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है। सेना के जवान जो कार्य कर रहे हैं, वह किसी देवदूत के कार्य से काम नहीं है।


## आजसू पार्टी ने की डीएमएफटी फंड घोटाला की सीबीआई जांच की मांग

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ. लम्बोदर महतो ने बोकारो जिले के डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड में व्याप्त भारी



अनियमितताओं का खुलासा किया और सीबीआई जांच की मांग की है। आजसू पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री महतो ने आरोप लगाया कि पूरे राज्य में डीएमएफटी फंड में भारी घोटाला हुआ है। डॉ महतो ने बताया कि झारखंड को जुलाई के अंत तक 16,474 करोड़ रुपयों की राशि डीएमएफटी फंड के रूप में प्राप्त हुई, जो जिलों में खनन के एवज में केंद्र द्वारा आबंटित किया जाता है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इस फंड की जिलों में खुलेआम बंदरबांट और लूट का खेल बदस्तूर जारी है। जिस मकसद से यह राशि दी जा रही है, उसका लाभ आम जनता को नहीं बल्कि भ्रष्ट अफसरों को मिल रहा है। एक तरफ हेमंत सरकार खनिज रॉयल्टी नहीं मिलने का रोना रोती है, वहीं उसकी नाक के नीचे डीएमएफटी फंड की लूट जारी है।

## विधानसभा अध्यक्ष बेंगलुरु पहुंचे



**रांची।** 11 वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, इंडिया रीजन कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीद्रनाथ महतो गुरुवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रवाना होकर बेंगलुरु पहुंचे। यह तीन दिवसीय सम्मेलन बेंगलुरु में 11 से 13 सितंबर तक आयोजित है। इस सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष सहित अन्य राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष भाग ले रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष रबीद्रनाथ महतो सम्मेलन में विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चाः जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम विषय पर, व्याख्यान देंगे। सम्मेलन के उपरांत पोस्ट कॉन्फ्रेंस टूर की व्यवस्था की गई है ,जिसमें कर्नाटक राज्य के सांस्कृतिक धरोहर एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे।

### सांसद कला महोत्सव में 15 हजार बच्चों ने बनाई पेंटिंग

# सशस्त्र बलों के शौर्य और कार्यक्रम उत्सव है कला महोत्सव : संजय सेठ

- **ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी कलात्मकता का परिचय दे रहे रांची के बच्चे**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ के मार्गदर्शन में रांची में सांसद खेल महोत्सव के तहत चल रहे पेंटिंग कार्निवल 2025 में विद्यालय और विद्यार्थियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक रांची शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के तीन दर्जन विद्यालयों ने इसमें सहभागिता निभाई है और 15000 से अधिक विद्यार्थी अपनी कला प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। इस महोत्सव में सरकारी और गैर सरकारी दोनों ही विद्यालयों की सहभागिता हो रही है, जिसमें केंद्रीय विद्यालय, जिला स्कूल, डीएवी समूह के स्कूल, गुरु नानक स्कूल, टेंडर हार्ट स्कूल सहित कई विद्यालय शामिल हैं। अब तक हुए इस महोत्सव में सबसे अधिक सहभागिता सच्चिदानंद ज्ञान भारती स्कूल में 500, टेंडर हार्ट स्कूल में 1800, गुरु नानक हाई सेकेंडरी स्कूल में 800, डीएवी गांधीनगर में 2200, डीएवी हेहल में 1800 बच्चों की रही है। इसके अलावा प्रत्येक स्कूल में न्यूनतम 200 बच्चों की उपस्थिति रही है।

20 अगस्त से शुरू हुए इस महोत्सव में विद्यार्थियों और विद्यालयों के उत्साह को देखते हुए इसे 30 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के तहत प्रत्येक विद्यालयों में पांच अच्छे प्रतिभागियों का चयन किया जा रहा है, ऐसे सभी विद्यालयों से चयनित प्रतिभागियों के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जहां फिर से पेंटिंग कार्निवल कराया जाएगा। यह महोत्सव ऑपरेशन सिंदूर और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम के थीम पर आयोजित है। कार्यक्रम को लेकर रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सेना के द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई नहीं थी, यह देश की जनभावनाएं थी, जिसे हमारे सशस्त्र बलों ने धरातल पर उतरने का कार्य किया। सैन्यबलों के पराक्रम और शौर्य का उत्सव रांची में कला महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसके माध्यम से हमें हमारे बच्चों की कला प्रतिभाओं को भी देखने का अवसर मिल रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के प्रति बच्चों की सकारात्मक सोच सामने आ रही है और बच्चे सेना के शौर्य और पराक्रम से रूबरू हो रहे हैं।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की तैयारी पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डौ किरण कुमारी की अध्यक्षता में "स्वच्छता ही सेवा 2025" कार्यक्रम को सफल बनाने से संबंधित तैयारी पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा 2025" में वर्णित कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु विचार-विमर्श किया गया। इसके तहत मुख्यतः रांची नगर निगम क्षेत्र में सी.टी.यू. अर्थात् वैसे कचरे जिनका कई दिनों से किन्हीं कारणवश उठाव नहीं हो पाया है, को चिन्हित कर उनकी सफाई किया जाना है।

# केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री ने सीसीएल मुख्यालय में आईसीसीसी का किया उद्घाटन

- **सीसीएल के लाल और सीसीएल के लाडली के बच्चों से मुलाकात कर उन्हें पुस्तक की भेंट**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने गुरुवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची स्थित एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के अपर सचिव श्री सनोज झा, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन पीएम प्रसाद, सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह तथा मंत्रालय एवं सीसीएल-सीआईएल-सीएमपीडीआईएल-बीसीसीएल-ईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

यह अत्याधुनिक केंद्रीकृत निगरानी एवं सीसीएल के सुरक्षा, संपूर्ण परिचालन क्षेत्रों को कवर करेगा। इसमें कैमरा, सेंसर, ड्रोन तथा वाहन ट्रैकिंग सिस्टम से प्राप्त लाइव फीड को एकीकृत कर क्लाउड आधारित प्रणाली में प्रस्तुत किया गया है, जिससे वास्तविक समय पर निगरानी, जोखिम पहचान, घटना प्रबंधन एवं रिपोर्टिंग संभव होगी। एआई-आधारित वीडियो एनालिटिक्स, जीआईएस-सक्षम डिस्प्ले, अनुकूलन योग्य डैशबोर्ड एवं मल्टी-चैनल अलर्ट जैसी सुविधाओं से यह केंद्र परिचालन क्षमता, सुरक्षा और पारदर्शिता को नए स्तर पर ले जाएगा।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने आईसीसीसी की कार्यप्रणाली और उसकी तकनीकी विशेषताओं को विस्तार से जाना। मंत्री को आईसीसीसी की बारीकियों के बारे में एक वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से अवगत कराया गया। इस दौरान माननीय मंत्री ने सीसीएल मुख्यालय से ही पिपरवार क्षेत्र के अधिकारियों से सीधी बात की और इससे संबंधित अत्याधुनिक कार्यप्रणाली को विस्तार से भी जाना। इसके उद्घाटन के बाद यह उम्मीद की जा रही है कि पारदर्शिता और कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

## डीजीपी मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएंगे : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में डीजीपी नियुक्ति प्रकरण को लेकर भाजपा ने एक बार फिर हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि अपने अवैध और असंवैधानिक फैसलों पर पर्दा डालने के लिए हेमंत सरकार लगातार जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजीपी की नियुक्ति को चुनौती देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट में कंटेम्प्ट पिटीशन और झारखंड हाईकोर्ट में रिट पिटीशन दायर की थी। 18 अगस्त को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी को अपनी इच्छा से कंटेम्प्ट पिटीशन वापस लेने की अनुमति दी और साथ ही यह निर्देश दिया कि अब हाईकोर्ट में लंबित डीजीपी नियुक्ति मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट स्वयं करेगा। अजय साह ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट की इस प्रक्रिया को तोड़-मरोड़ कर राज्य सरकार ने पेश किया और अपने वकीलों तथा नेताओं के जरिए यह झूठ फैलाया गया कि बाबूलाल मरांडी की याचिका खारिज कर दी गई है। भाजपा ने उस समय ही इस भ्रामक प्रचार का खंडन किया था। अजय ने आगे कहा कि 10 सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पूरे मामले को सुप्रीम कोर्ट को हैंडओवर कर दिया है और अब सभी फाइलें एवं दस्तावेज सुप्रीम कोर्ट भेजे जायेंगे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हाईकोर्ट की इस कार्यवाही ने हेमंत सरकार की असलियत उजागर कर दी है। यह साबित हो चुका है कि डीजीपी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू से ही संदिग्ध रही है और प्रकाश सिंह केस के आदेशों का उल्लंघन करते हुए डीजीपी की नियुक्ति की गई। अजय साह ने यह भी सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री को यह देखना चाहिए कि कहीं उनकी कानूनी टीम ही उन्हें गुमराह कर सरकार को झूठे दावों के सहारे खड़ा तो नहीं कर रही।

जिला प्रशासन ने दुर्गा पूजा की तैयारियों का लिया जायजा, पंडालों का किया निरीक्षण

# श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संयुक्त रूप से रांची शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक शहर अजीत कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण, जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ. सुधेश कुमार, सहायक प्रशासक राँची नगर निगम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय, कार्यपालक अभियंता विद्युत, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान राँची के प्रमुख पूजा पंडालों रातु रोड, गौशाला रोड, बकरी बाजार, झंडा चौक डोरंडा, काली बाड़ी, जिला स्कूल, एवं अन्य स्थानों का जायजा लिया गया। उपायुक्त ने पूजा समितियों के सदस्यों को दुर्गा पूजा 2025 के आयोजन के लिए सुरक्षा, सुविधा, और व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

**सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित हो :** उपायुक्त ने सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंडालों में अग्नि सुरक्षा (फायर सेफ्टी) के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। प्रवेश और निकास व्यवस्था : उपायुक्त द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए प्रत्येक पंडाल में अलग-अलग एंट्री गेट और एग्जिट गेट की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

**विद्युत व्यवस्था:** दुर्गापूजा पंडालों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जेनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, विद्युत तारों और उपकरणों की सुरक्षा जांच पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

**सहयोग और समन्वय :** पूजा समितियों को जिला प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए संपर्क में रहने का निर्देश दिया गया।

### पूजा समितियों को जिला प्रशासन हर संभव सहायता देगी

उपायुक्त ने सभी पूजा समितियों से अपील की कि वे श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, ताकि दुर्गा पूजा का यह पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित, और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो। जिला प्रशासन ने कहा है कि दुर्गा पूजा 2025 के आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी और पूजा समितियों को हर संभव सहायता जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की जाएगी।

**पंडालों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए भी विशेष उपाय किए जाएंगे**

वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने पूजा समितियों से अपील की कि वे भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था में जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पंडालों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए भी विशेष उपाय किए जाएंगे।

23 सितंबर तक जमाबंदी कागजात प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि

## पंचशील नगर के चार अतिक्रमणकारियों को हेहल अंचल ने एक बार फिर भेजा नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




हेहल अंचल अधिकारी ने पंडरा स्थित पंचशील नगर चौक के चार अतिक्रमणकारियों को एक बार फिर नोटिस भेजा है और उन्हें 23 सितंबर तक जमाबंदी से संबंधित वैध कागजात प्रस्तुत करने को कहा है। वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की सूरत में अग्रतर कारवाई करने की बात कही गई है। विदित हो कि बरसात के दिनों में पंचशील नगर चौक में जल जमाव से एनएच 75 राजधानी रांची से कट जाता है। वहीं डालटनगंज, लोहरदगा रूट से आने वाली ऐंबुलेंस भारी जल जमाव में फंस जाती है। राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र ने इस विषय को गंभीरता से उठाया था और सीरियल में 28 खबरें प्रकाशित की थी जिसके बाद से कारवाई का दौर चला और अभी हालात यह है कि नाले की जमीन के वैध दस्तावेज देने में अतिक्रणकारी पीछे हट रहे हैं। वहीं पांच में से एक के अतिक्रमण की पुष्टि हो गई है और अंचल कार्रवाई में जुटी है। बाकी चार लोगों को दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की सूरत में बड़ी कार्रवाई की बात कही गई है। दबे जुबान में लोगों का कहना है कि नोटिस पर नोटिस देकर प्रशासन समय पार कर रही है और बरसात के बाद जब जल जमाव संबंधी समस्या नहीं होगी तो मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा जिससे समस्या ज्यों की त्यों बनी रहेगी।

**खबर का असर**

चान्हो प्रखंड का हाल-बेहाल

## वेतन भुगतान और इंटरनेट स्पीड की समस्या से जूझ रही हैं आंगबाड़ी सेविकाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**







**● उठते सवाल : इंटरनेट की स्पीड ही कम तो डेटा अपलोड आंगनबाड़ी सेविकाएं कैसे करे**

जिले के सूदूरवर्ती प्रखंड चान्हो में 155 आंगनबाड़ी केन्द्र है जिसमें से 152 केन्द्रों में सेविकाएं कार्यरत है। इन 152 सेविकाओं को पिछले तीन महीने से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। वहीं तकनीकी रूप से काम करने में ये पीछे हो जा रही हैं जिससे इस प्रखंड में सभी सेविकाओं को डेटा अपलोट करने में समस्या हो रही है। यूं तो इन्हें डेटा अपलोड करने के लिए 4 जी मोबाइल दिया गया है जो अभी के समय के लिए कारगर नहीं है। वहीं इंटरनेट की धीमी गति के कारण इंटरनेट का चक्का गोल-गोल घुमता रहता है और डेटा अपलोड नहीं हो पाता है। विदित हो कि आंगनबाड़ी सेविकाओं को घर घर जाकर आधार ई- केवाईसी, पोषण ट्रैकर एप में फेस कैप्चरिंग, फेस मैचिंग करने के लिए फोटो अपलोड करना होता है। बता दें कि पोषण ट्रैकर भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक मोबाइल-आधारित एप्लिकेशन है। यह आंगनवाड़ी केंद्रों और लाभार्थियों के लिए एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जो कुपोषण से लड़ने और पोषण सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह वास्तविक समय में बच्चों के पोषण, वृद्धि और सेवाओं के वितरण की निगरानी करता है, जिससे लाभार्थियों के लिए पोषण सेवाओं का कुशल वितरण सुनिश्चित होता है। सवाल उठता है कि इंटरनेट की स्पीड ही कम हो तो पोषण ट्रैकर ऐप में डेटा अपलोड आंगनबाड़ी सेविकाएं कैसे करेंगी। एक बार संबंधित जानकारी भरने के बाद अपलोड नहीं होने की सूरत में कई बार डेटा भरना होता है, फेस कैप्चरिंग और फेस मैचिंग करना होता है। नाम नहीं छापने की सूरत में बताया गया कि गांवों में लोग खेति-बारी के समय में अपना समय डेटा भरवाने के लिए नहीं देते है और सेविकाओं को कहते हैं कि बार-बार आपलोग फोटो खींचने और जानकारी भरने आ जाते हैं। काफी जद्दोजहद के बार जब पोषण ट्रैकर में डेटा अपलोड होता है तो चान्हो प्रखंड पिछड़ जाता है और पोषण ट्रैकर एप में लाल निशान लग जाता है। दिन-रात की इतनी भागदौड़ के बाद भी पिछले तीन महीने से आंगनबाड़ी सेविकाओं को वेतन नहीं मिला है। एक तरफ वेतन तो दूसरी तरफ इंटरनेट की स्पीड से पूरा प्रखंड जूझ रहा है जिसपर प्रशासन को ध्यान देने का आग्रह किया गया है।

## चैंबर चुनाव : टीम तुलसी पटेल ने अपर बाजार का किया पदयात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



चैंबर चुनाव 2025 को लेकर जनसंपर्क अभियान जोरों पर है। इसी कड़ी में बुधवार को टीम तुलसी पटेल के प्रत्याशियों ने अपर बाजार के विभिन्न क्षेत्रों में सघन पदयात्रा अभियान चलाया। भारी बारिश के बावजूद प्रत्याशियों और समर्थकों का उत्साह देखते ही बनता था। पदयात्रा की शुरुआत छगनलाल धर्मशाला से हुई, जहां से टीम के सदस्यों ने लालजी हीरजी रोड, एसएन गांगुली रोड, मारू भवन समेत अन्य व्यावसायिक इलाकों में व्यापारियों से मुलाकात की और उन्हें टीम के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

पदयात्रा के दौरान तुलसी पटेल ने कहा कि हमारा उद्देश्य व्यापारियों के हित में ठोस कार्य करना है। टीम तुलसी पटेल व्यापारियों की आवाज़ बनेगी और हर मंच पर उनके अधिकारों की रक्षा करेगी। टीम ने स्पष्ट किया कि यह चुनाव केवल प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि व्यापारिक समुदाय के भविष्य का चुनाव है। इसलिए सभी व्यापारियों से अपील की गई कि वे सोच-समझकर, सही टीम को चुनें जो वास्तव में उनकी भलाई के लिए प्रतिबद्ध हो। व्यापारियों से मिली प्रतिक्रिया सकारात्मक रही और कई स्थानों पर लोगों ने टीम के प्रत्याशियों का स्वागत किया। पदयात्रा में तुलसी पटेल ने संजय डालमिया, प्रकाश डालमिया, हेमंत पटेल, वरुण जालान, अजय गुप्ता, संजय पटेल, हरजीत सिंग स्विंकी, सोनू मक्कड़ आदि ने से मुलाकात की। मौके पर तुलसी पटेल, ज्योति कुमारी, दीनदयाल वर्णवाल, अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, अरुण भरतीया, विकास विजयवर्गीय, कमलेश संचेती, कुलवंत सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, मोनिका गोयनका, नवीन गाड़ोदिया, विकास झाझरिया, प्रकाश अग्रवाल समोता, विनीता सिंघानिया, संतोष कुमार अग्रवाल, विकास मोदी समेत कई लोग मौजूद थे।

जितिया व्रत पर्व 14 सितंबर को

## माताएं संतान की दीर्घायु एवं सुख- समृद्धि के लिए रखती है निर्जला व्रत: सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि जितिया पर्व 14 सितंबर दिन रविवार को है। जितिया व्रत हर वर्ष आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। हिंदू धर्म मे जितिया पर्व को जीवित्पुत्रिका व्रत और जिउतिया व्रत के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू सनातन धर्म का यह एक महत्वपूर्ण पर्व है जितिया पर्व मुख्य रूप से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश मे बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। इस वर्ष जितिया पर्व का आरंभ 13 सितंबर को नहाय-खाय के साथ होगा। इसके बाद 14 सितंबर को महिलाएं पूरे विधि-विधान से जीवित्पुत्रिका व्रत रखेंगी और अगले दिन यानी 15 सितंबर को व्रत का पारण कर व्रत संपन्न किया जाएगा। यह व्रत माताएं अपने पुत्रों की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और सुख समृद्धि के लिए करती है। इस दिन महिलाएं 24 घंटे तक निर्जला व्रत उपवास रखती है। जितिया व्रत की माताएं संतान की दीर्घायु, सुखी और निरोगी जीवन के लिए जितिया व्रत रखती है, व्रत वाले दिन महिलाएं नये वस्त्र धारण करती है।

**आज / कल**




## खाटू नरेश का हुआ केशर चंदन तिलक श्रृंगार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को श्याम प्रभु का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। ज्ञातव्य है कि भाद्रपद की पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण के कारण श्याम बाबा का महास्नान अनुष्ठान कराया गया था। संपूर्ण मंदिर परिसर को ग्रहण शुद्ध होने के बाद मंडल के सदस्यों ने मण्डल अध्यक्ष गोपाल मुरारका के दिशा निर्देश पर मंदिर परिसर की साफ सफाई रात्रि समय की थी। इसके पश्चात ब्रह्ममुर्त में मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा श्याम का महास्नान अनुष्ठान विधि विधान से सम्पन्न करवाया था। इसके बाद से ही बाबा श्यामल रूप में भक्तों को दर्शन दे रहे थे। आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्थी पर दोपहर के बाद बाबा श्याम का तिलक श्रृंगार किया गया। नवीन पोशाक बागा सेवा कुसुम कुमारी द्वारा निवेदित की गई थी। कोलकात्ता से मंगाए गए कमल फूल मुरुगन फूल लाल गुलाब पीला गेंदा तुलसीदल रजनीगंधा की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम को सजाया गया। सर्वप्रथम केशर एवं चंदन के मिश्रण से बाबा को अद्भुत रूप में सजाकर नवीन पोशाक बागा पहनाकर रूह इत्र की मालिश कर अन्य श्रृंगार एवं आभूषण पहनाकर पंचमेवा का भोग लगाया गया। संध्या 5.30 बजे के बाद जब पट खुले तो भक्तों ने बाबा के तिलक श्रृंगार के दर्शन किए। अमित अग्रवाल व मनीषा अग्रवाल ने पंचमेवा का भोग लगाया एवं शनिवार को बाबा श्याम एवं सभी देवी देवताओं सहित गुरुजनों को पहनाए जाने वाले नवीन पोशाक बागा का संकल्प पूजन करवाया।

**170 वां श्री श्याम भंडारा**

शनिवार 13 सितंबर को 170 वे श्री श्याम भंडारे की सेवा अमित अग्रवाल मनीषा अग्रवाल के परिवार के सदस्यों द्वारा निवेदित किया जाएगा। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को श्याम भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया है।

# श्री कृष्ण की लीलाओं को सुनकर धन्य हुए श्रद्धालु, रांची बना ब्रज धाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मारवाड़ी महिला मंच के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में गोवर्धन लीला में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मां चैतन्य मीरा के द्वारा वर्णन किया गया । गुरु मां के नाम से प्रसिद्ध मां चैतन्य मीरा ने कृष्ण जन्मोत्सव के पश्चात जब कृष्ण की बाल लीलाओं को बताया तो मानो ऐसा प्रतीत हुआ कि सभी ब्रज धाम में कान्हा के साथ-साथ उनकी लीलाओं का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब कंस ने पूतना को लाला के वध के लिए भेजा तो वह मनमोहक रूप धारण करके आई । कोई भी उसको पहचान नहीं सका। परंतु जैसे ही उसने कन्हैया को देखा अपना आने का कारण भूल गई और मातृत्व प्रेम दर्शाने लगी। परंतु जब उसे स्मरण हुआ तो उसने अपना विश् भरा दूध कान्हा को पिलाया परंतु ठाकुर ने पुतला का वध कर उसे अपने स्थान में निवास दिया ।क्योंकि कुछ क्षण उसने वह मातृत्व सुख प्राप्त किया था ।इसी हेतु प्रभु ने उसको अपने चरणों में स्थान दिया। यदि कोई क्षण भर भी प्रभु को अपना मान लेता है तो भगवान उसका साथ कभी नहीं छोड़ते ।ज् इस प्रकार श्री कृष्ण के द्वारा मारे गए अनेकों राक्षसों के वध की कथा को बताया। गुरु मां के द्वारा अंत में बताया कि किस प्रकार इंद्र का मानवर्धन करके उन्होंने समस्त बृजवासियों को गिरिराज पर्वत की पूजा करना बताया। जो उनको जितना देते हैं उससे कई गुना ज्यादा वह गिर्राज पर्वत हमें लौटा देते हैं ।उन्होंने बताया कि इस कलयुग में गिर्राज पर्वत, यमुना महारानी और तुलसी मैया साक्षात समक्ष देवता है ।जिन्हें पूजने से समस्त विकारों का नाश हो होता है । सभी भक्तों के द्वारा गिरिराज जी की सुंदर झांकी के दर्शन किए गए। उन्हें 56 भोग लगाया गया और गिरिराज धरण में हूं तेरी शरण जैसे भजनों के माध्यम से भक्ति रस में और स्रोत होकर आनंद प्राप्त किया: कथा के दौरान समिति की बहनों द्वारा नेत्रदानअंगदान त्वचा दान आदि के पोस्टर द्वारा लोगों को जागरूक किया आ गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपा अग्रवाल,अनसूया नेवटिया, अलका सरावगी, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, नैना मोर,प्रीती बंका,मंजू केडिया, बीना मोदी, रीना सुरेखा, बीना बूबना,प्रीती पोद्दार, शोभा हेतमसरिया, मीरा टिंबरेवाल, करुणाअग्रवाल ,सीमा टॉटीया, प्रीती अग्रवाल, मीना अग्रवाल, रेनू राजगढ़िया, पूनम टेकरीवाल, रेखा अग्रवाल छाया अग्रवाल, सीमा पोद्दार, सुनैना लॉयलका, प्रीति फोगला, रीता केडिया, शशि डागा, सरिता मोदी ,प्रीति केडिया, बबीता नारसरिया, जय बिजावत, सुषमा पोद्दार, मंजू गाड़ोदिया आदि बहने शामिल थी।



## एसबीआई महिला समिति ने अपना घर आश्रम को दी वॉशिंग मशीन

# मानव सेवा की अनुकरणीय मिसाल पेश

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की महिला समिति ने मानव सेवा की अनुकरणीय मिसाल पेश करते हुए पुंदाग स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) को एक वॉशिंग मशीन, एक मिक्सी एवं आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान की। यह सहयोग दिव्यांग एवं निराश्रित जनों की सेवा के लिए प्रदान किया गया, जिससे आश्रम में निवास कर रहे 40 से अधिक दीनबंधुओं को दैनिक जीवन में सुविधा प्राप्त होगी। इस पुनीत कार्य के लिए ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने महिला समिति का आभार व्यक्त करते हुए उनके सेवा भाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग से न केवल संसाधनों की पूर्ति होती है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता एवं दायित्वबोध का संदेश भी प्रसारित होता है सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम वर्षों से दिव्यांग एवं निराश्रितों की सेवा में संलग्न है, और एसबीआई महिला समिति का यह योगदान उनके प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाएगा। यह सेवा भाव सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर-ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, प्रवक्ता संजय सर्राफ, पुजारी अरविंद पांडेय, महेश वर्मा,मुरली प्रसाद,सुधीर कुमार, सत्यम कुमार,परमेश्वर साहु,आशीष कुमार एसबीआई महिला समिति की उपाध्यक्ष राजश्री, सचिव उषा रानी, रेनू बरनवाल, मालती, रेनू सिन्हा, विनीता, कंचन, प्रीति, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## नौसेना कमांडर आयुष रंजन का निधन समाज की अपूरणीय क्षति : अजय राय



रांची/जमशेदपुर। रांची में बसे सेवानिवृत डीएसपी राय मनोरंजन प्रसाद एवं मीना राय के इकलौते सुपुत्र, भारतीय नौसेना के कमांडर आयुष रंजन (39 वर्ष) का गुरुवार को बेंगलुरु स्थित कमांड हॉस्पिटल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। नौसेना के नेतृत्व में बेंगलुरु में ही उनकी अंत्येष्टि संपन्न हो रही है। आयुष रंजन मूलतः भरथुआ-कल्याणपुर बिहार के निवासी थे। लोयोला स्कूल जमशेदपुर से शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने भारतीय नौसेना में प्रवेश कर देश की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनकी देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता और समर्पण भाव हमेशा स्मरणीय रहेंगे। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कमांडर आयुष रंजन का निधन समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक गहरी छती है।

ऐसे जांबाज और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति दें और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।" समाज इस कठिन घड़ी में परिवार के साथ है और आयुष रंजन के योगदान को हमेशा याद रखेगा।

## न्यूज बॉक्स

### कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपाईयों ने प्रखंड मुख्यालय को घेरा



**लापुंग।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए राज्यपाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी लापुंग को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार पर तीखे आरोप लगाए गए हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उनका दावा है कि सरकार के संरक्षण में अपराधी, माफिया, दलाल और बिचौलिए पूरे सरकारी तंत्र पर हावी हो गए हैं। जो भी इन आपराधिक गतिविधियों का विरोध करता है, उसे नृशंस हत्या, झूठे मुकदमे, धमकी या फिरौती जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में सरकारी रजिस्टरों में दर्ज आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया है कि राज्य में हर महीने 5,000 से अधिक गैर-जमानती आपराधिक मामले, जैसे हत्या, लूट, बलात्कार और डकैती, दर्ज किए जा रहे हैं। ये आंकड़े राज्य की बिगड़ती स्थिति को दर्शाते हैं। कार्यकर्ताओं ने सूर्या हांसदा की हत्या की जांच के अलावा, नगड़ी के रैयतों की जमीन का मुद्दा भी उठाया है। उनका आरोप है कि रिम्स-2 के नाम पर किसानों की जमीन जबरन छीनी जा रही है। उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि इस मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिया जाए कि किसानों को उनकी छीनी गई जमीन वापस दिलाई जाए।

### चान्हो में दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**चान्हो।** दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक बुधवार को थाना परिसर में हुई। सीओ संजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में हमेशा की तरह दुर्गा पूजा को शांति व सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने पूजा समिति के लोगों से दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर पंडाल निर्माण, विसर्जन जुलूस के रूट व अन्य जानकारी हासिल की साथ ही पूजा पंडाल में सीसीटीवी लगाने, अफवाहों से बचने एवं पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का सहयोग करने का त्का आह्वान किया। मौके पर बीडीओ बरुन कुमार, सांसद प्रतिनिधि मो गेयास, अजीत कुमार सिंह, शिव उरांव, राजीव गुप्ता, अविनाश गुप्ता, अरविंद सिंह, नारायण साहू, नागेंद्र शाही, कयूम अंसारी, हाफिज कलाम, अभिषेक शर्मा आदि मौजूद थे।

### एचडीएफसी हाइब्रिड इक्विटी फंड के स्थापना के 25 वर्ष पूरे, मना जश्न



**रांची।** एचडीएफसी हाइब्रिड इक्विटी फंड ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर पीएमपीके वेल्थ प्राइवेट लिमिटेड और एचडीएफसी म्युचुअल फंड, रांची शाखा ने इसका जश्न मनाया। पीएमपीके वेल्थ के निदेशक प्रदीप जैन ने बताया कि इस फंड को 11 सितंबर 2000 को लॉन्च किया गया। यह फंड 24,000 करोड़ से अधिक एसेट अंडर मैनेजमेंट के साथ देशभर के लाखों निवेशकों के पोर्टफोलियो का अहम हिस्सा बन चुका है। यह एक एग्रेसिव हाइब्रिड फंड है, जिसमें वर्तमान में लगभग 70 प्रतिशत निवेश इक्विटी में और 30 प्रतिशत डेट में किया गया है।

### बीएयू के पूर्व कुलपति डॉ एमपी पांडेय का निधन विवि में शोक सभा का आयोजन



रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ एमपी पांडेय के निधन पर गुरुवार को विश्वविद्यालय के प्रबंध पर्षद कक्षा में एक शोक सभा हुई। सभा में कुलपति डॉ एससी दुबे सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनके मानवीय गुणों, प्रशासनिक क्षमता और वैज्ञानिक अवदानों को याद किया तथा 2 मिनट का मन रखकर उनकी आत्मा की शांति और सद्गति के लिए प्रार्थना की। उनका निधन 8 अक्टूबर को काठमांडू में हो गया था जहां वह अपने छोटे पुत्र के पास स्वास्थ्य लाभ करने गए थे। उनका जन्म भी 8 सितंबर को ही वर्ष 1946 में प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश में हुआ था। वह वर्ष 2011 से 2014 तक बीएयू के कुलपति थे। इसके पूर्व वह इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के भी कुलपति रह चुके थे। अपने करियर की शुरुआत उन्होंने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड से सहायक प्राध्यापक के रूप में की थी। बाद में वह वहां आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग के अध्यक्ष बने और राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक, उड़ीसा के निदेशक रहे। विजिटिंग साइंटिस्ट के रूप में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, फिलिपींस में भी कार्य किया तथा संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन के परामर्शी भी रहे। भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ के महासचिव तथा इंडियन सोसाइटी ऑफ जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दी। एक पौधा प्रजनन विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने चावल और दलहनी फसलों के 20 प्रभेद विकसित किये जिन्हें देश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए जारी किया गया।

### दीपोत्सव मेले की तैयारियां जोरों पर

रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का दीपोत्सव मेला 4 अक्टूबर से हरमू रोड स्थित दिगम्बर जैन भवन में लग रहा है। मेले की तैयारियां जोरों से चल रही है। मेले में डेकोरेटेड दीया, बंदनवार, भगवान के पोशाक, कुर्ती, बेडशीट, होम मेड आइटम वगैरह के स्टॉल रहेगा। मेले में शॉपिंग के अलावा फ़ूड स्टॉल एवं गेम्स भी रहेगा। स्टॉल की बुकिंग जारी है। कई स्टॉल बुक भी हो गए हैं। शाखा अध्यक्ष पुजा अग्रवाल ने कहा कि बहुत सीमित स्टॉल बचे है। जल्द से जल्द स्टॉल बुक करवाएं।

## कांके में भाजपा का जनआक्रोश प्रदर्शन सीबीआई जांच की उठी मांग



**पिठौरिया।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार गुरुवार को रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्र के 18 प्रखंडो मे "जनआक्रोश प्रदर्शन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसी कड़ी में कांके प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे भी तीन सूत्री मांगो को ले कर "जन आक्रोश प्रदर्शन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी शामिल हुए. पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व मे सैकड़ो कार्यकर्त्ता और ग्रामीण प्रखंड कार्यलय मे राज्य सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी करते हुवे पहुंचे. इस दौरान प्रशासन के तरफ से भी किसी तरह के उग्र प्रदर्शन से निपटने के लिए कार्यालय परिसर मे पहले से ही पुलिस जवान कि तैनाती कि गई थी. मौके पर सभी प्रदर्शनकारियों ने प्रखंड परिसर मे ही धरने पर बैठ कर राज्य सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजिया की . बाद में तीन सूत्री मांग पत्र राज्यपाल के नाम कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया. मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर को फर्जी एनकाउंटर बताते हुए सीबीआई जांच की मांग की. पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने बताया कि, सूर्य हांसदा के एनकाउंटर के दिन 40-50 के संख्या में सूर्य हांसदा को छुड़ाने के नियत से पुलिस पर फायरिंग की गई. जवाबी कार्रवाई मे सूर्या हांसदा को गोली लगी और उसकी मौत हो गई. अगर यह बात सत्य है तो पुलिस अभी तक उन अज्ञात 40-50 लोगों में से किसी एक को भी ढूंढने क्यों नहीं सकी.

# टीम आदित्य मल्होत्रा ने व्यापारियों से मांगा समर्थन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आगामी चैंबर चुनाव को लेकर गुरुवार को टीम आदित्य मल्होत्रा ने जोरदार पदयात्रा अभियान चलाया। अभियान के तहत प्रत्याशियों ने अपर बाजार के जैन मंदिर रोड, जेजे रोड, कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट तथा वेस्ट मार्केट सहित विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों में गहन जनसंपर्क किया। इस दौरान टीम ने चैंबर के सदस्यों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उन्हें अपना विजन को बतलाया और समर्थन की अपील की। व्यापारियों ने भी खुले दिल से टीम का स्वागत किया और उन्हें पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष पद के दावेदार आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि चैंबर में व्यावसायिक समुदाय की आवाज को मजबूती से उठाना और सभी व्यापारियों के हित में पारदर्शी एवं निष्पक्ष कार्य प्रणाली लागू करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि उनकी टीम व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगी और चैंबर को एक सशक्त और सक्रिय संस्था बनाएगी। टीम आदित्य मल्होत्रा के प्रत्याशियों ने भागचंद पोद्दार, पवन पोद्दार, पवन मुरारका, शिव शंकर साबू, रंजीत बुधिया, सुरेश जैन, गगनदीप सिंह सेठी, परमजीत भसीन, संदीप नागपाल, अजीत सेठी, ललित जैन, संजय जैन, कमल जैन, उज्जवल जैन, हरजीत सिंह, हेमंत साबू, विक्रम साबू, के सिंघानिया, एस जैन, निखिल पोद्दार, अंजय सरावगी समेत हज़ारों मतदाताओं से संपर्क साधा। पदयात्रा में आदित्य मल्होत्रा, नवजोत अलंग रूबल, रोहित अग्रवाल, रोहित पोद्दार, मुकेश अग्रवाल, डॉ अभिषेक रामधीन, राम बांगड़, प्रवीण लोहिया, सुनील सरावगी, संजय अखौरी, अनिल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, आस्था किरण, सीए जेपी शर्मा, नवीन जैन,अनीश बुधिया, मनीष सराफ, अमित किशोर अग्रवाल, पूजा ढाढा, साहित्य पवन, निधि झुनझुनवाला समेत अन्य लोग शामिल थे।

## महासभा ने स्वामी विवेकानंद को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने शिकागो विश्व धर्म संसद की 132वीं वर्षगांठ पर हिनू में स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। मौके पर महासभा के जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वामी जी ने अपनी ओजस्वी वाणी से उन्होंने भारतवर्ष की सनातन संस्कृति से संपूर्ण विश्व को अवगत करवाया। उनकी वाणिया विश्व बंधुत्व की भावना से ओत -प्रोत थी वर्तमान स्थिति में जो समस्त विश्व की स्थिति है। इस परिस्थिति में स्वामी विवेकानंद के कहे गए विश्व धर्म संसद में कहे गए बातों का विश्व बंधुत्व की भावना आज सर्वाधिक प्रासंगिक है। उन्होंने समस्त धर्म के अनुयायियों के प्रति अपनी श्रद्धा और निष्ठा प्रकट करते हुए कहा कि सभी धर्म का एक ही उद्देश्य है मानवता की रक्षा और संपूर्ण जगत में विश्व बंधुत्व की भावना को स्थापित करना। प्रेम कुमार सिन्हा ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वामी जी भारत के पहले सन्यासी हैं जिन्होंने हिंदू धर्म से विश्व को अवगत करवाया।

## दुर्गा पूजा पंडाल में 24 घंटे सतर्कता सुनिश्चित करने का निर्देश

## उच्च न्यायालय व जिला प्रशासन के आदेशों का पालन अनिवार्य



**खलारी।** इस वर्ष की दुर्गा पूजा के दौरान सार्वजनिक हित और शांति-सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए खलारी थाना में पूजा समितियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख पूजा पंडालों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने सभी समिति पदाधिकारियों को झारखंड उच्च न्यायालय और जिला प्रशासन के दिए गए दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए उनके सख्त पालन को अनिवार्य किया। थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा पंडाल में कलश स्थापना के दिन से ही सुनिश्चित किया जाएगा कि 24 घंटे किसी भी समय पंडाल वीरान न रहे। हर पंडाल में कम से कम एक जिम्मेदार कार्यकर्ता की सतत उपस्थिति होगी। समय-समय पर पुलिस गश्ती दल द्वारा निरीक्षण भी किया जाएगा। झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशानुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग पूरी तरह वर्जित रहेगा। आवश्यक सुरक्षा उपायों में सीसीटीवी कैमरे लगाना, अग्निशमन यंत्र और सूखे बालू से भरी बाल्टी पंडाल में रखना अनिवार्य किया गया है।

### कुएं में डूबने से सेरो निवासी लोकनाथ उरांव की मौत अंतिम संस्कार में शामिल हुए उप प्रमुख

**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र के ग्राम सेरो गांव के एक कुंए से बुधवार को एक शव बरामद किया गया।शव की पहचान लोकनाथ उरांव पिता सुखदेव उरांव ग्राम सेरो थाना नरकोपी निवासी के रूप में हुई थी। स्वजनों के अनुसार लोकनाथ उरांव कुएं में नहाने गया था, इसी दौरान उसे अटैक आ गया और वह कुंआ में डूब गया। उप प्रमुख मुदस्सिर हक के सहयोग से पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेजा गया। आज गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में बेड़ो के उप प्रमुख मुदस्सिर हक़ शामिल हुए। मृतक के परिवार को आर्थिक सहयोग भी किया और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिए।

### प्रशासन ने रिसालदार शाह बाबा के मजार पहुंचकर व्यवस्था का लिया जायज़ा

**रांची।** सालाना उर्स की आज से शुरुआत हो गई। पहले दिन उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा द्वारा रिसालदार शाह बाबा के मज़ार पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया गया। दरगाह कमेटी के सदस्यों से बातचीत करते हुए उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने एक बार फिर से आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन की ओर से विधि-व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सुविधा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा, कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गयी है कि वे अमन-चौन और भाईचारे के माहौल में उर्स मुबारक में शामिल होकर इस ऐतिहासिक परंपरा को और मजबूत बनाएं। इस दौरान उनके साथ अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक शहर अजीत कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं दरगाह कमिटि के सदस्य उपस्थित थे।

## भारी बारिश में कच्चा मकान हुआ पूरी तरह ध्वस्त

# रूगुटोली में भीषण वज्रपात से पति-पत्नी हुए घायल

नवीन मेल संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। मची अफरातफरी। भारी बारिश की चपेट में आने से दानेकेरा में देर शाम एक कच्चा मकान ध्वस्त हो गया। वहीं भीषण वज्रपात की चपेट में आने से दानेकेरा रुगुटोली के 40 वर्षीय सुकरा मुंडा एवं उनकी पत्नी उर्मिल मुंडा जल गए। अफरा तफरी के बीच दोनों को लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। खबर लिखे जाने तक दोनों का प्राथमिक उपचार चल रहा था। वज्रपात के कारण दोनों का शरीर झुलस गया था। वहीं दूसरी ओर दानेकेरा में राजेन्द्र सोनी का कच्चा मकान बारिश की चपेट में आकर भर-भराकर गिर गया। हालांकि उसे समय घर के अंदर कोई नहीं था जिसके कारण जान माल की क्षति नहीं हुई। लेकिन घर के ध्वस्त होने से राजेन्द्र का आशियाना उजड़ गया। मिट्टी का कच्चा मकान होने के बावजूद उसे न अबुआ आवास का लाभ मिला और न प्रधानमंत्री आवास योजना का ही लाभ मिला। राजेन्द्र सोनी ने सरकार और सरकार के प्रतिनिधि से पक्का मकान दिलाने की मांग की है। लगातार दूसरे दिन भारी बारिश के कारण लापुंग में जन जीवन अस्त-व्यस्त देखा गया। खबर मिलने पर कातिंगकेला के जूनियर वैध खिलेश्वर सिंह खेरवार, पड़हा राजा सुरेश मुंडा और जगरनाथ उरांव पीडित घर पहुंच और उन्हें आर्थिक मदद दी।

**जागरूकता** — डीपीएस में शिक्षकों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला

# मानसिक स्वास्थ्य हमारे संपूर्ण कल्याण का अभिन्न हिस्सा है : डॉ जया चौहान

नवीन मेल संवाददाता

- **टेली-मानस के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला हमारे शिक्षकों को छात्रों में परेशानी के सूक्ष्म संकेत पहचानने और उन्हें सहयोग देने के लिए सही दृष्टिकोण अपनाने की महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है।**




**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ने विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह पर अपने शिक्षकों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला टेली-मानस के सहयोग से आयोजित की गई — जो कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 24×7 मानसिक स्वास्थ्य सुविधा है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रभर में समग्र मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। इस पहल का मकसद शिक्षकों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें छात्रों के सहयोग के लिए आवश्यक ज्ञान व रणनीतियों से सशक्त करना था। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. प्रीथा रॉय (वरिष्ठ परामर्शदाता मनोचिकित्सक, टेली-मानस, मेंटरिंग इंस्टीट्यूट, सीआईपी, रांची) और झिमली चटर्जी (मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, टेली-मानस, राज्य सेल, झारखंड) उपस्थित रहीं। कार्यशाला की शोभा राधिका एल. टक (काउंसलर) और निशा मिश्रा (काउंसलर) ने बढ़ाई, जिनके अनुभव और सुझावों ने चर्चा को और समृद्ध किया।

यह सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक और सहभागितापूर्ण रहा, जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई । इस अवसर पर डीपीएस की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने कहा, "मानसिक स्वास्थ्य हमारे संपूर्ण कल्याण का अभिन्न हिस्सा है, फिर भी अक्सर इसे नज़रअंदाज या गलत समझा जाता है। शिक्षक होने के नाते हमारी ज़िम्मेदारी केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि हमें भावनात्मक रूप से संतुलित, दृढ़ और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व का निर्माण भी करना होता है। टेली-मानस के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला हमारे शिक्षकों को छात्रों में परेशानी के सूक्ष्म संकेत पहचानने और उन्हें सहयोग देने के लिए सही दृष्टिकोण अपनाने की महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है। आज के समय में, जब बच्चे बहुत कम उम्र से ही तनाव और दबाव का सामना करने लगते हैं, तो हमारे लिए आवश्यक है कि हम अपनी कक्षाओं में एक सुरक्षित, सहानुभूतिपूर्ण और सहयोगात्मक वातावरण तैयार करें। मेरा मानना है कि मानसिक स्वास्थ्य कोई वर्जित विषय नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा संवाद है जिसे दयालुता और करुणा के साथ लगातार आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे इस सीख को आगे बढ़ाएँ और सुनिश्चित करें कि डीपीएस रांची का प्रत्येक बच्चा मानसिक तौर पर स्वस्थ महसूस करे।

# एनजीडीआरएस वाद में आए आवेदनों पर उपायुक्त न्यायालय में हुई सुनवाई

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** एनजीडीआरएस (नेशनल जेनेरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम) वाद में आए आवेदनों पर गुरुवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के न्यायालय में सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिबंधित श्रेणी की भूमि को सूची से हटाने के निमित्त आए आवेदनों पर सुनवाई की गई। प्रतिबंधित श्रेणी की भूमि में गैरमजरूआ खास, आम, जंगल, झाड़ी निमित्त विभिन्न विभागों हेतु अर्जित भूमि को सम्मिलित किया गया है। इसी में कुछ एंट्री भूल वश गलत हो गई हो अथवा भूमि का पार्शियल ना होकर पूरा प्लॉट लॉक हो गया हो वैसे मामले में विभागीय निर्देश एवं संकल्प के अनुसार आवेदक से आवेदन लेकर जांच कर सुनवाई अंचलों से जांच प्रतिवेदन प्राप्त कर करवाई जाती है। इसके पश्चात सभी पक्षों को ध्यान में रखकर वैसे भूमि को विमुक्त करने की कार्रवाई की जाती है अथवा रद्द करने की कार्रवाई की जाती है। इस दौरान ऐसे कुल 15 मामलों पर आज सुनवाई की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

## स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं : विधायक

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में अस्पताल के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य का शिलान्यास मांडू विधायक निर्मल महतो ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया। अस्पताल में उन्नयन कार्य ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा डीएमएफटी मद से करीब 52 लाख रूपये की लागत से कराया जाएगा। मौके पर विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सड़क मुलभूत आवश्यकताएं है। इनमें स्वास्थ्य क्षेत्र सर्वोपरी है। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने की पहल की जा रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होने से मरीजों को निजी अस्पतालों का रूख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय रूप से मुफ्त एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेगी। अस्पताल आने वाले मरीजों को सुलभ स्वास्थ्य सुविधा मिले। इसके लिए डीएमएफटी मद से स्वास्थ्य ढ़ांचे को बेहतर किया जा रहा है। उन्नयन कार्य पूर्ण होने के पश्चात मरीजों को कई तरह की बेहतर सुविधा प्रदान होगी। इसके उपरांत विधायक ने अचलजामो पंचायत के बसरियाटांड पहुंचकर 63 केवीए ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। मौके पर कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरूण कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार, भाजपा अध्यक्ष केबी मंडल, दिनेश कुमार, प्रवीण मंडल, महादेव देहाती समेत कई लोग मौजूद थे।

## बरही में सड़क हादसे में महिला की मौत, छह वर्षीय बालक गंभीर



**बरही।** जीटी रोड स्थित बरसोत पुल के पास पिकअप वाहन की चपेट में आने से रानीचुंवा निवासी गुड़िया देवी पति लक्ष्मण तुरी की मौत हो गई। जबकि उनका छह वर्षीय पुत्र अनीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरुवार को गुड़िया देवी अपने पुत्र के साथ पैन कार्ड बनाने के लिए करियातपुर गई थी। फॉर्म भरकर घर लौटने के दौरान बरसोत पुल के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने गुड़िया देवी को मृत घोषित कर दिया, वहीं अनीश को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ समय के लिए सड़क जाम कर दिया और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। घटना स्थल पर बरही पुलिस पहुंचकर पिकअप वाहन एवं चालक को पकड़कर थाना ले आई। इधर अचानक हुए हादसे से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मृतिका बेहद गरीब और असहाय परिवार से थीं। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गाजो टुडू अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार की स्थिति को बेहद दयनीय बताते हुए स्थानीय प्रशासन से तत्काल राहत और मुआवजा देने की मांग की।

### दुर्गा पूजा को लेकर एसडीओ ने की बैठक आयोजित कहा

# प्रशासन के सभी निर्देशों का पालन करना होगा

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** आगामी दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ जोहन टुडू ने की, जिसमें पूजा पंडालों से जुड़ी गाइडलाइंस, सुरक्षा व्यवस्था, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, बालू के अवैध उत्खनन और राजस्व वसूली जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि दुर्गा पूजा में पंडाल आयोजकों को प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। उन्होंने साफ तौर पर निर्देश दिया कि विधि-व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पंडालों में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए अग्निशमन की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित की जाए। एसडीपीओ अजित कुमार बिमल ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। दुर्गा पूजा के दौरान भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष पेट्रोलिंग और यातायात व्यवस्था मजबूत की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि एनजीटी को लेकर बालू के अवैध उत्खनन पर प्रशासन लगातार निगरानी रखेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में राजस्व से जुड़े मामलों पर भी चर्चा हुई। एसडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाए और राजस्व वसूली की रफ्तार को तेज किया जाए। सभी विभागों को आपसी तालमेल से कार्य करने पर बल दिया गया, ताकि दुर्गा पूजा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। बैठक में एसडीपीओ अजित कुमार बिमल, एलआरडीसी अजय भगत, बरही सीओ चंद्रशेखर कुणाल, चौपारण सीओ संजय यादव समेत अनुमंडल के सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, विद्युत विभाग, बीएसएनएल, जल पथ, एनएचएआई के पदाधिकारी, प्रधान लिपिक तुलसी श्रीवास्तव, प्रभारी गोपनीय निशांत कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूल में रंगोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़ ।** गुरुवार को राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्ष और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने हेतु सुलेख लेखन, चित्रकला, कार्ड मेकिंग, कार्टून कैरेक्टर मेकिंग, मास्क मेकिंग एवं टैटू कला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया । इस अवसर पर बच्चों ने अपनी कल्पना- शक्ति और कला- कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सुलेख प्रतियोगिता में छात्रों ने सुंदर, स्पष्ट एवं आकर्षक लेखन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामाजिक सरोकार, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक धरोहर जैसे विषयों पर रंग- बिरंगी चित्र - कृतियां बनाई। वहीं, टैटू कला प्रतियोगिता में बच्चों ने रचनात्मकता का परिचय देते हुए अनूठे डिजाइन प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती ने विद्यार्थियों की कला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देते हैं और उनमें आत्मविश्वास का संचार करते हैं। मौके पर विद्यालय प्रशासक के एन सिंह, समस्त शिक्षकवृंद एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मुखिया ने 102 स्कूली बच्चों के बीच किया साइकिल का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी ने 102 स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण करते हुए कहा कि झारखंड सरकार विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्नति का पहिया योजना के माध्यम से बच्चों को स्कूल आने जाने में सुविधा होगी और उनकी शिक्षा में भी सुधार होगा। बच्चों को अपने घर से दूर स्थित विद्यालयों में पढ़ने के लिए अब पैदल नहीं जाना पड़ेगा। वहीं साइकिल पाकर स्कूली बच्चे काफी उत्साहित दिखे। मौके पर प्रधानाध्यापक महेश चौधरी, शिक्षिका मोनिका कुमारी, रुक्मिणी देवी, अंजू देवी, दिनेश प्रसाद, सुंदर तुरी, कोलेश्वर महतो, सुखदेव प्रसाद समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने पर दी बधाई

**विष्णुगढ़।** भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन के निर्वाचित होने पर जमशेदपुर कलाकार मंच एवं भाजपा कलाकार मंच की टीम ने बधाई दी है। दोनों मंचों के कलाकार बुधवार को विष्णुगढ़ स्थित आरसी प्रसाद के आवासीय परिसर में शामिल थे। कलाकारों ने एनडीए प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। इनमें मंच के प्रदेश मंत्री सपन गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता कुमारी शिल्पी नमता एवं संगठन प्रभारी शकुंतला देवी बाग के अलावा सुमंत कुमार पाठक, नागेन्द्र सिंह, उपेन्द्र पटेल, शिवपूजन पांडेय, बालेश्वर ठाकुर, महेश रजक, गंगा गोरई, सुभाष प्रमाणिक, ज्योति दास, फूलमणि दास, सीमा नमता, बापी नमता, स्नेहा भूमिज, पुष्पलता बाला भूमिज आदि शामिल हैं।

### उत्क्रमित मवि में अभिभावक और शिक्षकों की हुई बैठक

## बच्चों के भविष्य के लिए नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की गई

नवीन मेल संवाददाता

- **5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का नामांकन एवं निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य है**



**रामगढ़।** गुरुवार को उत्क्रमित मध्य मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में अभिभावक और शिक्षकों की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया । अभिभावकों और शिक्षकों का स्वागत बाल संसद के सभी पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर किया। बैठक की शुरूआत संस्कृत गीत कृष्णाष्टकम से बाल संसद द्वारा किया गया। विषय प्रवेश प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कराया । उन्होंने कहा कि विद्यालय में सहज वातावरण का निर्माण करना ,5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का नामांकन एवं निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य है। कहा की अभिभावक को विद्यालय के साथ मिलकर छात्रों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के संबंध में जागरूक किया गया। ताकि हम बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकें।इस क्रम में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर उत्कृष्ट चित्रांकन प्रतियोगिता के लिए चार छात्राओं चंचल कुमारी ,तान्या कुमारी ,प्रिया कुमारी और अनीशा कुमारी को अभिभावकों के हाथों पुरस्कृत किया गया । बैठक सफल बनाने में शारदानंद शर्मा ,गौतम कुमार गुप्ता ,जेठूलाल मांझी, और प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने योगदान दिया।

## चेडरा पंचायत सचिवालय की रखी आधारशिला

**विष्णुगढ़।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में चेडरा पंचायत सचिवालय की आधारशिला रखी गई। मांडू विधायक निर्मल महतो ने शिलापट् का अनावरण कर इसका शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि विष्णुगढ़ का प्रखंड सह अंचल मुख्यालय चेडरा पंचायत में अवस्थित है। इसके बावजूद मुख्यालय क्षेत्र वाले पंचायत में पंचायत भवन का न होना काफी अफसोसजनक है। पूर्व के किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस पर पहल नहीं की। मामला संज्ञान में आने के बाद मेरे प्रयासों से चेडरा में पंचायत सचिवालय भवन निर्माण की शुरूआत होने जा रही है। अभी तक यह वैकल्पिक रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में स्थित अतिथि गृह में संचालित है। अब पंचायत भवन का निर्माण हो जाने से स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत ग्रामीणों को सुविधा होगी। पंचायत भवन को अत्याधुनिक सुविधाओं से भी लैस किया जाएगा।कई सुसज्जित

# विवाहिता की मौत पर मायके वालों ने ससुराल वालों पर जहर खिलाकर मारने का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता

- **मायके वालों ने आरोप लगाया कि विगत 3 वर्षों से उनका दामाद विकास यादव का किसी गैर लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था, उनकी पुत्री जब विरोध किया तो उसे मारा पीटा जाता था**



**बरही।** डपोक गांव में विषपान से एक विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है। मृतिका की पहचान रंजू देवी पति विकास यादव के रूप में हुआ। इस बाबत मृतिका के पिता बरही थाना क्षेत्र के बूढ़ीडीह निवासी शिव सहाय यादव पिता स्वर्गीय बढ़न यादव ने बरही थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया कि वह अपनी पुत्री रंजू देवी कि शादी हिन्दू रिति रिवाज के साथ विकास यादव पिता स्व. रामचन्द्र यादव, ग्राम डपोक, पोस्ट चुगलामों, थाना बरही के साथ वर्ष 2013 में किया था। शादी के उपरान्त उनकी पुत्री के दो पुत्र आर्यन यादव, अभिनव यादव है। आरोप लगाया कि विगत 3 वर्षों से उनका दामाद विकास यादव का किसी गैर लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था, उनकी पुत्री जब विरोध कि तो उनके दमाद विकास यादव, सास विमला देवी, देवर संदीप यादव एवं चचेरा देवर संतोष यादव पिता धानेश्वर यादव के द्वारा मारपीट किया जाता था, इस बात को लेकर कई बार महिला थाना बरही में आवेदन देकर अपना जीवन की रक्षा का गुहार लगाई थी। बताया कि सुलहनामा बनाकर उसके पति अपने घर ले गए थे। आरोप लगाते हुए बताया कि बुधवार शाम करीब 5 बजे उनकी पुत्री अपनी मां को फोन करके बताई कि उनका पति, सास, देवर संतोष यादव एवं संदीप यादव मारपीट कर रहे हैं और कमरा में बंद कर दिये हैं और धमकी दे रहे हैं कि जान से मार देंगे। उनकी पत्नी ने पुत्री को समझाया कि आराम से रहो कुछ नहीं होगा। शाम 7:30 बजे उनकी छोटी पुत्री ममता कुमारी अपने जीजा को हाल चाल पुछने के लिए फोन की तो उसने बताया कि तुम्हारी बहन कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती है, इस बात की सूचना तुरन्त उनकी छोटी पुत्री ने फोन पर दिया। तो मैं अपने परिवार के साथ सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचा और देखा कि उनकी पुत्री का हालात बहुत नाजुक है, उन्हें पता चला कि उनकी पुत्री को खाना में जहर मिलाकर खिला दिया गया है। नाजुक स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल कोडरमा ने रांची रेफर कर दिया। रांची जाने के दौरान स्थिति बहुत नाजुक हो गई, जिसके कारण जीवन ज्योति अस्पताल तिलैया में ही भर्ती करना पड़ा। इस दौरान रात्रि 2 बजे विविधता की मृत्यु हो गई। वही उन्होंने आरोप लगाया है कि उक्त सभी लोगों के द्वारा खाना में जहर मिलाकर उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। इधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, प्राथमिक दर्ज कर ली गई है, मामले की छानबीन की जा रहीं है।

## डाड़ी प्रखंड में आदि कम्रयोगी अभियान को लेकर कार्यशाला

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड सभागार में गुरुवार को आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला लगाया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीडीओ अनुप्रिया ने किया। इसके बाद आदि कर्मयोगी अभियान के बारे में जानकारी दी गई। बीडीओ ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य आदिवासी ग्रामों तक सरकार की सभी योजनाओं को पहुंचाना है। प्रत्येक ग्राम में 20 सदस्यीय आदि साथी दल का गठन किया जाना है। कार्यक्रम जनजातिय कार्य मंत्रालय भारत सरकार से आयोजित किया गया है। जिसमें सांस्कृतिक रुप से जुड़े हुए सामजस्य पूर्ण अभिसरण उन्मुख जमीनी स्तर पर नेतृत्वकर्ताओं को एक समुह तैयार करते हुए जनजातियों क्षेत्रों में अंतिम छोर तक सेवाएं और योजनाएं पहुंचाना है।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व मुखिया के श्राद्ध कर्म में जनप्रतिनिधि समेत दर्जनों लोग हुए शामिल



**बरकट्ठा ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोनहारा खुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया रघुनाथ सिंह के श्राद्धकर्म एवं ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सैकड़ों लोग सम्मिलित होकर उनके स्मृति चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुण्यात्मा के शांति हेतु प्रार्थना किया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा, सतीश सिंह, पुरोहित संजय पांडेय, मुकेश सिंह, झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता, झुरझुरी पंचायत अध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद, राजकुमार चौधरी, जितेंद्र उर्फ ढिल्लू गुप्ता, प्रमोद दास, समन्तो प्रजापति, शिक्षक शंकर गुप्ता, प्रेम उर्फ मुन्ना सिंह, कपिलदेव यादव, आदित्य सिंह, किशोर पासवान, बिनोद पासवान, अजय गुप्ता, पंकज गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भाजपा कैंट मंडल व ग्रामीण मंडल ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन




**रामगढ़।** भाजपा कैंट मंडल व ग्रामीण मंडल ने कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह के नेतृत्व में 11 सितंबर को आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन स्वर्गीय सूर्या हंसदा एनकाउंटर को लेकर किया । इस संबंध में पार्टी सदस्यों ने कहा की सूर्या हांसदा की फर्जी मुठभेड़ में हत्या कर उसे एनकाउंटर बताया जा रहा है । जो गलत है। कहा की इस मुद्दे पर पार्टी द्वारा पूरे राज्य में आक्रोश प्रदर्शन किया जा रहा है। पूरे मुख्य अतिथि राकेश प्रसाद ने कहा की झारखंड सरकार मनमानी कर रहे है। कहा एक आदिवासी परिवार के सूर्या हांसदा को की फर्जी मुठभेड़ में हत्या कर सरकार उसे एनकाउंटर बता रही है। यह सूर्या हांसदा के साथ पूरे आदिवासी समाज के साथ अन्याय है। जिसकी जांच सीबीआई द्वारा कराई जाए । ताकि सच्चाई सामने आ सके। राकेश प्रसाद ने कहा कि झारखंड में लूट और भय का माहौल बना हुआ है। आए दिन लूट और डकैती की घटना हो रही है। राज्य में बालू ,पत्थर ,लोहा ,कोयला की लूट मची है। कहा कि यदि इसपर लगाम नही लगाया गया तो पार्टी इसके विरूद्ध चरणबद्ध आंदोलन करेगी। आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम 11:00 बजे प्राचीन दुर्गा मंदिर, बिजुलिया के निकट से होते हुए रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय पहुंचा। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलराम प्रसाद, कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, शर्मा,धीरज साहू,सत्यजीत सिंह, मोहन पांडे,नरेश साहू अमित ठाकुर आदि शामिल हुए।

### गोरहर नदी में बहा ट्रैक्टर, चालक सुरक्षित

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर नदी में गुरुवार को एक ट्रैक्टर बह गया। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर मालिक गुलाम अंसारी बालू लाने के लिए नदी गए थे। इस बीच अचानक पानी का बहाव तेज हो गया और ट्रैक्टर धारा में बह गया। गनीमत रही कि चालक सुरक्षित बाहर निकल आया।स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के दिनों में नदी पार करना जोखिम भरा होता है। ऐसे में वाहन मालिकों और चालकों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

### खाली जर्जर आवास गिरने से 3 की मौत

**धनबाद ।** धनबाद में बड़ा हादसा हुआ है। दो बच्चों समेत की तीन की मौत हो गई है। हादसा लोदना ओपी क्षेत्र में हुआ है। लोदना 4 नंबर बाई क्वॉर्टर में बड़ा हादसा हुआ है। बीसीसीएल के पुराने खाली पड़े जर्जर आवास (खिलान धौड़ा) में बारिश से बचने के लिए बच्चे समेत बड़े लोग भी खड़े थे। इसी दौरान अचानक उस आवास की छत बारिश में गिर गई।इस हादसे में दो बच्चों समेत 3 बच्चे की मौत हो गई है।वहीं 3 लोग घायल हैं।

### पंचायत सचिवालय में आजीविका महिला समूह का संकुल स्तरीय बैठक का हुआ समापन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के कोनहारा खुर्द पंचायत सचिवालय में आजीविका महिला का संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति बरकट्ठा क्लस्टर लेबल फेडरेशन के द्वारा वार्षिक आम सभा समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, कोनहारा खुर्द पंचायत मुखिया मुन्नी देवी उपस्थित थे। समारोह का संचालन करुणा टूटी और बबिता देवी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक अनिता कुमारी के द्वारा वार्षिक आम सभा के बारे में विस्तार पूर्वक से जानकारी दिया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि यह देखकर बहुत ही खुशी होती है कि महिलाएं समुह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही है। महिलाओं को जो सीआईएफ और बैंक लिंकेज का राशि मिला है उसका उपयोग आजीविका बढ़ाने में करना चाहिए। सभी महिलाएं समूह से जुड़कर अपना और अपना परिवार का आजिविका बढ़ाने में सहयोग कर रही है। मुखिया मुन्नी देवी ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं कोई भी कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। और आत्मनिर्भर बन रही है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा, जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक धर्मवीर कुमार,सीएलएफ लेखपाल संजू कुमारी समेत आदि महिला समूह के सदस्य उपस्थित थे।

### सुइयाडीह को सूची से बाहर रखने पर नाराजगी, सूची में शामिल करने की मांग

**गिद्दी।** इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के जिला संयोजक सुनील किस्कू ने कर्मयोगी अभियान चलाने के लिए जारी सूची में सुइयाडीह गांव के नाम नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। सुनील किस्कू ने कहा कि कर्मयोगी अभियान के तहत आदिवासी के समग्र विकास के लिए योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड कर्मियों ने जो सूची जारी किया है उसमें आदिवासी गांव सुइयाडीह का नाम नहीं है, जो सरासर गलत है। टोंगी पंचायत में चार राजस्व गांव टोंगी आते हैं।

# अबुआ आवास से लेकर अवैध कब्जे तक, जनता दरबार में उठे जमीनी मुद्दे

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा के दिशा-निर्देशन में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र ने समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। अपर समाहर्ता ने प्रत्येक आवेदक की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में विभिन्न प्रकार की समस्याएं सामने आईं। इसमें अंतरजातीय विवाह के तहत मिलने वाले लाभ उपलब्ध कराने, मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को पुनः चालू करने, अवैध शराब निर्माण एवं गांजा बिक्री पर रोक लगाने, सरकारी तालाब की मरम्मति करने, जमीन की लगान रसीद जारी करने, अबुआ आवास योजना की राशि गलत खाते में भुगतान होने से जुड़ी समस्या, भारी बारिश से टूटे बांध की मरम्मति कराने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने तथा खतियानी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे से संबंधित आवेदन शामिल रहे।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर और पिकअप जब्त, अग्रेतर कार्रवाई जारी

**सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के लरबा मोड़ के समीप खनन निरीक्षक सुभम दत्ता और कोलेबिरा अंचल अधिकारी अनुप कच्छप ने संयुक्त रूप से कारवाई कर अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर और सीज किए हुए बालू को लोड करते हुए पिकअप को पकड़कर कोलेबिरा थाना को सुपुर्द कर दिया। इस संबध में अंचल अधिकारी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र से लगातार अवैध बालू की ढुलाई की सूचना प्राप्त हो रही थी। वहीं कुछ ट्रैक्टर मालिकों के द्वारा बालू की ढुलाई पर अबुआ आवास व अन्य सरकारी योजनाओं में भी मोटी रकम ली जा रही थी। जिसकी सूचना पर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि बालू माफिया बेतरतीब तरीके से बालू का अवैध उत्खनन से कर पर्यावरण को नुकसान क्षति पहुंचा रहे है। कहने को तो अवैध उत्खनन पर रोक लगाई गई है। परंतु तेजी से बालू का अवैध उत्खनन जिले में अब भी जारी है। अवैध रूप से उत्खनन कर बालू माफिया मोटी रकम ले रहे हैं और मालामाल हो रहे हैं।

## डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में मोबाइल एडिक्शन पर नाटक प्रस्तुत



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को मोबाइल फोन की लत पर एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। यह नाटक प्रार्थना सभा के दौरान मंचित किया गया, जिसे विद्यालय की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने देखा। प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मोबाइल की लत बच्चों और युवाओं के जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है।नाटक देखने के बाद छात्र-छात्राओं ने मोबाइल के दुष्प्रभावों को गंभीरता से समझा। विद्यालय के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे पहले विज्ञान को लेकर कहा जाता था, वैसे ही आज मोबाइल के लिए यह कथन उपयुक्त है मोबाइल इज ए बैड मास्टर बट ए गुड सर्वेंट उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मोबाइल का प्रयोग सकारात्मक कार्यों में किया जाना चाहिए ताकि यह हमारे जीवन को बेहतर बनाए, न कि नुकसान पहुँचाए।

## पूर्णिया जिला की चुनावी ऑब्जर्वर बनीं सीमा सीता एक्का

**सिमडेगा।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस महिला मोर्चा ने संगठनात्मक जिम्मेदारियों का बंटवारा किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लामा ने सिमडेगा की महिला जिलाध्यक्ष सीमा सीता एक्का को पूर्णिया जिला का चुनावी ऑब्जर्वर नियुक्त किया है।इस नियुक्ति के बाद सीमा सीता एक्का अब पूर्णिया जिले में महिला मोर्चा की चुनावी गतिविधियों की निगरानी करेंगी। वे संगठन को सशक्त बनाने, चुनावी रणनीति तय करने और स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संवाद बनाए रखने का कार्य करेंगी।नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए सीमा सीता एक्का ने कहा कि वह आलाकमान द्वारा दिए गए विश्वास और जिम्मेदारी के लिए आभारी हैं।

## सिमडेगा पुलिस की सराहनीय पहल 66 गुमशुदा मोबाइल किए बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** अपराध नियंत्रण और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सिमडेगा पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने जिले के विभिन्न थानों में दर्ज शिकायतों और तकनीकी जांच के आधार पर 66 चोरी एवं गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए।बरामद मोबाइल फोन गुरुवार को नगर भवन, सिमडेगा में आयोजित समारोह में उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। मोबाइल पाकर लाभुकों के चेहरे पर खुशी और संतोष झलक उठा। कई लोगों ने कहा कि उन्होंने अपना फोन वापस मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस की मेहनत और अथक प्रयास से उन्हें अपनी अमूल्य संपत्ति फिर से मिल गई।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सिमडेगा पुलिस जनता की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "मोबाइल सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि उसमें आपकी यादें, संपर्क और जीवन के अहम हिस्से जुड़े होते हैं। हमारा उद्देश्य केवल मोबाइल लौटाना नहीं, बल्कि आपके चेहरे की मुस्कान लौटाना है।"उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि किसी का मोबाइल चोरी हो जाए या गुम हो जाए तो तुरंत नजदीकी थाना में शिकायत दर्ज करें या सीईआईआर पोर्टल पर जानकारी अपलोड करें, ताकि पुलिस त्वरित कार्रवाई कर सके।

## न्यूज बॉक्स

### लगातार बारिश से कोलेबिरा बेहाल, पुराना बाजार में जाम और दिन में छाया अंधेरा

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पहाड़ी इलाकों में पानी तेजी से बह रहा है, लेकिन समतल क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति गंभीर हो रही है। गुरुवार को हुई भारी बारिश से पुराना बाजार में दोपहर में ही अंधेरा छा गया। चारों ओर पानी भरने से घंटों तक जाम लगा रहा। मजबूरी में लोगों को दिन में ही वाहन की लाइट जलाकर चलना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बारिश का यही क्रम जारी रहा तो आने वाले दिनों में स्थिति और खराब हो सकती है।

### कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत बोलबा में पुरुष व महिला हॉकी टूर्नामेंट संपन्न

**बोलबा।** मोर पुलिस, मोय पुलिस के बैनर तले पुलिस-पब्लिक सद्भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोलबा थाना अंतर्गत पिड़ियापोंछ पारिस मैदान में 5 सितंबर से पुरुष एवं महिला हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। गुरुवार, 11 सितंबर को हुए समापन समारोह में सिमडेगा पुलिस अधीक्षक ने फाइनल मैच का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग की कुल 72 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबलों में पुरुष वर्ग में ओडिशा की सागजोर टीम ने झारखंड की सिंगार क्लब बेलकुबा को हराकर खिताब जीता। महिला वर्ग में टैंसेर ने किरेलेगा, ओडिशा को हराया, जबकि अन्य मुकाबले में रेंगार बहार गिरजा टोली ने किरेलेगा को पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।समापन समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल पुलिस और जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करते हैं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की सीख मिलती है।टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों को मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी जागरूक किया गया। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि इस तरह के आयोजन आगे भी जारी रहेंगे, ताकि खेल के माध्यम से समाज में सद्भाव और जागरूकता का संदेश फैलाया जा सके।

### दुर्गा पूजा को लेकर केरसई थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**केरसई।** थाना परिसर में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर आज शांति समिति की बैठक अंचल अधिकारी देवकांत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक मे शांति पूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा ने कहा कि क्षेत्र में सभी पर्व त्योहार सभी समुदाय के लोग मिलजूल कर आपसी भाईचारे से मनाते आ रहे हैं और आगे भी मनाते रहेंगे ऐसा मेरा पूर्ण विश्वास है। अंचलाधिकारी देवकांत सिंह ने कहा कि विधि व्यवस्था के लिए प्रशासन को जनता का सहयोग आवश्यक है। इसमें क्षेत्र के लोग सहयोग करते रहे हैं। यहाँ के लोग शांति प्रिय हैं । सभी धर्मा के लोग एक दूसरे के पर्व में शामील होते हैं । किसी भी समस्या को आपस में मिल बैठ कर समाधान करते हैं,वही सोसल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें,किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें किसी भी प्रकार का वाद विवाद होने पर थाना को तुरंत सूचना दें साथ ही पूजा के दौरान शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगी। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा शांति समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

### जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित

**सिमडेगा।** स्थित जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अब्राहम केरकेट्टा ने की। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की नियमित उपस्थिति से बच्चों की समस्याओं का समाधान संभव है। सहायक शिक्षक सह एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार ने उपस्थिति, अनुशासन और परीक्षा फॉर्म से संबंधित निर्देशों पर चर्चा की। उन्होंने 75% उपस्थिति को अनिवार्य बताया और अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।व्यावसायिक प्रशिक्षक अमन राज ने आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मल्टीमीडिया, हेल्थ एंड ब्यूटी और रिटेलर जैसे पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। शिक्षक अजीत कीड़ो ने 10वीं और 12वीं के फॉर्म भरने एवं APAAR आईडी की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। सीआरसी रीना पुरी ने विद्यालय को सहयोग देने की अपील की। शिक्षक संजीव कुमार ने रेल परीक्षा एवं बच्चों की प्रगति पर चर्चा की।बैठक में शिक्षिका अर्चना मधु बागे, शशिप्रभा तोपनो, ईवा जोजो, बसंती प्रधान, सोनी सुचिता मिंज, संध्या एक्का, सुमंत कुमार सिंह, विक्रांत खाखा, कांति किरण बिलूंग, निलेश होता, शिवानी कुमारी, रिया कुमारी और राहुल कुमार उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय एकता और भाषा का महत्व–हिंदी पखवाड़े पर विद्यालय में परीक्षा आयोजित

**कोलेबिरा।** हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा में राजभाषा हिंदी एवं हिंदी व्याकरण संबंधी परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय पुस्तकालय में हुई इस परीक्षा का संचालन हिंदी विभाग के प्रभारी आशुतोष कुमार पांडे ने किया। इसमें सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कार्यालय कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर हिंदी के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।परीक्षा के दौरान प्रतिभागियों ने गंभीरता और आत्मविश्वास के साथ प्रश्नपत्र हल किए। सभी के चेहरों पर एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा स्पष्ट झलक रही थी। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिन्हा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल शिक्षकों व कर्मियों में हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाती है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करती है।यह आयोजन राष्ट्रीय भाषा हिंदी के सम्मान और उत्थान की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ, जो निश्चित रूप से अनुकरणीय मिसाल है।

### जेएलकेएम प्रखंड कमेटी बानो ने चलाया सदस्यता अभियान

**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र के डुमरिया पंचायत में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पार्टी द्वारा विशाल सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पार्टी की नीतियों व विचारधारा से जुड़ने का संकल्प लिया।बैठक को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि जीलकेएम गाँव-गाँव और प्रखंड-प्रखंड में सदस्यता अभियान चला रही है, ताकि वर्ष 2029 तक एक मजबूत संगठन खड़ा किया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता की समस्याओं को सामने लाएँ और संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ।बैठक में जेएलकेएम ज़िला अध्यक्ष कुमार ब्रज किशोर, केंद्रीय संयुक्त संगठन महासचिव मनीष कुमार साहू, ज़िला संयोजक सह मीडिया प्रभारी मुन्ना कुमार, महासचिव विक्रम महतो, एसटी मोर्चा अध्यक्ष सुरेश तोपनो, एससी मोर्चा अध्यक्ष विजय नायक, उपाध्यक्ष पवन कुमार, बजरंग साहू, बानो प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

### बानो में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**बानो।** दुर्गा पूजा समिति समडेगा-बानो की बैठक दुर्गा पहाड़ी मंदिर परिसर में समिति अध्यक्ष विकास साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एकादशी से विजयदशमी तक भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। अष्टमी की संध्या को स्थानीय बच्चों द्वारा धार्मिक नृत्य तथा नवमी को डांडिया नृत्य का आयोजन होगा। विजयदशमी पर रावण दहन और रात्रि में हिंदी व नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।3 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। अध्यक्ष विकास साहू ने भक्तों से प्रतिमा विसर्जन में भाग लेने की अपील की। बैठक में गंधर्व सिंह, तिलकु चौरसिया, विश्वनाथ बड़ाईक, टीपी मनोहरण, संतोष साहू सहित कई सदस्य उपस्थित थे।सांस्कृतिक कार्यक्रम में लिटिल स्टार म्यूजिकल के कलाकार—चिंता देवी, केशो देवी, सरस्वती बुनकर, कयूम अब्बास, पंचम राम, बीरेंद्र मिश्रा, रतन बड़ाईक और डांसर दिव्या एंड संगम व मिस पायल प्रस्तुति देंगे। मांदर सम्राट हुलास भी अपनी कला का जादू बिखेरेंगे। कार्यक्रम का संचालन संजय उरांव करेंगे और साउंड सिस्टम की जिम्मेदारी बिनोद साउंड बानो की होगी।

## पंचायत में कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन

## ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रखंड के कोनमेरला पंचायत में लीड्स संस्था द्वारा कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम आयोजित गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की मुखिया अनिमा तोपनो के द्वारा किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को वर्तमान में पंचायत स्तर पर चलाई जा रही मनरेगा योजनाओं की जानकारी दी और मनरेगा में काम मांगने के लिए जागरूक किया। वहीं लीड्स संस्था के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना, मनरेगा, प्रवासी मजदूर निबंधन, निर्माण श्रमिक निबंधन, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, जन वितरण प्रणाली से जुड़े योजनों की जानकारी दी गई और इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। पंचायत सचिव निर्मला तोपनो ने ग्रामीणों को आबुआ आवास, पीएम आवास और मनरेगा से जुड़े योजनाओं की जानकारी दी। रोजगार सेवक राम कुमार गुप्ता ने मजदूरी भुगतान को लेकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। लीड्स की जूही कुमारी और ललिता कंडुलना ने ग्रामीणों को आत्मा, कृषि विभाग से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। संस्था के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने कहा कि आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के जागरूकता अभियान से जुड़े और भी कई कार्यक्रम का आयोजन किया।

## सिमडेगा भाजपा ने किया प्रदर्शन राज्यपाल के नाम सौपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के आह्वान पर जिले के सभी प्रखंडों में गुरुवार को आक्रोश प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने सूर्या हांसदा की कथित फर्जी एनकाउंटर की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।जिला स्तरीय कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी मुनेश्वर साहू ने किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में विधि-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। भ्रष्टाचार और अपराध अपने चरम पर है। साहू ने आरोप लगाया कि सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा ने अवैध खनन और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी, इसी कारण उन्हें फर्जी मुठभेड़ में मार दिया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि आदिवासियों की खटियानी जमीन छीनी जा रही है। विकास के नाम पर रैयतों के साथ छल हो रहा है। उन्होंने मांग की कि नगड़ी में जमीन रैयतों को वापस दिलाई जाए।विभिन्न प्रखंडों में कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकाला और नारेबाजी की।पाकरडांड प्रखंड में श्रद्धानंद बेसरा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।कुरडेग प्रखंड में सकल राम बड़ाईक के नेतृत्व में धरना हुआ। जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा और अन्य नेताओं ने भाग लिया।बानो प्रखंड में पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने पदयात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने सरकार पर आदिवासी नेताओं की हत्या और जमीन छीनने का आरोप लगाया।सभी प्रखंडों में भाजपा नेताओं ने कहा कि सूर्या हांसदा को न्याय दिलाने और आदिवासियों की जमीन बचाने के लिए आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रमों में जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रयास महामंत्री दीपक पुरी ,मार्गेट बा पिंकी, राकेश रविकांत, फुलसुंदरी देवी महावीर बड़ाईक, मुकेश मिश्रा, रवि वर्मा, घनश्याम सिंह, दिलीप कुमार मुकेश पांडा ,हंसा रानी सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पोषण माह पर 150 परिवारों को मिला राहत राशन

नवीन मेल संवाददाता




**ठेठईटांगर।** पोषण माह के अवसर पर संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने इंडिया रूरल अपलिफ्टमेंट इनीशिएटिव के तहत "कुपोषण मुक्त भारत" अभियान को गति देते हुए बच्चों और परिवारों के लिए राहत राशन वितरण किया। इस दौरान सिमडेगा जिले के मेरोमडेग और टुकुपानी पंचायत स्थित चार आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े 150 परिवारों को राशन उपलब्ध कराया गया।संस्था के सचिव प्रियंका सिन्हा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करना और परिवारों को पोषण के प्रति जागरूक बनाना है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक रोहित कुमार, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर हेमंत राम, पंचायत प्रमुख शकुंतला सिंह, पंचायत कोऑर्डिनेटर शांति देवी समेत कई कार्यकर्ताओं और वालंटियर्स ने सक्रिय भूमिका निभाई।इस अवसर पर माता समिति की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। माताओं को बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी दी गई तथा उनसे आंगनबाड़ी केंद्रों की सुविधाओं का नियमित उपयोग करने का आग्रह किया गया।संस्था का मानना है कि कुपोषण के खिलाफ लड़ाई केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए सामुदायिक स्तर पर जागरूकता और सहभागिता जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में निर्णय लिया गया कि भविष्य में ऐसी गतिविधियों को और अधिक विस्तार दिया जाएगा, ताकि सिमडेगा जिला एक कुपोषण मुक्त मॉडल के रूप में सामने आ सके।

## शहर में पेयजल संकट गहराया, खाली बर्तन लेकर सड़क पर उतरे लोग

नवीन मेल संवाददाता


● टैंकर से पानी मिलने के बाद खुला जाम

**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र में लगातार 12 दिनों से पेयजल सप्लाई बाधित रहने से नाराज़ स्थानीय लोग गुरुवार की सुबह खाली डब्बा, बाल्टी और बर्तन लेकर सड़क पर उतर आए। कांग्रेस नेता प्रदीप केशरी के नेतृत्व में गुलज़ार गली की महिलाओं और पुरुषों ने नगर परिषद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि लंबे समय से पानी की सप्लाई बंद है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी पर बुरा असर पड़ा है। घरों में खाना बनाने से लेकर पीने के पानी तक की भारी किल्लत हो गई है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बीच में उपायुक्त के हस्तक्षेप के बाद एक दिन पानी सप्लाई किया गया, लेकिन अगले ही दिन से फिर सप्लाई बंद हो गई। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद उनकी समस्याओं के प्रति पूरी तरह लापरवाह है और बार-बार की शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।गुलज़ार गली की महिलाओं ने बताया कि पानी की कमी से बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। वहीं लोगों ने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र ही पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।सीता देवी ने कहा"बारह दिन से पानी बंद है। हमें दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह बड़ी समस्या है।माधुरी देवी नगर परिषद को हमारी कोई चिंता नहीं है। एक दिन पानी सप्लाई करने के बाद फिर बंद कर दिया गया।

**स्नेह मिलन** संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय लचरागढ़ में शिक्षक-छात्रा-अभिभावक मिलन समारोह

# अनुशासन, और परीक्षा तैयारी पर शिक्षकों ने दिया मार्गदर्शन

● सिस्टर सुषमा तिग्गा द्वारा स्वागत भाषण व विद्यालय प्रतिवेदन के साथ

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय परिसर में शिक्षक-छात्रा सह अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुषमा तिग्गा द्वारा स्वागत भाषण एवं विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत करने से हुई।विद्यालय की शिक्षिका अर्चना मधु बागे ने विद्यार्थियों को अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया, जबकि शिक्षिका शशि प्रभा तोपनो ने अभिभावकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। शिक्षक रोशन स्टेफन हस्सा ने परीक्षा की तैयारी एवं पैटर्न की जानकारी साझा की। इस दौरान वर्ग नवम् एवं दशम के विद्यार्थियों को प्रगति पत्र वितरित किए गए। परिणामों में दशम (ए) की शशि तोपनो, सुरानी लुगुन और साक्षी कुमार नायक क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। दशम (बी) से श्रेया कुमारी, अंकिता इंदवार और रानी कुमारी, जबकि नवम् (ए) से अनुपमा लुगुन, प्रियंका कुमारी और संचना डुंगडुंग विजेता रहीं। नवम् (बी) से लुसिया सिंदुरिया, रूमूल कंडुलना और जिदनी गुड़िया क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं।

## संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय लचरागढ़ में फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय के मैदान में विद्यालय स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार को खेला गया। इस रोमांचक मैच में लाल दल ने पीला दल को 4-3 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुषमा तिग्गा उपस्थित थीं। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया और संबोधन में कहा कि छात्राएं खेल के माध्यम से भी कैरियर बना सकती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देने की प्रेरणा दी।फाइनल मैच के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीम को खस्सी देकर सम्मानित किया गया। मैच के रेफरी की भूमिका रोशन और प्रमोद ने निभाई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सिस्टर अंजलिना मिंज, शशिप्रभा तोपनो, अर्चना मधु बागे, सत्या सपना खाखा, रोशन स्टेफन हस्सा, प्रतिमा तिर्की, सहित अन्य शिक्षकों व अभिभावकों का अहम योगदान रहा।

## धनबाद जिला परिषद की परिसंपत्तियों की सीबीआई या ईडी से जांच कराने की मांग

# 250 दुकानों की हेराफेरी की हो सीबीआई जांच

नवीन मेल संवाददाता




**धनबाद।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक में परिसंपत्तियों पर अधिकार को लेकर काफी गहमागहमी देखने को मिली. सदस्यों ने कहा कि परिसंपत्तियों पर अधिकार नहीं होने के कारण विकास योजनाओं पर इसका सीधा असर पड़ रहा है. साथ ही जिला परिषद को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है. बोर्ड की बैठक में जिला परिषद सदस्यों ने परिसंपत्तियों की जांच सीबीआई या ईडी से कराने की मांग की. जिला परिषद सदस्य विकास महतो ने बोर्ड की बैठक में बैनर-पोस्टर के साथ परिसंपत्तियों की जांच ईडी या सीबीआई से कराने की मांग की है. विकास महतो की मांग पर ज्यादातर सदस्यों ने अपनी सहमति जताई. जिप सदस्य विकास महतो ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि हमने परिसंपत्तियों की जांच ईडी और सीबीआई से कराने की मांग की है. राज्य सरकार की जांच एजेंसी पर उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि एसीबी 2011 से जांच कर रही है, लेकिन उनकी जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है. जिला परिषद की संपत्ति हमेशा से ही विवादों में रहा है. टेक्सटाइल मार्केट, सिटी स्टाइल, कांग्रेस भवन, यूनियन क्लब और धनबाद क्लब जैसी जितनी भी परिसंपत्ति है उन पर हमारा अधिकार नहीं है. वह हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है. लिहाजा, जिला परिषद के अस्तित्व को बचाने के लिए परिसंपत्तियों की जांच ईडी या सीबीआई से कराने की मांग की गई है. उन्होंने कहा कि जिला परिषद की 1200 दुकानों में से 250 दुकानें गलत तरीके से चल रही हैं. जिन्हें दुकानें मिली हैं, वह दूसरों को अधिक दरों पर दुकानें बेच रहे हैं. पहले ऐसी दुकानों को सील करने की जरूरत है,उसके बाद फिर उसका आवंटन किया जाना चाहिए. जिला परिषद की एक भी विवाह भवन को अब तक रेंट पर नहीं लगाया जा सका है. वहीं बोर्ड की बैठक के बाद धनबाद विधायक राज सिन्हा ने भी जिला परिषद सदस्यों द्वारा उठाई गई ईडी या सीबीआई जांच की मांग को सही ठहराया है. उन्होंने कहा कि जिला परिषद की परिसंपत्तियों पर जिस तरह से लोगों ने कब्जा जमाकर कर रखा है,उसकी उच्चस्तरीय जांच की जरूरत है.

## कबाड़ी संचालकों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**देवघर।** नगर निगम कार्यालय सभागार में नमस्ते (एनएएमएएसटीई) योजना के तहत कबाड़ी खरीदने वाले संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक नगर आयुक्त सह प्रशासक रोहित सिन्हा के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार द्वारा की गई। इस दौरान नगर प्रबंधक सतीश कुमार दास नोडल पदाधिकारी के रूप में मौजूद रहे। इस बैठक में देवघर नगर निगम क्षेत्र के कुल आठ कबाड़ी संचालकों ने भाग लिया। मौके पर सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम द्वारा इन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से कैसे लाभान्वित किया जा सकता है, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। कहा कि नमस्ते योजना का मुख्य उद्देश्य कचरा चुनने वाले एवं कबाड़ी कार्य करने वाले श्रमिकों को सम्मानित जीवन प्रदान करना, उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना तथा उनके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका की दिशा में सकारात्मक पहल करना है। उन्होंने उपस्थित सभी कबाड़ी संचालकों से कहा कि नगर निगम निरंतर प्रयासरत है कि समाज के सभी वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसी कड़ी में कबाड़ी व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि नमस्ते योजना अंतर्गत कबाड़ी संचालकों को स्वास्थ्य बीमा, पेंशन, बैंकिंग सेवाओं, आयुष्मान भारत योजना, दुर्घटना बीमा तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। वहीं नगर प्रबंधक सह नोडल पदाधिकारी ने योजनाओं का तकनीकी विवरण साझा करते हुए बताया कि नगर निगम की टीम समय-समय पर ऐसे संचालकों से संपर्क कर उनका पंजीकरण करेगी।

## न्यूज बॉक्स

### नीरज कुमार चौधरी का पार्थिव शरीर पहुंचा देवघर, नम आंखों से लोगों ने दी आखिरी विदाई



**देवघर।** लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर पर दुश्मनों से देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव कजरा पहुंचा. देवघर के मधुपुर में अपने लाल का पार्थिव शरीर देखकर लोगों को गम और गर्व दोनों का एहसास हो रहा था. तिरंगे में लिपटा बेटा जैसे ही गांव की धरती पर उतरा, पूरा इलाका दर्द भरी चीखों, असहनीय सिसकियों और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से गूंज उठा. गांव की गलियों, चौराहों और अपने घरों में हजारों लोग शहीद नीरज के अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पर उमड़ पड़े. जो भी नीरज को आखिरी बार देख रहा था, उसकी आंखें नम थीं लेकिन सीना गर्व से चौड़ा था. जब लोग तिरंगा यात्रा के साथ नीरज चौधरी के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने लगे, तो परिवार के लोग गमगीन हो गए. माता-पिता की आंखों से आंसुओं का सैलाब थमने का नाम नहीं ले रहा था. गांव का हर बच्चा, बुजुर्ग और महिला एक ही नारे लगा रहे थे, नीरज भैया अमर रहें, देश आपको कभी नहीं भूलेगा. लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे. शहीद के पार्थिव शरीर के साथ एसडीओ, एसडीपीओ, अंचलाधिकारी समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे. सभी अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि दी. मंत्री हफीजुल हसन के प्रतिनिधि शब्बीर हसन, विधायक चुन्ना सिंह, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, पूर्व विधायक राज पलिवार समेत कई बड़े नेता और गणमान्य लोग भी शहीद नीरज चौधरी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे. शहीद नीरज का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान और सैन्य परंपरा के साथ किया गया. इसके अलावा पंजाब और झारखंड रेजिमेंट के कई वरिष्ठ सैन्यकर्मी भी नीरज के अंतिम संस्कार में मौजूद रहे.

### गिरिडीह कॉलेज में स्नातक सेमेस्टर वन के रिजल्ट से विद्यार्थी नाराज



**गिरिडीह।** सेमेस्टर वन का रिजल्ट आने के बाद गिरिडीह कॉलेज के विद्यार्थियों में नाराजगी है. विद्यार्थियों की नाराजगी सेमेस्टर के 50 प्रतिशत छात्र छात्राओं को प्रमोट करने से पनपी है. ऐसे में विद्यार्थी पुराने रिजल्ट को रद्द करने की मांग समेत पेपर की दोबारा से जांच करने और विद्यार्थियों को पास करने की मांग कर रहे हैं. इस मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले विद्यार्थी अनिश्चिकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं. भूख हड़ताल के दौरान कुछ छात्र नेताओं और विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ने की खबर मिली है. ऐसे में महाविद्यालय की ओर से चिकित्सक को उनकी देखरेख के लिए तैनात किया गया है. जिनकी तबीयत बिगड़ी है उनमें नीरज चौधरी और अनीश राय हैं. दोनों का इलाज भूख हड़ताल स्थल पर ही चल रहा है. एबीवीपी नेता उज्ज्वल तिवारी, नीरज चौधरी, अनीश रॉय ने बताया कि स्नातक सेमेस्टर वन (2024-28) के परीक्षा परिणाम में सुधार कर उसे दोबारा घोषित किया जाए।

## बाघमारा प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा ने दिया धरना



**फुलारीटांड़।** सूर्या हांसदा के इनकाउंटर और रांची नगड़ी में हेमंत सरकार द्वारा साजिश के तहत रैयती खेती कृषि भूमि अधिग्रहण के विरोध में गुरुवार भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक शत्रुघन महतो के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। मौके पर विधायक श्री महतो ने कहा कि जब से झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस एवं राजद की सरकार बनी है, तब से आदिवासियों पर सबसे अधिक जुल्म हो रहा है। विधायक ने सूर्या हांसदा के फर्जी इनकाउंटर मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

## बोकारो में अधेड़ की धारदार हथियार से किया हमला पत्थर से कुचलकर मार डाला

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के जरीडीह थाना क्षेत्र के गांगजोरी गांव में विगत बुधवार सुबह 50 साल के अधेड़ जगेश्वर तुरी (पिता घुटू तुरी) की धारदार हथियार से प्रहार करने के बाद पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। इस घटना के मृतक की पत्नी उपासी देवी ने गांव के पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जानकारी देते हुए मृतक की पत्नी उपासी देवी और पुत्र रोहित तुरी न बताया कि, बुधवार सुबह लगभग छह बजे जगेश्वर तुरी बकरी को खिलाने के लिए पत्ता लेने गए थे। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। गांव के पुटलगाजार टांड़ के पास खून के निशान मिलने पर आगे खोज की गई, जहां जगेश्वर का शव खून से लथपथ हालत में मिला। शव मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया और लोग मौके पर जुट गए। उपासी देवी ने बताया कि करमा पूजा के समय से ही उन्हें और उनके पति को गांव के कुछ लोगों द्वारा 'डायन' कहकर मारने की धमकी दी जा रही थी। इस संबंध में मंगलवार को उन्होंने थाने में लिखित शिकायत भी दी थी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को बुधवार को थाना बुलाने का निर्देश दिया था। लेकिन उसी दिन सुबह हत्या की वारदात हो गई। हत्या के बाद जब खून से लथपथ शव मिला तो हड़कंप मच गया। गांववालों न घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर जरीडीह थाना प्रभारी विपिन चंद्र महतो पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और शव के पास से कुल्हाड़ी व हसुआ बरामद किया।

# अफीम की अवैध खेती की रोकथाम को लेकर लोगों को पुलिस ने किया जागरूक

नवीन मेल संवाउददाता




**सरायकेला-खरसावां।** पुलिस द्वारा वर्तमान फ़सलीय वर्ष में जिलांतर्गत अफीम की अवैध खेती की संभावना को नगण्य करने हेतु प्री कल्टीवेशन ड्राइव चलाया जा रहा है।इस अभियान के दौरान जिला पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों से अफीम की अवैध खेती की रोकथाम तथा वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के लिएआमजन को जागरूक किया जाएगा । इस अभियान के तहत आज दि० - 11-09-25 को कुचाई थाना, दलभंगा ओपी अंतर्गत ग्राम सियाडीह, गिलुआ एवं रोलाहातु के लोगों एवं रोलाहातु स्कूल में विद्यार्थियों को,खरसावां थाना अंतर्गत साप्ताहिक बाजार, खरसावां में, ईचागढ़ थाना अंतर्गत ग्रा० - टीकर में तथा चौका थाना अंतर्गत ग्राम बलीडीह में अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध संबंधित विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संबंधित थाना प्रभारी के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को स्थानीय भाषा में अफीम के दुष्प्रभाव एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के स्थान पर वैकल्पिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उल्लेखनीय है कि सराइकेला-खरसावाँ पुलिस द्वारा जिला में विगत फसलीय वर्ष-2024-25 में कुल 678.96 एकड़ क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती का विनष्टीकरण किया गया था । जिला के कुचाई,खरसावाँ,कांड्रा,चौका और ईचागढ़ थाना क्षेत्र अफीम की अवैध खेती से प्रभावित है । अभियान के दौरान जिला पुलिस द्वारा इन प्रभावित गाँवों में जागरूकता पर विशेष बल दिया जाएगा । यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि ग्रामीणों के बीच वैकल्पिक खेती एवं पशुपालन तथा अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ को सुदृढ़ रूप उपयोगी किया जा सके तथा अफीम की अवैध खेती पर पूर्णतया अंकुश लगाया जा सके ।

## राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक कहा

# विभागीय अधिकारी लक्ष्य के अनुरूप करें कार्य

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में राजस्व संबंधीत कार्यों, राजस्व संग्रहण एवं नीलाम पत्र वादों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम मैनेजर आईटी वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को क्रमवार रूप से विभागों द्वारा निर्धारित राजस्व के लक्ष्यों के अनुरूप अब तक हुए राजस्व की प्राप्ति को लेकर जानकारी दी गई। साथ ही राजस्व न्यायालय के पोर्टल एवं पोर्टल पर आए मामलों आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी विभागों से क्रमवार वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अब तक कि गयी प्राप्ति के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने राजस्व प्राप्ति के तहत संतोषजनक कार्य नहीं किए जाने वाले विभागों के अधिकारियों को तत्काल रूप से इस पर गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं ससमय लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## रेलवे को-ऑपरेटिव सोसाइटीज अर्बन बैंक के दो कर्मचारी बर्खास्त




**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व, दक्षिण पूर्व मध्य और पूर्व तटीय रेलवे को-ऑपरटिव क्रेडिट सोसाइटीज यानी अर्बन बैंक के दो कर्मचारी विवेकानंद बख्शी, कैशियर खड़गपुर और स्वरनेंदु जाना, वरिष्ठ लिपिक चक्रधरपुर को फर्जी हस्ताक्षर कर शेयरधारक का पैसा निकालने के आरोप में अर्बन बैंक की नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है. इनके ऊपर आरोप था कि इन दोनों ने खड़गपुर अर्बन बैंक से एक शेयरधारक खादू मुर्मू, जो पहले ही मर चुके थे. उनको जिंदा बताकर उनका फर्जी हस्ताक्षर कर उनका अर्बन बैंक खड़गपुर में जमा पैसा निकाल लिये थे. इसी प्रकार एक अन्य शेयरधारक भरत का भी पैसा फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से पूर्व डायरेक्टर श्यामल घोष के साथ मिलकर निकाल लिये थे. इस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई चल रही थी. जांच में दोषी पाये जाने पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों को अर्बन बैंक की नौकरी से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है.

## पाकुड़िया थाना पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर कांड का किया उदभेदन



**पाकुड़।** सूचना प्राप्त हुई कि पाकुड़िया थाना अंतर्गत तालडीह गनपुरा गांव में नदी किनारे एक अज्ञात महिला का शव लावारिस हालत में पड़ा हुआ है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं शव के शिनाख्त किया गया, जिसमे प्रथम दृष्टया महिला की अन्य स्थान पर हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से शव को उक्त स्थान पर लाकर फेंक देना प्रतीत हुआ। इस संबंध में पाकुड़िया थाना कांड संख्या 38/25, धारा 103(1)/238/3(5) BNS के तहत् कांड दर्ज अनुसंधान प्रारंभ किया गया। उक्त कांड में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु SDPO, महेशपुर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान उपलब्ध साक्ष्य एवं गवाहों के बयान तकनीकी साक्ष्य में आए तथ्यों के आधार पर रतन मड़ैया, पिता देबू मड़ैया, ग्राम तालडीह, गणपुरा, थाना पाकुड़िया, जिला पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपनी पत्नी मुन्नी हेंब्रम का किसी अन्य व्यक्ति के साथ अवैध संबंध होने के शक में हत्या कर शव को नदी किनारे फेंक देने की बात को स्वीकार किया गया।

### सेवा सुरभि के 26वां विशेषांक का लोकार्पण कल

**रांची।** सेवा भारती, झारखंड की लोकप्रिय सेवा जागरण की पत्रिका सेवा सुरभि का 26वां विशेषांक " वैश्विक चेतना एवं युवा शक्ति " का लोकार्पण समारोह 13 सितंबर को शौर्य सभागार, जैप, डोरण्डा, रांची में आयोजित किया गया है। पत्रिका की संपादक डॉ सुष्मिता पाण्डेय ने बताया कि विगत 25 वर्षों से समसामयिक विशेषांकों का नियमित प्रकाशन हो रहा है। पत्रिका लोकार्पण समारोह के अतिथि के रूप में श्री संजय सेठ,केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री,नवीन जायसवाल,पूर्व अपर गृह सचिव श्री एन एन पांडेय रहेंगे। इस अवसर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक व्यवस्था की बैठक हुई। बैठक में सेवा भारती के गुरुशरण प्रसाद,गिरीश मल्होत्रा,राधेश्याम अग्रवाल, चंद्रकांत रायपत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## भाजपा ने राज्य के सभी 264 प्रखंडों में किया प्रदर्शन

# सूर्या हांसदा की संदिग्ध मौत की हो सीबीआई जांच : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, चंपाई सोरेन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू सहित वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन का नेतृत्व किया। रांची महानगर जिला द्वारा आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा स्व. सूर्या हांसदा एक राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता थे। चार बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़े। उनके ऊपर दर्ज मुकदमों से वे बरी होते जा रहे थे। 300 से अधिक गरीब बेसहारा बच्चों को पढ़ाते थे, उनके आवास भोजन की व्यवस्था करते थे। उन्होंने कहा कि स्व सूर्या हांसदा खान खनिज की बड़े पैमाने पर हो रही लूट का विरोध करने के कारण माफिया बिचौलियों के आंख की किरकिरी बन गए थे। राज्य सरकार बिचौलियों, दलालों ,खनिज माफियाओं की संरक्षक है और उनके इशारे पर सूर्या हांसदा की नृशंस हत्या हुई है। पुलिस का तथाकथित एनकाउंटर पूरी तरह फर्जी है इसलिए भाजपा इस हत्या की सीबीआई जांच चाहती है ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो सके। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वरुण साहू,विधायक सीपी सिंह,प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, प्रदीप सिंहा,उषा पांडेय,सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह,सुबोध सिंह गुड्डू,पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह,केके गुप्ता, महामंत्री बलराम सिंह, उपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा,परमा सिंह, रमेश सिंह , लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, अमित कुमार,संजय जायसवाल, सहित बड़ी संख्या में महानगर के कार्यकर्ता शामिल हुए। जब पूरा झारखंड दिशोम गुरु शिबू सोरेन की मृत्यु के कारण शोकाकुल था, उनका श्राद्धकर्म चल रहा था,उस समय झारखंड की सिंडिकेट सरकार ने एक समाजसेवी और भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रहे आदिवासी युवक की फर्जी एनकाउंटर में हत्या कर दी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**विशेष कार्य प्रमण्डल भवन निर्माण विभाग, राँची**
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–22/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, विशेश कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–24.09.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–25.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–25.09.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–
(क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1,भवन निर्माण विभाग, राँची।
(ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाद्दीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Tahshil Katchary Building and Construction of New Main Gate Argora at Hinoo, Ranchi, Jharkhand for the Year-2025-26 | 17,70,900.00 | 35,500.00 | 5000.00 | 02 Months |

8. निविदा की शर्ते WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है ।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0 राँची।

PR.NO.361647 Building(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–31/2025–.26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 19.09.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 20.09.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 20.09.2025 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | : | 1) जिला नियंत्रण कक्ष ,हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of D.C. Residence and site development work in the Campus of D.C Residence in ,Hazaribag | 4889400/- | 98000/- | 5000/- | 04 Month |
| | Repair and Renovation Work of Furnishing work of CM Suites of old Circuit House at Hazaribag | 4822400/- | 97000/- | 5000/- | 04 Month |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 361604 Building(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

भक्ति विकसित करो। जीसस के शब्दों को याद रखः "हे परमपिता, आपने इन सब बातों को ज्ञानियों और बुद्धिमानों से छिपा कर रखा, तथा अबोध बच्चों पर प्रकट किया है।" - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# बिहार चुनाव में जातीय जनगणना

बिहार में जाति की राजनीति बहुत पुरानी है और जब राजद कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाया तो केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया गया । कुछ राजनीतिक दल एवं सामाजिक संगठन भी इसकी मांग कर रहे थे। सरकार के निर्णय के बाद, बिहार देश का पहला राज्य है, जहां इस वर्ष विधानसभा चुनाव होना है। उत्तर भारत में विशेषकर बिहार और उत्तर प्रदेश- इन दो राज्यों में जातिगत जनगणना की मांग सर्वाधिक मुखर रही है। सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से ये दोनों राज्य भारतीय लोकतंत्र में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में इन राज्यों में सामाजिक न्याय की बहस ने राजनीतिक आख्यानों को एक नई दिशा दी है। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी के साथ ही सामाजिक न्याय की चर्चाएं पुनः केंद्रीय मुद्दा बन गई हैं, लेकिन विपक्ष लगातार सत्ता पक्ष पर सामाजिक न्याय नीतियों के अपर्याप्त क्रियान्वयन को लेकर तीखी आलोचना करता आ रहा है। यद्यपि पिछड़ा वर्ग के नाम पर राजनीतिक प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी हुई है, परंतु इनमें अपेक्षाकृत शिक्षित, समृद्ध और प्रभावशाली जातियों का वर्चस्व बना हुआ है, जबकि अतिपिछड़ी जातियां आज भी हाशिए पर हैं। यह संरचनात्मक बहिष्करण उन्हें नीति निर्माण, संसदीय विमर्श और महत्वपूर्ण विधायी समितियों से भी बाहर रखता है। इस कारण, उनकी विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक जरूरतें और समस्याएं राष्ट्रीय विकास के एजेंडे में उपेक्षित ही रह जाती हैं। जातिगत वर्गीकरण के उद्देश्य से भारत सरकार ने रोहिणी आयोग का गठन किया था। आयोग की रिपोर्ट राष्ट्रपति को भी सौंप दी गई है, पर सरकार ने अब तक रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत नहीं की है, जिसे सार्वजनिक करने की मांग समय-समय पर उठती रही है। पिछड़ी, विशेषकर अतिपिछड़ी जातियां भारतीय राजनीति में हाशिए पर बनी हुई हैं। इसका एक मुख्य कारण यह है कि इस वर्ग के भीतर बहुलता, विविधता व असमानताएं गहरे स्तर पर हैं। हर जाति की विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक समस्याएं हैं, जिन पर न तो राष्ट्रीय राजनीति में पर्याप्त विमर्श हुआ है, और न ही इस वर्ग के अपने नेतृत्व ने ठोस वैचारिक पहल की है। वर्तमान में राजनीतिक विमर्श का एक बड़ा हिस्सा इस वर्ग के इर्द-गिर्द अवश्य केंद्रित हो गया है, पर यह विमर्श केवल चुनावी लाभ व संख्यात्मक समीकरणों तक सीमित प्रतीत होता है। परिणामस्वरूप, अपने जीवन में वास्तविक परिवर्तनकारी बदलाव लाने की अपेक्षा रखने वाला यह वर्ग, राज्य व राजनीतिक अभिजात वर्ग की प्रतिबद्धता पर आज गंभीर प्रश्नचिह्न है। अतिपिछड़े समुदाय संख्या की दृष्टि से भारतीय राजनीति का बड़ा हिस्सा हैं, लेकिन इनके पास आज भी सशक्त सिविल सोसाइटी, व्यापक संगठनात्मक ढांचा या कोई ठोस बौद्धिक थिंक टैंक नहीं है। संसद जैसे सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच पर भी, जहां विभिन्न क्षेत्रों, जातियों और धर्मों से प्रतिनिधि पहुंचते हैं, इनकी आवाज लगभग सुनाई नहीं देती। हालांकि, इस वर्ग के उभरने की संभावनाएं हैं।

*कुछ राजनीतिक दल एवं सामाजिक संगठन भी इसकी मांग कर रहे थे। सरकार के निर्णय के बाद, बिहार देश का पहला राज्य है, जहां इस वर्ष विधानसभा चुनाव होना है।*

आज की बात



**अश्विनी वैष्णव**
रेल, आईटी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री




# मिजोरम रेल नक्शे पर

कई दशकों तक उत्तर–पूर्व को एक दूरस्थ इलाक़ा माना जाता था, जहां विकास की राह देखी जाती रही।हमारे भाई–बहन उम्मीदों के साथ जीते थे, लेकिन उन्हें वह बुनियादी ढांचा और अवसर नहीं मिल पाए जिसके वे हक़दार थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह तस्वीर बदली है। जो इलाका कभी दूर का फ्रंटियर कहा जाता था, वह आज भारत की तरक़्क़ी का फ्रंट–रनर बनकर उभरा है।

### शांति, समृद्धि और प्रगति

यह बदलाव रेलवे, सड़कें, हवाई अड्डे और डिजिटल कनेक्टिविटी में रिकॉर्ड निवेश की वजह से संभव हुआ है। शांति समझौते स्थिरता ला रहे हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ अब सीधे लोगों तक पहुँच रहा है। आज़ादी के बाद पहली बार उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को भारत की विकास यात्रा का केंद्र माना जा रहा है। रेलवे में किए गए निवेश को ही देख लीजिए। 2009 से 2014 की तुलना में क्षेत्र के लिए रेलवे बजट पाँच गुना बढ़ा है। सिर्फ इस वित्तीय वर्ष में ही 10,440 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 2014 से 2025 तक कुल बजट आवंटन 62,477 करोड़ रुपये रहा है। आज यहाँ 77,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं चल रही हैं। इससे पहले उत्तर-पूर्व ने इतना बड़ा निवेश कभी नहीं देखा था।

### मिज़ोरम की पहली रेल लाइन

मिज़ोरम भी इसी बदलाव का हिस्सा है। यह राज्य अपनी समृद्ध संस्कृति, खेल प्रेम और खूबसूरत पहाड़ियों के लिए जाना जाता है। फिर भी, दशकों तक यह संपर्क की मुख्यधारा से दूर रहा। सड़क और हवाई संपर्क सीमित था। रेलवे राजधानी तक नहीं पहुंच पाई थी। लोगों के सपने थे, लेकिन विकास की राहें अधूरी थीं। अब ऐसा नहीं है। अब हालात बदल चुके हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हाथों कल बैराबी–सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन मिजोरम के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। 51 किलोमीटर लंबी यह परियोजना 8,000 करोड़ से अधिक की लागत से बनी है और पहली बार आइजोल को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री सैरांग से दिल्ली (राजधानी एक्सप्रेस), कोलकाता (मिज़ोरम एक्सप्रेस) और गुवाहाटी (आइजोल इंटरसिटी) के लिए तीन नई ट्रेन सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाएंगे। यह रेलवे लाइन कठिन पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरती है। रेल इंजीनियरों ने मिजोरम को जोड़ने के लिए 143 पुल और 45 सुरंगें बनाई हैं। इनमें से एक पुल कुतुब मीनार से भी ऊंचा है। दरअसल, इस इलाके में, जैसे अन्य हिमालयी रेल परियोजनाओं में होता है, रेलवे लाइन लगभग पूरी तरह पुल और सुरंगों के क्रम से बनी है — एक पुल, फिर एक सुरंग, फिर दोबारा पुल, और इसी तरह आगे।

### हिमालय सुरंग निर्माण विधि

उत्तर–पूर्व हिमालय युवा और नाज़ुक पहाड़ हैं। यहाँ ज़मीन कठोर चट्टानों की जगह मुलायम मिट्टी और जैविक सामग्री से बनी है। ऐसी स्थिति में सुरंग और पुल बनाना बेहद चुनौतीपूर्ण था। पारंपरिक तरीके यहां काम नहीं कर सकते थे, क्योंकि ढीली मिट्टी निर्माण का भार सहन नहीं कर पाती। इस समस्या को दूर करने के लिए हमारे इंजीनियरों ने एक नया और अनोखा तरीका विकसित किया, जिसे अब हिमालयन टनलिंग मेथड कहा जाता है। इस तकनीक में पहले मिट्टी को स्थिर और मज़बूत किया जाता है, फिर सुरंग और निर्माण का काम किया जाता है। इससे क्षेत्र की सबसे कठिन परियोजनाओं में से एक को पूरा करना संभव हुआ।

एक और बड़ी चुनौती ऊँचाई पर पुलों को टिकाऊ बनाना था, क्योंकि यह क्षेत्र भूकंप प्रभावित है। इसके लिए भी विशेष डिज़ाइन और उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया गया, जिससे पुल सुरक्षित और मज़बूत बन सके। यह स्वदेशी नवाचार दुनिया भर में ऐसे ही भौगोलिक इलाकों के लिए एक मॉडल है। हज़ारों इंजीनियरों, मज़दूरों और स्थानीय लोगों ने मिलकर इसे संभव बनाया। भारत जब निर्माण करता है, तो दूरदृष्टि और समझदारी के साथ करता है।

### क्षेत्र को लाभ

रेलवे को विकास का इंजन माना जाता है। यह नए बाज़ारों को करीब लाता है और व्यापार के अवसर पैदा करता है। नई रेल लाइन मिज़ोरम के लोगों का जीवन स्तर सुधारेगी। राजधानी एक्सप्रेस की शुरुआत के साथ ही आइजोल और दिल्ली के बीच सफर का समय 8 घंटे कम हो जाएगा। नई एक्सप्रेस ट्रेनें आइजोल, कोलकाता और गुवाहाटी के बीच की यात्रा को भी तेज और आसान बनाएंगी। किसान, खासकर जो बांस की खेती और बागवानी से जुड़े हैं, वे अपनी उपज को तेजी से और कम लागत पर बड़े बाजारों तक पहुंचा पाएंगे। अनाज और खाद जैसे जरूरी सामान की ढुलाई भी आसान होगी। पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि मिज़ोरम की प्राकृतिक सुंदरता तक पहुंचना और सुविधाजनक हो जाएगा। इससे स्थानीय कारोबार और युवाओं के लिए नए अवसर बनेंगे। यह परियोजना लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार तक बेहतर पहुंच भी देगी। मिज़ोरम के लिए यह कनेक्टिविटी सिर्फ सुविधाएँ ही नहीं, उससे कहीं अधिक लेकर आएगी।

### पूरे देश में विकास

देशभर में रेलवे में रिकॉर्ड स्तर पर बदलाव हो रहा है। हाल ही में 100 से अधिक अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन किया गया। साथ ही 1200 और स्टेशन तैयार हो रहे हैं। ये स्टेशन यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं देंगे और शहरों को नए विकास केंद्र बनाएंगे। 150 से ज्यादा चल रहीं हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनें यात्री सुविधा के नए मानक स्थापित कर रही हैं। साथ ही, लगभग पूरे नेटवर्क का विद्युतीकरण रेलवे को और हरित बना रहा है। 2014 से अब तक 35,000 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई जा चुकी हैं। यह उपलब्धि पिछले छह दशकों के कुल काम से भी अधिक है। सिर्फ़ पिछले साल ही 3,200 किलोमीटर नई रेल लाइनें जोड़ी गईं। विकास की यह गति और बदलाव उत्तर-पूर्व में भी साफ दिखाई दे रहा है।

### पूर्वोत्तर का विकास विज़न

प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमारे लिए पूर्व (EAST) का मतलब है – एम्पॉवर (सशक्त बनाना), एक्ट (कार्य करना), स्ट्रेंथन (मजबूत बनाना) एंड ट्रांसफॉर्म (बदलना)। ये शब्द पूर्वोत्तर के प्रति उनके दृष्टिकोण का सार प्रस्तुत करते हैं। कई क्षेत्रों में निर्णायक कदमों ने इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव सुनिश्चित किया है। असम में टाटा का सेमीकंडक्टर प्लांट, अरुणाचल प्रदेश में टाटो जैसी जलविद्युत परियोजनाएं और बोगीबील रेल-सह-सड़क पुल जैसी ऐतिहासिक संरचनाएं इस क्षेत्र का रूप बदल रही हैं। इसके साथ ही, गुवाहाटी में एम्स की स्थापना और 10 नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों ने स्वास्थ्य सुविधाओं और संपर्क को मज़बूत किया है।

### फ्रंटियर से फ्रंट–रनर

कई दशकों तक मिज़ोरम के लोगों ने सड़कों, स्कूलों और रेलवे के लिए इंतज़ार किया है। अब वह इंतज़ार ख़त्म हुआ है। ये परियोजनाएं हमारे प्रधानमंत्री की पूर्वोत्तर के प्रति विज़न का प्रमाण हैः एक ऐसा क्षेत्र जिसे कभी फ्रंटियर (सीमान्त) माना गया परन्तु अब फ्रंट-रनर (अग्रणी) के रूप में उभरा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# भगवान ने इंसान बनाया या इंसान ने भगवान?

मानव सभ्यता की शुरुआत से ही एक प्रश्न हमेशा से चर्चा में रहा है क्या भगवान ने इंसान बनाया या इंसान ने भगवान की कल्पना की? यह प्रश्न सीधा-सीधा हमारी आस्था, दर्शन, धर्म और विज्ञान को छूता है। देखने में यह प्रश्न विरोधाभासी प्रतीत होता है, लेकिन वास्तव में यह मानव जीवन की गहराई और सत्य की खोज का हिस्सा है। भगवान ने इंसान बनाया यह धार्मिक और दार्शनिक दृष्टिकोण है। सनातन परंपरा से लेकर अब्राहमिक धर्मों तक, हर धर्मशास्त्र यही कहता है कि ईश्वर ही सृष्टि का रचयिता है। वेदों में कहा गया "एको ब्रह्म द्वितीयो नास्ति" अर्थात् ब्रह्म एक है, उसका दूसरा कोई नहीं। उपनिषदों में यह स्पष्ट रूप से वर्णित है कि परमात्मा ने ही जीव को चेतना दी और वही उसे संचालित करता है। हमारी सांसों का चलना, रक्त का प्रवाह होना, सूरज का उगना-डूबना, ऋतुओं का चक्र यह सब किसी अदृश्य शक्ति के बिना संभव नहीं। कुरान में कहा गया है "अल्लाह ही सब कुछ पैदा करने वाला है।" बाइबिल में भी लिखा है "गॉड क्रिएटेड मैन इन हिज़ ओन इमेज।" इन सभी ग्रंथों से यही सिद्ध होता है कि भगवान ने ही इंसान को बनाया और उसे सोचने-समझने की शक्ति दी। परंतु यदि हम समाजशास्त्रीय और भौतिकवादी दृष्टिकोण से देखें तो सवाल उठता है क्या इंसान ने अपनी आवश्यकताओं और भय से भगवान की कल्पना नहीं की? जब बिजली, बादल और गर्जन जैसी घटनाओं का वैज्ञानिक कारण नहीं पता था, तब इंसान ने उन्हें देवता मान लिया। आग, जल, वायु, धरती और आकाश को पूज्य मानकर देवत्व का रूप दिया। धीरे-धीरे इंसान ने मूर्तियां गढ़ीं, मंदिर-मस्जिद-गिरजाघर बनाए और भगवान के अलग-अलग स्वरूप निर्धारित किए। आज हम देखते हैं कि अलग-अलग धर्मों के लोग अपने-अपने 'भगवान' को श्रेष्ठ साबित करने में लग जाते हैं। कोई कहता है "यह भगवान बड़ा है" तो कोई कहता है "वह भगवान श्रेष्ठ है।" जबकि हर धर्मग्रंथ एक ही बात कहते हैं कि भगवान एक है। लेकिन विरोधाभास और विडंबनाएं यह है कि आज के समय में भगवान की मूर्तियों में भी भिन्नता दिखाई देती है। कहीं भगवान की ऊंचाई 6 फीट की, कहीं 60 फीट की। कहीं वह बालक रूप में पूजे जाते हैं, तो कहीं वृद्ध रूप में। यह विविधता दर्शाती है कि इंसान अपनी कल्पना और भावनाओं से भगवान का स्वरूप गढ़ता आया है। यहां विडंबना यह है कि भगवान को मानने के नाम पर इंसान आपस में लड़ पड़ता है। यही कलियुग की पहचान है। धर्म के नाम पर विभाजन, जाति के नाम पर विभाजन, हिंसा और कट्टरता इंसान की बनाई हुई है, न कि भगवान की।

**ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**

# "दीपावली कै उपहार"

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से देश के साथ जो वायदा किया था, वह साकार होने की प्रक्रिया में है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा और औसत घर लाभान्वित होंगे। इस तारीख से 'शारदीय नवरात्र' भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा, तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुएं), खुदरा और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता-मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन भी बढ़ेगा। अंततः देश की अर्थव्यवस्था ही फलेगी-फूलेगी। रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर कर (जीएसटी) 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घट कर 18 फीसदी हो जाएगा, तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है। यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें, तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपए तक की खपत बढ़ सकती है।इसका फायदा छोटे उद्यमों को ज्यादा होगा। आम आदमी और ग्राहकों को मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। हालांकि कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसी विपक्ष-शासित राज्यों की सरकारों ने करीब 48,000 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान का मुद्दा उठाया है, लिहाजा केंद्र सरकार से मांग की है कि 5 साल तक मुआवजा दिया जाए और वित्तीय सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इसमें राजनीति भी हो सकती है। बहरहाल इस मुद्दे पर पर्याप्त विमर्श हुआ होगा ! सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कैंसर समेत 33 जीवन-रक्षक दवाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। अन्य सभी दवाओं पर अब जीएसटी 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी हो जाएगा। शिक्षण सामग्रियों में नक्शे, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, पेस्टल, कॉपी, नोटबुक और इरेजर आदि 12 फीसदी और 5 फीसदी से घटा कर 'शून्य जीएसटी' वाले वर्ग में डाल दिए गए हैं। इनके अलावा, हेयर ऑयल, शैंपू, टॉयलेट सोप बार, टूथ ब्रश, शेविंग क्रीम, जिम, सैलून, योग केंद्र आदि पर जीएसटी 18 फीसदी से 5 फीसदी कर दिया गया है। बटर, घी, चीज और डेयरी स्प्रेड्स, प्री-पैक नमकीन, भुजिया, मिक्सचर, बर्तन, बच्चों के नैपकिन, क्लिनिकल डायपर, सिलाई मशीन और उसके पुर्जे, हैंडीक्राफ्ट आदि पर जीएसटी 12 फीसदी से 5 फीसदी किया गया है। अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, छेना, पनीर, रोटी और खाकरा, परांठा, ब्रेड समेत सभी भारतीय रोटी पर जीएसटी अब 5 फीसदी के बजाय शून्य लगेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा 18 फीसदी से घटा कर शून्य किया गया है। हालांकि उपकरणों पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। बीमा की दरें अब बहुत कम हो जाएंगी। देश में अभी 57 करोड़ से अधिक लोगों के पास स्वास्थ्य और करीब 31 करोड़ के पास जीवन बीमा है। कृषि, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सस्ते हो जाएंगे। हालांकि 40 फीसदी का एक और स्लैब रखा गया है, जो सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक्स, पान मसाला, तंबाकू, गुटखा आदि विलासिता की वस्तुओं के लिए होगा। इस वर्ग में 350 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइक और निजी विमान भी शामिल हैं। जीएसटी 2.0 से हाथों में सीधे पैसे आएंगे, नतीजतन भारत वैश्विक निर्यात का मजबूत केंद्र बनेगा। हालांकि यह भी सच्चाई है कि आर्थिकी के क्षेत्र में भारत को अभी अमरीका व चीन जैसे देशों की तुलना में लंबी दूरी तय करनी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात




**राकेश दुबे**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बहके से अंदाज से, बहके तीरंदाज।
इसीलिए होता रहा, रोज गलत आगाज।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# राष्ट्रगौरव के गायक प्रभात जी

सरस्वती के वरद् साधक प्रभात जी बहुमुखी प्रतिभा संपन्न साहित्यकार थे।पुलिस सेवा में उच्च पद पर रहते हुए भी इन्होंने साहित्य की अपूर्व सेवा की। यह इनके साहित्य प्रेम का परिचालक है।इनकी कवि प्रतिभा किशोरावस्था मे ही अंगडाई ले उठी थी और 1928 में ही -कलेजे के टुकडे के नाम से इनकी षट्पदियों का एक संग्रह निकल गया।



प्रशासकीय व्यस्तता और सीमा मे आबद्ध होते हुए भी वे साहित्य साधना में सतत् संलग्न रहे।अपनी साधना के क्रम में ये क्रमशः भावुकता और कल्पना के शिखर से अनुशीलन और चिंतन की गहराई की ओर बढते गए।

प्रभात जी मूलतः कवि थे किन्तु साहित्य की अन्य विधाओं पर भी इनकी लेखनी साधिकार चली है।प्रभात जी ने प्रायः सभी वर्ग के पाठकों के लिए साहित्य सर्जना की है।बालको के लिए -सत्यं शिवं सुन्दर, किशोरों के लिए-समुद्र के मोती, आश्चर्यजनक कहानियां ,मनोरंजक कहानियां,मूर्खों की कहानियां, परिणत वय के लिए कंपन एवम् चिर स्पर्श, उक्त कथन के प्रमाण हैं।

गीतकार प्रभात का विकास प्रबंधकार के रुप में हुआ है और प्रबंधकार के रुप मे वे अधिक विख्यात हैं। कैकेयी,ऋतंवरा,प्रभास कृष्ण, तप्त गृह, कर्ण,व्रत बद्ध,अस्थि दान,मुक्ति संग्राम, राष्ट्र-पुरुष, श्वेत नील,कलापिनी,कंपन,सेतुबंध, शुभ्रा, और प्रवीर जैसे प्रबंध काव्यों की रचना कर उन्होंने इस क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

उनका कैकेयी प्रबंध काव्य की चिर कलंकिनी कैकेयी के कलंक प्रक्षालन के निमित्त किया गया एक सफल एवम् साधु साहित्यिक प्रयास है।यहाँ युग युग की कलंकिनी कैकेयी राष्ट्र माता के रुप मे निखर उठी है।उसने राष्ट्र की जय के लिए अपने वैधव्य तक को स्वीकार किया:

वैधव्य मुझे स्वीकार राष्ट्र की जय हो,
दासत्व न मुझको अंगीकार राष्ट्र की जय हो।

प्रभात जी के अनुसार राम वन गए, तो बन गए।
वन की ओर राम का जाना मानवता की जय है
आर्य सभ्यता संस्कृति की जय है
शत नमन मेरा तुम्हे

शीर्षक कविता में उन्होने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के दिव्य कर्मो की चर्चा करते हुए उनका अभिनंदन किया है:

शत नमन मेरा तुम्हे।
तुम सहस्त्रों सूर्य का आलोक ले फहरा रहे हो।
तुम सहस्त्रों इन्द्र धनुष से व्योम में लहरा रहो हो
तुम सहस्त्रों स्वप्न आशाएं अनंत उगा रहो हो
प्रतिअखंड तरंग कंपन से नया युग ला रहो हो
जागरण के चिन्ह !जागृति के तुमुल उल्लास !
शत नमन मेरा तुम्हे।

1973 में जैन कालेज आरा के हमारे परमादरणीय गुरुदेव डा दीनानाथ सिंह महाकवि केदारनाथ मिश्र प्रभात के छत्रपति शिवाजी के जीवन पर आधारित खंड काव्य 'राष्ट्र पुरुष' को पढ़ाते हुए कहा करते थे कि बिहार के कवियों को एक चतुर्भुज मान लिया जाये तो उसकी एक भुजा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर होंगे तो दूसरी भुजा केदारनाथ मिश्र प्रभात,तीसरी भुजा मोहनलाल महतो वियोगी और चौथी भुजा आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री जी होंगे,उनका यह कथन आज तक मुझे भली-भांति याद है। इन चारों कवियों पर साहित्य जगत् को नाज और ताज है।

11 सितम्बर1907 को वीर भूमि आरा में जन्मे ऐसे राष्ट्र के गौरव गायक महाकवि प्रभात जी का 2 अप्रैल 1984 को पटना में आकस्मिक निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से साहित्यिक जगत् की अपूरणीय क्षति हुई।15.10.1961 को महाप्राण निराला के आकस्मिक निधन पर सुप्रसिद्ध गीतकार डा शिवमंगल सिंह सुमन ने निराला को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जो पंक्तियां कहीं थी,आज मुझे महाकवि प्रभात जी की जयंती पर याद आ रही हैं :-

तुम जीवित थे तो सुनने का जी करता था,
तुम चले गये तो गुनने का जी करता है।
तुम सिमटे थे तो सहमी सहमी सांसें थीं,
तुम बिखर गये तो चुनने का जी करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डा जंग बहादुर पाण्डेय**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

भारत-मॉरीशस संबंधों में नया अध्याय, काशी में होगी उच्चस्तरीय बैठक

# वाराणसी में पहली बार किसी राष्ट्राध्यक्ष पीएम की ऐतिहासिक वार्ता

- यह काशी में किसी राष्ट्राध्यक्ष के साथ पहली औपचारिक द्विपक्षीय वार्ता है।
- विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे विषय शामिल।
- डिजिटल सार्वजनिक ढांचा और नवीकरणीय ऊर्जा पर भी होगा विशेष फोकस।

**एजेंसी। वाराणसी**

मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम बुधवार को तीन दिवसीय यात्रा पर वाराणसी पहुँचने पर लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। गुरुवार को रामगुलाम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच यहाँ द्विपक्षीय बैठक होगी। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार (11 सितंबर) को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का दौरा करेंगे। वाराणसी में, प्रधानमंत्री मोदी मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम की मेज़बानी करेंगे, जो 9 से 16 सितंबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। द्विपक्षीय चर्चा के दौरान, दोनों नेता सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे, जिसमें विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए वाराणसी पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह करीब 11 बजे हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और डॉ. रामगुलाम द्विपक्षीय सहयोग के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जिसमें विकास साझेदारी और क्षमता विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि दोनों नेता स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा करेंगे। भाजपा की नगर इकाई के अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने हाल में जीएसटी दरों में कटौती की है, और पार्टी कार्यकर्ता व काशी की जनता उनका स्वागत करने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे और कार्यक्रम स्थल के बीच छह स्थान चिह्नित किए गए हैं, जहां भाजपा कार्यकर्ता और नेता प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेंगे। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रधानमंत्री मोदी का 2014 के बाद वाराणसी का 52वां दौरा है। मोदी 2014 में पहली बार वाराणसी से लोकसभा सांसद चुने गए थे।

## गंगा किनारे कूटनीति की नई लहर, सज-धज कर तैयार काशी



मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जापान के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत शिंजो आबे की मेजबानी की थी, लेकिन यह पहली बार है जब काशी में किसी राष्ट्राध्यक्ष के साथ औपचारिक वार्ता हो रही है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री के स्वागत में वाराणसी शहर को बड़े-बड़े होर्डिंग्स और बैनरों से सजाया गया है। भाजपा ने वाराणसी सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में भी बैनर लगाए हैं, जिनमें दूध और डेयरी उत्पादों पर जीएसटी में कटौती के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया गया है।
वाराणसी में भाजपा नेता एवं विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश की तस्वीर वाले एक होर्डिंग पर लिखा था, "दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी कम करने के लिए यदुवंश समुदाय की ओर से मोदी जी का धन्यवाद।" पुलिस के अनुसार, इस प्रतिष्ठित नगरी में आज की स्थिति को देखते हुए तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यह शहर पहले भी जी-20 बैठकों और जापान के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत शिंजो आबे, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों जैसे गणमान्य अतिथियों की मेजबानी कर चुका है।

## मोदी-रामगुलाम वार्ता से पहले काशी में स्वागत की भव्य झलक

डॉ. रामगुलाम बुधवार को वाराणसी पहुंचे, जहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने उनका स्वागत किया। वाराणसी का यह दौरा मॉरीशस के प्रधानमंत्री की नौ से 16 सितंबर तक की भारत यात्रा का हिस्सा है। कार्यक्रम के अनुसार, रामगुलाम बृहस्पतिवार शाम को गंगा आरती में भाग लेंगे और शुक्रवार सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करेंगे। गणमान्य अतिथि का भव्य स्वागत किया गया। आम जनता और भाजपा कार्यकर्ता हवाई अड्डे से होटल ताज तक पूरे मार्ग पर स्वागत के लिए खड़े रहे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने संवाददाताओं से कहा, "द्विपक्षीय बैठक के बाद, मॉरीशस का प्रतिनिधिमंडल गंगा आरती में भाग लेगा और काशी विश्वनाथ मंदिर जाएगा। दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा।" भाजपा के स्थानीय मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि काशी में प्रधानमंत्री मोदी की किसी राष्ट्राध्यक्ष के साथ यह पहली औपचारिक द्विपक्षीय बैठक होगी। उन्होंने कहा, "ऐसे समय में जब भारत के आस-पास के देशों में राजनीतिक उथल-पुथल है, भारत अपने पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।"

# पीएम मोदी भागवत की तारीफ में भूले गांधी का सत्याग्रह : कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मोहन भागवत पर लिखे उनके लेख को लेकर निशाना साधा और कहा कि आरएसएस प्रमुख को उनके 75वें जन्मदिन पर अतिशयोक्तिपूर्ण विशेष संदेश संघ नेतृत्व का पक्ष लेने की एक हताश कोशिश है। भागवत की बौद्धिक गहराई और संवेदनशील नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि 2009 से आरएसएस प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल इसकी 100 साल की यात्रा में सबसे परिवर्तनकारी काल माना जाएगा।

इसके जवाब में कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आरएसएस नेतृत्व को खुश करने की अपनी बेताब कोशिश में आज मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर एक अतिशयोक्तिपूर्ण विशेष संदेश लिखा है। प्रधानमंत्री ने याद किया कि 11 सितंबर 1893 को स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में अपना अमर भाषण दिया था। प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि 11 सितंबर 2001 को अमेरिका में अल-कायदा के आतंकी हमले हुए थे। कांग्रेस नेता ने आगे लिखा कि लेकिन हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री ने यह ज़िक्र नहीं किया कि 11 सितंबर 1906 को महात्मा गांधी ने जोहान्सबर्ग में पहली बार सत्याग्रह का आह्वान किया था। उसी समय दुनिया ने पहली बार इस क्रांतिकारी विचार को सुना था। बेशक, प्रधानमंत्री से सत्याग्रह की उत्पत्ति को याद रखने की उम्मीद करना बहुत ज्यादा हो जाता है, क्योंकि सत्य शब्द ही उनके लिए अपरिचित है। प्रधानमंत्री, जो स्वयं को नॉन-बायलॉजिकल बताते हैं, अपने प्रवचनों को ऐसे प्रस्तुत करते हैं मानो वे स्वयं हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोहन भागवत की ''बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व'' की प्रशंसा करते हुए कहा है कि 2009 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल इस संगठन की 100 साल की यात्रा में सर्वाधिक परिवर्तन का कालखंड माना जाएगा। भागवत के 75वें जन्मदिन पर बृहस्पतिवार को कई अखबारों में प्रकाशित लेख में मोदी ने कहा कि संघ प्रमुख 'वसुधैव कुटुंबकम' का जीवंत उदाहरण हैं और उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग है कि इस साल विजया दशमी पर आरएसएस 100 वर्ष का हो जाएगा और इसके साथ ही महात्मा गांधी की जयंती, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी उसी दिन आ रही है।

# राहुल की विदेश यात्राओं में सुरक्षा नियमों की अनदेखी, सीआरपीएफ ने जताई गंभीर चिंता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विदेश यात्राओं के दौरान बार-बार सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़े जाने पर गंभीर चिंता जताई है। हम आपको बता दें कि ज़ेड+ श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त राहुल गांधी को एडवांस सिक्योरिटी लायज़न (ASL) टीम के साथ हर यात्रा और कार्यक्रम की पूर्व सूचना देनी होती है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार कई मौकों पर लोकसभा में विपक्ष के नेता ने इस नियम का पालन नहीं किया।

सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में कहा है कि यह लापरवाही राहुल गांधी को गंभीर जोखिम में डाल सकती है। साथ ही एक अलग पत्र राहुल गांधी को भी भेजा गया है, जिसमें उनसे भविष्य में सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया है। हम आपको बता दें कि पत्र में इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया जैसी यात्राओं का उल्लेख किया गया है। "येलो बुक" प्रोटोकॉल के अनुसार, उच्च सुरक्षा प्राप्त वीवीआईपी को विदेश यात्रा की पूर्व सूचना सुरक्षा तंत्र को देनी अनिवार्य है। ताकि वहां आवश्यक इंतज़ाम हो सकें। लेकिन आरोप है कि राहुल गांधी ने कई बार इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया। देखा जाये तो यह मामला केवल व्यक्तिगत सुरक्षा का नहीं, बल्कि राजनीतिक संदर्भ भी रखता है। राहुल गांधी लगातार विदेश यात्राओं पर रहते हैं— कभी व्यक्तिगत, तो कभी राजनीतिक कारणों से। विपक्षी नेता होने के नाते उनके बयानों और विदेश दौरों पर केंद्रित चर्चाएँ अक्सर राष्ट्रीय राजनीति में सुर्खियां बनती हैं। ऐसे में अगर वह सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हैं, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या राजनीति को सुरक्षा से ऊपर रखा जा रहा है? देखा जाये तो भारत में वीवीआईपी सुरक्षा कोई साधारण प्रोटोकॉल नहीं, बल्कि वर्षों के अनुभव और खतरों के आकलन पर आधारित संरचना है। ज़ेड+ श्रेणी की सुरक्षा का अर्थ केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा प्रतिष्ठान का दायित्व भी है। किसी भी तरह की चूक सुरक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को कमजोर करती है। वैसे यहां एक द्वंद्व सामने आता है— लोकतांत्रिक राजनीति में नेताओं को जनता से सीधा जुड़ना होता है, लेकिन बढ़ते वैश्विक आतंकवाद और राजनीतिक अस्थिरता के दौर में सुरक्षा की अनदेखी आत्मघाती साबित हो सकती है। राहुल गांधी जैसे वरिष्ठ नेता की लापरवाही न केवल उनके लिए, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों और राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी एक चुनौती है। बहरहाल, सुरक्षा कोई व्यक्तिगत विकल्प नहीं, बल्कि संस्थागत जिम्मेदारी है। राहुल गांधी को यह समझना होगा कि उनकी अनदेखी से वे केवल खुद को नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था को खतरे में डाल सकते हैं।

# वैष्णो देवी मंदिर तीर्थयात्रा लगातार 16वें दिन स्थगित

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर।** रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 16वें दिन स्थगित रही, जबकि जम्मू क्षेत्र में मौसम की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। कटरा बेल्ट की त्रिकुटा पहाड़ियों में अधकुवारी में 26 अगस्त को बादल फटने से हुए भूस्खलन में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए।यात्रा उसी दिन अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई थी। उम्मीद है कि तीर्थयात्रा के फिर से शुरू होने की घोषणा शनिवार या रविवार को की जाएगी, क्योंकि गुफा मंदिर के रास्ते पर अधिकांश मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है।
अधिकारियों ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा स्थगित की गई है। उन्होंने कहा कि यात्रा को फिर से शुरू करने का निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कारोबार से रिलेटेड कुछ परिवर्तन कर सकतें हैं, जो आपको लॉन्ग टर्म में बेनिफिट देंगें। आज आप परिवार के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आप ऑफिस में नए प्रोजेक्ट को लेकर स्टाफ के साथ डिस्कशन कर सकतें हैं , आपको बेहतरीन सुझाव मिलेंगें। आज आप कोर्ट - कचहरी के मामलों में अपने दोस्त से मदद ले सकते हैं, जिससे सब जल्द ही सुलझ जायेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप पेंडिंग कार्यों को पूरा करने के साथ - साथ नए टारगेट भी बना लेंगें। आज आप दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखेंगे तो काम सुचारू रूप से बनते जाएंगे। आज आप जीवन साथी के साथ मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका आत्मविश्वास बरकार रहेगा, जिसकी वजह से आपके अधिकतर काम निपट जायेंगें। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा और आप अपने सपनों को पूरा करने में सफल रहेंगें। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए ख़ुशी से भरा रहेगा। आज आप पिता के साथ कारोबार में हांथ बटायेंगे, जिससे उन्हें ख़ुशी मिलेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें, आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आज आप व्यर्थ की बातों से दूर होकर, अपने काम के ऊपर पूरी तरह ध्यान देंगें।

**कन्या :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज अपने बिजनेस को बढ़ाने को लेकर किसी एक्सपर्ट की राय लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगें, आपकी सामाजिक छवि अच्छी बनेगी। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिनका लाभ उठाकर आप जीवन में आगे बढ़ सकतें हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक बना रहेगा। आज आप बिजनेस में अच्छा धन लाभ कमायेंगें और आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेगें। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा और आपको संतान पक्ष से खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज आपके द्वारा लिए गए निर्णय सकारात्मक और फायदेमंद रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहने वाला है। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना है, आपके काम से बॉस बहुत खुश होंगें। आज आप बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताये। आज कोई भी पेपर वर्क करते समय पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज इस राशी के टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े व्यक्तियों के लिए लाभ का दिन है, आपको बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आज प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं में ... भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। आज आपके सगे - सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक बना रहेगा। आज आप अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव कर सकते हैं, जिससे आपका काम इफेक्टिव और आउटपुट देने वाला होगा। आज आप कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह भी अवश्य लें।

**कुंभ :** आज का दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज कुछ समय प्रैक्टिकल और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ व्यतीत करने से आपके स्वभाव में भी पॉजिटिव परिवर्तन आएगा। आज आप अनुभवी तथा वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन और सलाह पर उचित अमल करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए किसी मल्टीनेशनल कम्पनी से ऑफर आएगा, जिससे आपकी तरक्की की राह आसान हो जाएगी। आज आप कुछ समय एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर जरूर व्यतीत करें, इससे आपका मन शांत होगा।

# पिता-पुत्र रामदॉस बनाम अंबुमणि की लड़ाई से राजनीति में आया नया मोड़

**एजेंसी। तमिलनाडु**



तमिलनाडु की राजनीति में एक और अंतर-पारिवारिक और दलगत संकट ने उथल-पुथल मचा दी है। हम आपको बता दें कि पाटाली मक्कल कचि (PMK) के संस्थापक एस. रामादोस ने अपने ही पुत्र और पार्टी अध्यक्ष अन्बुमनी रामादोस को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। रामादोस का आरोप है कि उनका पुत्र राजनीति में "अनफिट" है और पार्टी को नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर रहा है।देखा जाये तो यह घटना केवल राजनीतिक झगड़े तक सीमित नहीं है, बल्कि पिता-पुत्र के व्यक्तिगत संबंधों में भी तनाव को उजागर करती है। हम आपको याद दिला दें कि अगस्त में रामादोस ने आरोप लगाया था कि अन्बुमनी ने उनके फार्महाउस में बगिंग डिवाइस लगायी थी। अन्बुमनी ने इस आरोप पर चुप्पी साध रखी है और अपनी पदयात्रा जारी रखी है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पिता-पुत्र के रिश्ते में गहरी खटास है।रामादोस ने अप्रैल में खुद को पार्टी का अध्यक्ष बना लिया था और अन्बुमनी को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित कर दिया था। इससे पिता-पुत्र के बीच संघर्ष की राह खुली और पिछले दो महीनों से यह संघर्ष सार्वजनिक रूप से दिखाई दे रहा है। रामादोस का आरोप है कि अन्बुमनी के नेतृत्व में पार्टी धीरे-धीरे भाजपा की ओर झुकी और धर्मपुरी में लगातार दो लोकसभा चुनाव हारने के बाद उन्होंने पार्टी की गठबंधन नीति पर पुनर्विचार किया। उनका मानना है कि PMK को वन्नियार समाज के उत्थान के मूल एजेंडे को कमजोर नहीं करना चाहिए और ज़रूरत पड़ने पर केवल द्रविड़ दलों के साथ गठबंधन करना चाहिए। हम आपको बता दें कि PMK की वर्तमान स्थिति यह है कि वन्नियार मतदाता में उसका प्रभाव घटता जा रहा है, फिर भी यह लगभग 5 प्रतिशत वोट बैंक पर कायम है।

## एयर इंडिया ने फ्लाइट से 200 यात्रियों को नीचे उतारा, हंगामा

**नई दिल्ली।** सिंगापुर जाने वाले एयर इंडिया के एक विमान में सवार 200 से ज़्यादा यात्रियों को बुधवार शाम दिल्ली हवाई अड्डे पर मुश्किलों का सामना करना पड़ा, क्योंकि उन्हें विमान से उतार दिया गया। यात्रियों को विमान के अंदर लगभग दो घंटे तक बैठाए रखा गया, उसके बाद उन्हें उतार दिया गया। बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान से संचालित होने वाली उड़ान संख्या AI2380 को रात लगभग 11 बजे दिल्ली हवाई अड्डे से रवाना होना था, लेकिन इसमें देरी हो गई। यात्रियों को विमान से क्यों उतारा गया? विमान में मौजूद एक पत्रकार के अनुसार, विमान का एयर कंडीशनिंग सिस्टम और बिजली आपूर्ति खराब थी।

# भाजपा को दिया हर वोट केरल की पवित्रता खत्म कर देगा: विजयन

**एजेंसी। केरल**



केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने राज्य के लोगों से भाजपा का समर्थन करने के निहितार्थों को समझने की अपील की है और कहा है कि "भाजपा को दिया गया एक-एक वोट" राज्य की पवित्रता को नष्ट कर देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य के प्रतिष्ठित ओणम त्योहार से जुड़ी सांस्कृतिक परंपराओं को बदलने की कोशिश कर रही है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए, मुख्यमंत्री विजयन ने उन्हें दिखाई गई एक तस्वीर पर चिंता व्यक्त की, जिसमें महाविष्णु, वामन और महाबली को इस तरह से दर्शाया गया है जिससे ओणम की पारंपरिक कथा में बदलाव का आभास होता है, जहाँ महाबली के आगमन का जश्न मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों एर्नाकुलम में एक कार्यक्रम हुआ था जिसमें गृह मंत्री अमित शाह ने शिरकत की थी। पिछले हफ़्ते ओणम का जश्न बहुत धूमधाम से मनाया गया था। वे ओणम को ही बदल देंगे। ओणम के दिन, एक महत्वपूर्ण व्यक्ति मुझसे मिलने आया था। मैं नाम नहीं लूँगा। उसने मुझे अपने फ़ोन पर एक संदेश दिखाया। उसने एक तस्वीर दिखाई जिसमें महाविष्णु थे।

# डोडा में संदिग्ध धमाके से हड़कंप पुलिस-एफएसएल जांच में जुटी

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**

जम्मू-कश्मीर के डोडा ज़िले में गुरुवार को एक संदिग्ध विस्फोट हुआ, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। अधिकारियों के अनुसार, यह विस्फोट जमाई मस्जिद के पास डुमरी मोहल्ला में हुआ। जम्मू-कश्मीर पुलिस मौके पर पहुँच गई है और जाँच जारी है। पुलिस ने विस्फोट के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में भी लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मेहराज मलिक, जो जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पार्टी के एकमात्र विधायक हैं, की गिरफ्तारी के बाद डोडा ज़िले में तनाव बढ़ गया है। मलिक को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कड़े जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया था।डोडा ज़िला विकास परिषद के चुनाव में जीत हासिल कर चुके मलिक के ख़िलाफ़ एक सरकारी अधिकारी के ख़िलाफ़ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। डोडा के उपायुक्त हरविंदर सिंह ने सोमवार को कहा कि नके भड़काऊ भाषणों और 'फेसबुक लाइव' का लगातार दुरुपयोग गलत सूचना फैलाने और जनता को भड़काकर सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए किया जा रहा है।

## भगवान भरोसे चल रहा बिहार, कानून-व्यवस्था हुई बर्बाद : पप्पू यादव

**नई दिल्ली।** पूर्णिया से लोकसभा सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बिहार की राजधानी पटना में हुई राजद नेता की हत्या को लेकर नीतीश सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनावी माहौल है, लेकिन राज्य भगवान भरोसे चल रहा है। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आईएएनएस से बातचीत में बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा, "सीवान में लाली यादव की हत्या कर दी गई। एक विकलांग व्यक्ति मुन्ना (जिनके दोनों पैर काम नहीं करते थे और उनकी पत्नी भी विकलांग थीं) की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

# ईपीएफओ के आयुक्त 1.5 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय अधिकारी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जगदीश तांबे के रूप में हुई, जो पश्चिमी दिल्ली में ईपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त के पद पर थे। सीबीआई ने जानकारी दी कि क्षेत्रीय आयुक्त जगदीश तांबे को शिकायतकर्ता से 1.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सीबीआई ने 9 सितंबर को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने एक व्यक्ति के खिलाफ आरडीए कार्यवाही को अनुकूल तरीके से निपटाने के लिए 3 लाख रुपए की अवैध रिश्वत की मांगी थी। बातचीत के बाद आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता से डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेने पर सहमति व्यक्त की। इसी बीच, व्यक्ति ने सीबीआई को मामले की जानकारी दी। सीबीआई ने बुधवार को जाल बिछाया और आरोपी क्षेत्रीय आयुक्त को शिकायतकर्ता से 1.5 लाख रुपए की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। फिलहाल, सीबीआई इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। इस प्रेस विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**ई20 पेट्रोल** ई20 पर भ्रम फैला रही 'पेट्रोल लॉबी'! गडकरी बोले-

# 'पैसे देकर इथेनॉल मिश्रित ईंधन के विरुद्ध कराया गया दुष्प्रचार

- इथेनॉल की कम कैलोरी वैल्यू के कारण माइलेज में 2-5% तक गिरावट संभव

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को पेट्रोलियम क्षेत्र पर सरकार के इथेनॉल-मिश्रित ईंधन के लिए प्रयास के खिलाफ लॉबिंग करने का आरोप लगाया और कहा कि निहित स्वार्थी तत्व इस बदलाव को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। गडकरी ने ई20 (20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) को लेकर सोशल मीडिया पर बढ़ती चिंताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हर जगह लॉबी हैं, हित हैं... पेट्रोल लॉबी बहुत अमीर है। उनकी यह टिप्पणी नई दिल्ली में सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 65वें वार्षिक सम्मेलन में आई।
गडकरी ने कहा कि ई20 पेट्रोल रोलआउट कार्यक्रम को लेकर उनके खिलाफ एक भुगतान किया गया राजनीतिक अभियान चलाया गया था, जो अब झूठा साबित हो गया है। गडकरी ने BSIV से BSVI उत्सर्जन मानदंडों में बदलाव में वाहन निर्माताओं की भूमिका के लिए उनका धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि भारत BSVI और CAFE मानकों को लागू करने के मामले में वैश्विक स्तर पर कदम बढ़ाता रहेगा। भविष्य की बात करें तो उन्होंने अनुमान लगाया कि 2025 के अंत तक भारत की लॉजिस्टिक्स लागत घटकर सकल घरेलू उत्पाद के 9% पर आ जाएगी।
E20 ने उपभोक्ताओं और ऑटोमोबाइल विशेषज्ञों के बीच बहस छेड़ दी है, जिनमें से कई का तर्क है कि इथेनॉल मिलाने से वाहनों की दक्षता और लंबी उम्र पर असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि पेट्रोल की तुलना में इथेनॉल के कम कैलोरी मान के कारण E20 पर चलने वाली कारों के माइलेज में 2-5 प्रतिशत की गिरावट देखी जा सकती है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि पुराने, मानकों का पालन न करने वाले वाहनों में ईंधन पाइप, गास्केट और रबर होज़ लंबे समय तक खराब हो सकते हैं।

## पुराने वाहन हटाओ, जीएसटी छूट पाओ

गडकरी ने कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री से आग्रह किया है कि वे पुराने वाहनों को हटाकर नई कार खरीदने वाले ग्राहकों के लिए जीएसटी राहत पर विचार करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के कदम से उपभोक्ताओं और ऑटो उद्योग दोनों को लाभ होगा। अप्रैल 2023 में चुनिंदा ईंधन स्टेशनों पर शुरू हुए E20 का विस्तार अप्रैल 2025 में पूरे देश में किया गया। इसने E10 (10 प्रतिशत इथेनॉल युक्त पेट्रोल) की जगह ले ली, जिसका इस्तेमाल भारत में ज़्यादातर कारें करती हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने भारत-पाकिस्तान मैच रद्द करने की याचिका पर तत्काल सुनवाई से किया इनकार

नवीन मेल संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच जारी रहना चाहिए। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने 14 सितंबर को दुबई में होने वाले भारत-पाकिस्तान एशिया कप टी-20 क्रिकेट मैच को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। जनहित याचिका (पीआईएल) में दुबई में होने वाले भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को रद्द करने की मांग की गई थी।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि मैच रविवार को होने वाला है, इसलिए शुक्रवार को ही इस मामले की सुनवाई कर ली जाए। याचिका में दावा किया गया कि पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलना राष्ट्रीय गरिमा और शहीदों के सम्मान के खिलाफ है।



यह याचिका चार लॉ स्टूडेंट्स की ओर से दायर की गई, जिन्होंने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट 2025 को लागू करने की भी मांग की। यह याचिका अधिवक्ता स्नेहा रानी, अभिषेक वर्मा और मोहम्मद अनस चौधरी के माध्यम से दायर की गई थी।

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई वाली बेंच ने गुरुवार को इस अनुरोध को खारिज करते हुए कहा कि यह एक मैच है और इसे जारी रहने देना चाहिए। एशिया कप में भारत ने यूएई के खिलाफ रिकॉर्ड जीत के साथ आगाज किया है। अगला मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। यह मैच 14 सितंबर को रात 8 बजे से दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय दबाव की वजह से हो रहा भारत-पाकिस्तान मैच : ज्वाला सिंह

**थाणे।** एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को मैच खेला जाना है। भारत में इस मैच को लेकर विरोध हो रहा है। यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह का कहना है कि एशिया कप में भारतीय टीम को और पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय दबाव की वजह से खेलना पड़ रहा है।

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप : पूजा रानी, जैस्मीन लाम्बोरिया ने भारत के लिए दो और पदक पक्के किए

एजेंसी। लिवरपूल



दो बार की एशियाई चैंपियन पूजा रानी और अस्ताना में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन लाम्बोरिया ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के लिए दो और पदक पक्के कर दिए हैं। पूजा ने महिलाओं के 80 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पोलैंड की एमिलिया कोटर्सका को 3:2 से हराया, जबकि जैस्मीन ने अंडर-22 एशियाई चैंपियन में उज्बेकिस्तान की मामाजोनोवा खुमोरबोनू को 5:0 से हराकर महिलाओं के 57 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बनाई।


विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता नूपुर बुधवार को महिलाओं के 80+ किलोग्राम भारवर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय बन गईं।

मीनाक्षी (महिला 48 किलोग्राम भारवर्ग) और जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (पुरुष 50 किलोग्राम भारवर्ग) पदक पक्का करने से बस एक जीत दूर हैं। दोनों शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल खेलेंगे। महिलाओं के 80 किलोग्राम भारवर्ग के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में पूजा ने पौलेंड की एमिलिया कोटर्सका को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। महिलाओं के 57 किलोग्राम भारवर्ग के मुकाबले में जैस्मीन ने उज्बेकिस्तान की मुक्केबाज पर शुरुआत से ही दबदबा बनाया और तीनों राउंड में बढ़त के साथ जीत हासिल की।

पूर्व विश्व चैंपियन निखत ज़रीन और विश्व मुक्केबाजी कप रजत पदक विजेता अभिनाश जामवाल का सफर खत्म हो गया। महिलाओं के 51 किग्रा क्वार्टर फाइनल में दो बार की ओलंपिक रजत पदक विजेता तुर्की की काकिरोग्लू बुसे नाज ने निखत जरीन को हराया। पुरुषों के 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जामवाल पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता जॉर्जिया के गुरुली लाशा से 1:4 से हार गए।

भारत ने हाल ही में गठित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी शासी निकाय विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाली पहली विश्व चैंपियनशिप में 20 सदस्यीय दल उतारा है और पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है।

## भारतीय टीम एशिया कप जीतकर लौटेगी : कपिल देव



**चंडीगढ़।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि भारतीय टीम बेहतरीन क्रिकेट खेल रही है। यूएई के खिलाफ जीत शानदार रही। उम्मीद है कि एशिया कप का खिताब टीम इंडिया जीत कर लौटेगी। मीडिया से बात करते हुए कपिल देव ने कहा कि भारतीय टीम अच्छा खेली और शानदार तरीके से मैच जीती। मैं उम्मीद करता हूं कि टीम एशिया कप में चैंपियन बनकर लौटेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले मुकाबले से जुड़े सवाल पर पूर्व कप्तान ने कहा कि खिलाड़ियों का काम सिर्फ खेलना है। उन्हें कुछ भी बोलने की जरूरत नहीं है। वे खेलने गए हैं।

## हांगकांग ओपन: सात्विक-चिराग लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



एजेंसी। हांगकांग

हांगकांग ओपन सुपर 500 में गुरुवार को भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। लक्ष्य सेन ने मार्च के बाद पहली बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली।

लक्ष्य सेन ने हमवतन एचएस प्रणय को 15-21, 21-18, 21-10 से हराया। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन को इस सीजन चोटों और खराब फॉर्म का सामना करना पड़ा है। उनके आखिरी श्रेष्ठ प्रदर्शन पर गौर करें तो वह ऑल इंग्लैंड सुपर 1000 और मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

क्वार्टर फाइनल में सेन का मुकाबला जापान के कोडाई नाराओका या हमवतन आयुष शेट्टी से होगा। लक्ष्य के खिलाफ मैच में प्रणय ने शानदार शुरूआत की थी और पहला गेम आसानी से जीता था। दूसरे गेम में उनके पास बढ़त भी थी, लेकिन इसके बाद लक्ष्य सेन ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और दूसरा सेट जीत मैच बराबरी पर ला दिया।




## पहली बार हो रहे दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप के लिए हुई भारतीय टीम की घोषणा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने पहली बार आयोजित हो रहे दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की घोषणा देश भर में 56 खिलाड़ियों की प्रतिभा खोज, कड़े प्रशिक्षण और चयन शिविरों के बाद की गई है।

दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप 11 से 25 नवंबर तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीम टूर्नामेंट का हिस्सा है। मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। काठमांडू को तीसरे मेजबान शहर के रूप में चुना गया था, यहां पाकिस्तान के मैच होने थे, लेकिन नेपाल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए वैकल्पिक स्थल पर विचार किया जा रहा है। समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड्स की क्रिकेट शाखा, द क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई), इस ऐतिहासिक विश्व कप की आयोजक है। संस्था का यह प्रयास दिव्यांग खिलाड़ियों, विशेषकर महिलाओं के लिए समान मंच बनाने के भारतीय नेतृत्व को प्रदर्शित करता है। सीएबीआई के अध्यक्ष महंतेश जी. किवादासन्नावर ने कहा, "यह विश्व कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है। यह साहस, कौशल और समावेशिता का उत्सव है। भारत में इसकी मेजबानी करना गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि हमारी लड़कियां लाखों लोगों को प्रेरित करते हुए देश को गौरवान्वित करेंगी।"

इससे पहले, भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने 2023 आईबीएसए विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। भारत ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट में एक गौरवशाली अध्याय लिखा था।

**टीम:**

**बी1 श्रेणी :** सिमु दास (दिल्ली), पी. करुणा कुमारी (आंध्र प्रदेश), अनु कुमारी (बिहार), जमुना रानी टुडू (ओडिशा), काव्या वी (कर्नाटक)।

**बी2 श्रेणी :** अनेखा देवी (दिल्ली), बसंती हंसदा (ओडिशा), सिमरनजीत कौर (राजस्थान), सुनीता सराठे (मध्य प्रदेश), पार्वती मरांडी (ओडिशा)।

**बी3 श्रेणी :** दीपिका टी. सी. (कर्नाटक - कप्तान), फूला सोरेन (ओडिशा), गंगा एस. कदम (महाराष्ट्र - उप कप्तान), काव्या एन. आर. (कर्नाटक), सुषमा पटेल (मध्य प्रदेश), दुर्गा येवले (मध्य प्रदेश)।

## सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप में संत अन्ना स्कूल सामटोली बी व एसटीसी सिमडेगा की सेमीफाइनल में




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आज 14 से वे दिन पुरुष वर्ग के दो क्वार्टर फाइनल मैच हुए जिसमे सीईओ सिमडेगा और संत अन्ना स्कूल सामटोली B टीम अपने अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में महिला वर्ग के लीग हुए मैच में एसटीसी सिमडेगा और सीईओ सिमडेगा को मिली जीत राष्ट्रीय खेल दिवस सह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर हॉकी सिमडेगा और जिला खेलकूद विभाग सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में 29 अगस्त से 14 सितंबर 2025 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित 20 वी मेजर ध्यानचंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025 में आज 14 वे दिन महिला वर्ग के 02 मैच हुए जिसमे सीईओ सिमडेगावेस्ट वीन टीम ने विवेकानंद क्लब को 05-01 गोल से तथा एसटीसी सिमडेगा लचरागढ़ ने आर सी प्राथमिक विद्यालय कोचेडेगा को 4-0 से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किए, वही विवेकानंद को डीएवी विद्यालय सिमडेगा से वाक ओवर मिला।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## चीन ने आश्वासन दिया — फिर भी भारत को खनिज और मैग्नेट की सप्लाई नहीं मिली

एजेंसी। नई दिल्ली



अभी तक भारत के वाहन निर्माताओं को महत्त्वपूर्ण खनिजों और मैग्नेट निर्यात पर चीन के आश्वासन के बावजूद कोई आपूर्ति नहीं हुई है। इस मामले के जानकार व्यक्तियों के मुताबिक इस क्षेत्र में अनिश्चितता कायम है। दरअसल, चीन ने महत्त्वपूर्ण खनिजों और मैग्नेट के निर्यात पर बंदिशों पर भारत की चिंताओं के समाधान का आश्वासन दिया है। इस मामले की जानकारी देने वाले एक व्यक्ति ने बताया, 'चीन के आश्वासन के बावजूद किसी भी कंपनी (घरेलू) को चीन के आपूर्तिकर्ताओं से आपूर्ति प्राप्त नहीं हुई है।' चीन के विदेश मंत्री वांश शी ने बीते महीने भारत के दौरे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर को वादा किया था कि चीन महत्त्वपूर्ण खनिजों सहित अन्य उत्पादों पर लगाए गए निर्यात के प्रतिबंधों को ढीला करेगा।

महत्त्वपूर्ण खनिज व मैग्नेट वाहन व वाहन कलपुर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, मेडिकल उद्योग और रक्षा क्षेत्र तक के लिए अहम हैं। इनका निर्यात 4 अप्रैल के बाद से चीन निर्यात लाइसेंस मानदंडों के तहत करता है। अमेरिका के चीन के उत्पादों पर शुल्क बढ़ाया था और इसके जवाब में चीन ने प्रतिबंध लगाए थे। नए नियमों के तहत चीन के विक्रेताओं को निर्यात को मंजूरी लेगी होगी। इसके तहत चीनी विक्रेताओं को आयातक यह गांरटी दे सकता है कि इन सामग्रियों का दोहरा इस्तेमाल या रक्षा संबंधित ऐप्लिकेशन के लिए नहीं किया जाएगा। हालांकि यह प्रक्रिया लंबी और और जटिल है। दरअसल इन निर्यात प्रतिबंधों के बाद से भारत राजनयिक तरीकों के जरिए चीन से वार्ता कर रहा है ताकि भारत के निर्यातकों को महत्त्वपूर्ण कच्चे खनिज की खेप मिल सके।

भारत के वाहन उद्योग ने महत्त्वपूर्ण खनिज के मैग्नेट के निर्यात पर प्रतिबंधों लगाए जाने के बाद जून में भारत सरकार के समक्ष चिंताएं उजागर की थीं। वाहन उद्योग ने कहा था कि चीन से इन महत्त्वपूर्ण कच्चे खनिजों के आयात को मंजूरी मिलने में देरी के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों सहित वाहनों के निर्धारित उत्पादन में व्यवधान उत्पन्न हुआ था।

## शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स 123 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार गुरुवार (11 सितंबर) को बढ़त के साथ बंद हुए। बैंकिंग और ऑयल एंड गैस से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार को सहारा मिला। साथ ही अमेरिका और भारत के बीच व्यापार को लेकर एक बार फिर बातचीत का सिलसिला शुरू होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक गिरकर 81,217.30 पर खुला। खुलते ही यह बढ़त में आ गया। दिन के दौरान इस इंडेक्स ने 81,642.22 के हाई और 81,216.91 के लो रेंज में कारोबार किया। अंत में यह इंडेक्स 123.58 अंक यानी 0.15% की बढ़त लेकर 81,548.73 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी गिरावट लेकर 24,945 पर ओपन हुआ।

## ट्रेड डील को लेकर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत सही ट्रैक पर, पहला चरण नवंबर तक हो सकता है फाइनल : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर तक फाइनल हो सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच चर्चा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों पक्ष अब तक की प्रगति से संतुष्ट हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान गोयल ने कहा कि फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रियों को इस समझौते पर काम करने और इस साल नवंबर तक पहले चरण को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया था। गोयल ने आगे कहा कि इस ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर 2025 तक पूरा हो जाना चाहिए, और मार्च से ही इस विषय पर बहुत अच्छे माहौल में बहुत गंभीरता से चर्चा चल रही है और प्रगति हो रही है। साथ ही कहा कि इस प्रगति से दोनों पक्ष संतुष्ट हैं। गोयल का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब सोशल मीडिया पर डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच ट्रेड डील को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि वह दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत से खुश हैं और उन्हें विश्वास है कि दोनों देश एक सफल निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। ट्रंप ने आगे कहा, "मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका, दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि वह आने वाले हफ्तों में अपने "बहुत अच्छे दोस्त" प्रधानमंत्री मोदी से बात करने के लिए उत्सुक हैं। एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका को अपना घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ट्रेड डील भारत-अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने में मदद करेगी और आश्वासन दिया कि दोनों टीमें चर्चाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। बाद में ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी के पोस्ट को फिर से शेयर किया, जो दिखाता है कि ट्रेड डील को लेकर दोनों देशों में सकारात्मक रुख बना हुआ है।

## घरेलू सुधारों ने भारत को दी सुरक्षा, जीएसटी सुधार से बढ़ेगी खपत : नागेश्वरन

एजेंसी। नई दिल्ली




देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने आज कहा कि घरेलू सुधारों ने देश को एक तरह की सुरक्षा दी है, जिसकी जरूरत उसे भू-राजनीतिक चुनौतियों के कारण आने वाले वर्षों में पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि चुनौती भरी यह स्थिति अगले कुछ साल तक बनी रह सकती है। नागेश्वरन ने कहा, ' हमने वैश्विक झटकों से उबरने की क्षमता पहले ही हासिल कर ली है। वृद्धि के जो नतीजे आएंगे वे हमें प्रसन्नता भरी हैरत में डाल सकते हैं।' ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के एक कार्यक्रम में नागेश्वरन ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में लागू सुधार भारतीय निर्यात पर लगे 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के प्रतिकूल असर की कुछ हद तक भरपाई कर देंगे। उन्होंने कहा कि इस शुल्क की वजह से चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर मुश्किल से 0.2 या 0.3 फीसदी असर होगा। नागेश्वरन ने कहा, 'जीएसटी सुधार से न केवल देसी खपत को बढ़ावा मिलेगा बल्कि अनिश्चितता के कारण आगे होने वाले प्रभावों को भी यह कम करेगा।' सरकार ने 3 सितंबर को जीएसटी व्यवस्था में परिवर्तन को घोषणा की थी, जो साल 2017 में शुरू हुई इस कर व्यवस्था में अब तक का सबसे महत्त्वपूर्ण सुधार है। सरकार ने जीएसटी की चार दरों के बजाय केवल दो दरें 5 फीसदी और 18 फीसदी कर दी हैं, जो 22 सितंबर से लागू होंगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि बुनियादी सुधार में दो पक्ष होते हैं और सरकार बेशक अपना काम कर रही है मगर निजी क्षेत्र को भी उत्पादकता और निवेश पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और श्रम के बीच संतुलन भी बनाए रखना होगा ताकि समाज में उथलपुथल न मच जाए। उन्होंने कहा कि भारत न तो डॉलर का विकल्प तलाश रहा है और न ही ऐसी किसी मुहिम का हिस्सा है। नागेश्वरन ने कहा कि राजकोषीय घाटे को चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 4.4 पर समेटने का अपना लक्ष्य सरकार हासिल कर लेगी।

## अब रेलवे कश्मीर से सीधे दिल्ली पार्सल वैन से पहुंचाएगा सेब, 13 सितंबर से सेवा शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने सेब किसानों को बड़ी राहत देने का फैसला लिया है। रेलवे सेब किसानों को कश्मीर से दिल्ली सेब पहुंचाने की सुविधा देने जा रहा है। इसके लिए रेलवे से पार्सल वैन उपलब्ध कराए हैं। जिससे सेब न सिर्फ जल्दी दिल्ली पहुंच सकेगा, बल्कि हाइवे बंद होने या जाम के दौरान सेब के खराब होने की समस्या भी दूर होगी और उपभोक्ताओं को भी ताजा सेब मिल सकेगा। दिल्ली कश्मीरी सेब के लिए सबसे बड़ा बाजार है और यहां लाखों टन सेब कश्मीर से आता है और फिर यहां से देश के दूसरे शहरों में इसकी आपूर्ति होती है।

**रेलवे अभी कितना सेब दिल्ली पहुंचा रहा है?**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेब सीजन शुरू होते ही भारतीय रेलवे 13 सितंबर से बड़गाम और आदर्श नगर के बीच रोजाना चलने वाली एक पार्सल ट्रेन शुरू कर रहा है। भारतीय रेलवे ने सेबों के परिवहन के लिए दो पार्सल वैन उपलब्ध कराए हैं। इन पार्सल वैन में आज माल लादा जाएगा और प्रत्येक वैन में 23 टन सेब होंगे। सेब ढुलाई की और मांग मिलने पर रेलवे अतिरिक्त पार्सल वैन उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

पीवीटीजी बहुल गांवों में लगेगा 'उदय' योजना का शिविर

# सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर जिले भर में तेजी से हो रही तैयारी

- सितंबर में 200 से ज्यादा गांवों में लगेंगे कैंप

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** जिले की उपायुक्त समीरा एस की पहल पर शुरू हुई उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना को अब जिले के अन्य पीवीटीजी (अत्यंत पिछड़ी जनजाति) बहुल क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जा रहा है। योजना के पहले चरण के सफल परिणामों के बाद इसे बड़े पैमाने पर लागू करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। सितंबर के पहले सप्ताह में बेसलाइन सर्वे और डेटा वेरिफिकेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके बाद लाभुकों के लिए योजनाओं के फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं, जिन्हें भरवाने के बाद ग्रामसभा, डेटा एंट्री समेत अन्य जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।
दूसरे सप्ताह से लेकर पूरे सितंबर भर जिले के लगभग 200 से अधिक पीवीटीजी बहुल गांवों में शिविर लगाए जाएंगे, जहां पर लाभुकों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी, बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आवास, वन अधिकार पत्र समेत करीब 14 प्रमुख दस्तावेज एक ही जगह प्रदान किए जाएंगे। शिविरों का आयोजन प्रत्येक प्रखंड में तय तिथियों पर किया जाएगा।
शिविरों की शुरुआत 15 सितंबर से होगी, जो 25 सितंबर तक विभिन्न तिथियों में चलेगी। इसमें बिश्रामपुर, चैनपुर, छत्तरपुर, हैदरनगर, हुसैनाबाद, मनातू, पाटन, सतबरवा, तरहसी, मोहम्मदगंज, नवाबजार, नौडीहा बाजार, सदर मेदिनीनगर और रामगढ़ जैसे प्रखंडों के सैकड़ों गांव शामिल हैं। शिविरों के माध्यम से न केवल दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे, बल्कि कई सरकारी योजनाओं जैसे आदिम जनजाति पेंशन योजना, आयुष्मान भारत, आवास योजना, भूमि अधिकार से भी जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उपायुक्त समीरा एस ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का उद्देश्य पीवीटीजी समुदाय को उनकी पहचान, अधिकार और सरकारी योजनाओं से जोड़ना है, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत मिशन की डीसी ने की वर्चुअल समीक्षा

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने वीडब्लूएससी द्वारा स्कीम ट्रांसफर, पेयजल आपूर्ति, जल गुणवत्ता परीक्षण और सभी निर्माणाधीन योजनाओं की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के हैंडओवर की प्रक्रिया स्थानीय मुखिया के साथ समन्वय कर जल्द पूरी की जाए। समीक्षा के दौरान एसवीएस इनसेप्शन के तहत धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंताओं को पूरी तत्परता से कार्य करने को कहा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगली समीक्षा में इंजीनियरों के प्रदर्शन की अलग से जांच की जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत शौचालय निर्माण, गोबर गैस प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, ओडीएफ गांवों का वेरिफिकेशन जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों से कहा कि तय लक्ष्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, अन्यथा डिबार और पेनल्टी की कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## ओझा-गुनी के शक में हुई थी जागेश्वर उरांव की हत्या

**हेरहंज।** थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत खैराटांड़ निवासी जगेश्वर उरांव के हत्या कर खुलासा कर दिया है। इसकी हत्या गांव के ही वीरेंद्र उरांव पिता रामविलास उरांव के द्वारा ओझा गुनी के शक पर किया गया था। इसकी जानकारी थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह पवैया ने जानाकरी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा हत्या में प्रयुक्त किए गए टांगी और पत्थर के साथ-साथ अभियुक्त के खून से सने कपड़े को भी बरामद उसके निशानदेही पर कर लिया गया है। पुलिस के समक्ष जगेश्वर उरांव की हत्या की बात स्वीकारी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा शव को छिपाने के उद्देश्य खैराताड़ के जंगल की झाड़ियां में छिपा दिया था। मालूम हो की जगेश्वर उरांव 9 सितंबर की दोपहर अपने घर के मवेसियों को चराने के लिए खैराटांड़ जंगल की ओर ले गया था।

## मैन पॉवर कर्मचारी संघ व जांच टीम के साथ हुई बैठक

**चंदवा।** मैन पावर कर्मचारी संघ चकला द्वारा किए गए शिकायत के आलोक में गुरुवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के निदेर्शानुसार गठित जिला प्रशासन की टीम चंदवा प्रखंड के चकला स्थित अभिजीत पावर प्लांट पहुंची। यहां उन्होंने सीपीएल प्रबंधन के अधिकारियों, मैन पावर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक की। बैठक के दौरान टीम में शामिल जिला अपर समाहर्ता रामा रविदास, एसडीओ अजय कुमार रजक व सीओ सुमित कुमार झा ने मैन पॉवर कर्मचारी संघ के मांगों को सुना, सीपीएल का पक्ष भी जाना व रिपोर्ट भी तैयार किया। आयोग को भेजी गई शिकायत में कर्मचारी संघ ने कंपनी प्रबंधन पर मैनपॉवर कर्मचारियों के प्लांट में प्रवेश पर लगी रोक को हटाने ,आने वाली नहीं कंपनी में कर्मचारियों के नौकरी को यथावत रखने, वर्तमान महंगाई के दर पर वेतनमान का भुगतान करने, वर्ष 2013 से लंबित भविष्य निधि पीएफ का भुगतान करने, जिन रैयतों का मुआवजा अब तक नहीं मिल पाया है उनके मामलों का निष्पादन करने की मांग रखी थी। जिस पर अधिकारियों ने सीपीएल प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित कर गतिरोध को दूर करने का प्रयास किया। बैठक के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए मैनपॉवर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि अधिकारियों के साथ वार्ता काफी सार्थक सकारात्मक रही है।

# वाहन जांच अभियान, 29,450 रुपये का वसूला गया जुर्माना

- बिना हेलमेट, नो एंट्री व अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई, कई गाड़ियां जब्त

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** छः मुहान चौक पर बुधवार को परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग करते हुए पकड़ा गया। वहीं, ई-रिक्शा और टेंपो चालकों द्वारा बीच चौराहे पर अवैध तरीके से सवारी बैठाने और वन-वे का उल्लंघन करने पर भी कार्रवाई की गई।
कुल 9 दोपहिया वाहन और 7 ई-रिक्शा/टेंपो को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। इसके अलावा एक ट्रक-ट्रेलर को नो एंट्री में प्रवेश करने पर पकड़ा गया, जिसे टीओपी-2 थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। साथ ही, एक बस और एक कार को मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से खड़ा किए जाने के कारण ऑनलाइन चालान की प्रक्रिया के तहत जुर्माना लगाया गया है।
जांच के बाद सभी वाहनों के कागजात चालान व फाइन की प्रक्रिया के लिए जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को भेजे गए। कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, 12 दोपहिया वाहनों पर 14,000, तीन ई-रिक्शा/टेंपो पर 9,300 और एक ट्रक पर 6,150 का जुर्माना लगाया गया है। कुल मिलाकर 29,450 का चालान फाइन जिले को प्राप्त हुआ है।
प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

राज्यव्यापी आंदोलन के तहत भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

# सरकार के इशारे पर हुई सूर्या हांसदा की हत्या : पंकज सिंह

- नगड़ी में आदिवासी रैयतों की जमीन जबरन छीनने की भूल न करे सरकार: राजीव रंजन पाण्डेय

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** हेमंत सरकार के इशारे पर संथाल के आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की हुई फर्जी एनकाउंटर की सीबीआई जांच की मांग एवं रांची के नगड़ी में आदिवासी रैयतों की छीनी जा रही जमीन के खिलाफ भाजपा के राज्यव्यापी आंदोलन के तहत भाजपा, लातेहार जिला कमिटी के द्वारा आक्रोश प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।इससे पूर्व भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में झंडा-बैनर एवं हाथों में तख्तियां लिए सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में उपायुक्त कार्यालय पहुंचे एवं घंटों आक्रोश प्रदर्शन कर जुलूस को सभा में तब्दील कर दिया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए पंकज सिंह ने कहा कि संथाल परगना के उभरता हुआ आदिवासी नेता की हत्या हेमंत सरकार के इशारे पर हुई है। सूर्या हांसदा झामुमो-कांग्रेस के नेताओं के गले की फांस बन गए थे। सूर्या हांसदा कोयला, बालू, पत्थर लुट के खिलाफ कार्य कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चार-चार बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने वाले सूर्या हांसदा सैकड़ों बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देते थे। उनकी हत्या से झारखंड के आदिवासी समाज में भारी आक्रोश है। हेमंत सरकार फर्जी एनकाउंटर का सीबीआई जांच कराए, अन्यथा भाजपा चुप बैठने वाली नहीं है।नगड़ी जमीन अधिग्रहण पर भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय ने कहा कि सरकार आदिवासी रैयतों की जबरन जमीन छीनने पर आमादा है। उन्होंने कहा कि जल,जंगल, जमीन की झूठा दंभ भरने वाली सरकार आज सूबे के आदिवासियों के सबसे बड़ी दुश्मन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार हठधर्म छोड़कर रिम्स- 2 का निर्माण अन्य जगह पर करे। वहीं विरोध के दौरान अन्य वक्ताओं ने कहा कि राज्य में अपराध एवं भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रही है। हत्या, लुट एवं बलात्कार की घटना से जनता त्राहिमाम कर रही है। खुद को अबुआ सरकार कहने वाली हेमंत सोरेन की सरकार में लगातार आदिवासियों का शोषण हो रहा है। वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सरकार को सूर्या हांसदा फर्जी एनकाउंटर का जवाब देना होगा। जबतक सरकार घटना की सीबीआई जांच नहीं कराती भाजपा कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठने वाले। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह,पूर्व जिप अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री सीतामणी तिर्की, पूर्व जिला महा मंत्री राजन तिवारी, भाजपा नेता पवन कुमार, धीरेन्द्र शुक्ला, आनंदी सिंह बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल थे।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह के शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में बच्चों की स्वास्थ्य की जांच की गयी। स्वास्थ्य जांच शिविर में बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर निशांत, डॉक्टर नील ध्वज और निशा रानी शामिल थीं। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच के क्रम में बच्चों की लंबाई, वजन, आंखों की रोशनी, दांतों की स्थिति, बुखार सहित अन्य सामान्य शारीरिक परीक्षण किया गया। पढ़ाई के दौरान बच्चों में आंख की सभी समस्याओं पर गंभीरता से जांच किया गया। वहीं अन्य बीमारियों से सावधानी बरतने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने बच्चों को साफ-सफाई, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यालय के निदेशक डॉ पवन कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों में बीमारियों के बढ़ाने की संभावना रहती है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन विद्यालय प्रबंधन के द्वारा किया गया है। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराई जाती है ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल दिया जा सके।

## डीटीओ व डीएसपी के नेतृत्व में चला वाहन जांच अभियान

**लातेहार।** उपायुक्त के निर्देश पर डीटीओ उमेश मंडल और पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गुरुवार को लातेहार थाना क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान में कुल 56 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 20 वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन के मामले में चालान काटा गया। विभाग द्वारा कुल 40,500 जुमार्ना राशि वसूली गई। जांच के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, कागजात अधूरे रखने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर विशेष निगरानी रखी गई। अधिकारियों ने चालकों को नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी और जागरूक भी किया कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का पालन करने से नहीं बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। अभियान में परिवहन विभाग और पुलिस बल की संयुक्त टीम सक्रिय रही।

सिंगरा खुर्द चोरी मामले में ग्रामीणों का गुस्सा

## डीआईजी नौशाद आलम से की मुलाकात शीघ्र कार्रवाई और सुरक्षा बढ़ाने का आश्वासन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 27 अगस्त को सिंगरा खुर्द में हुई बड़ी चोरी की घटना ने गांव के लोगों में भारी डर और असुरक्षा का माहौल बना दिया है। सरकारी कर्मचारी गिरेन्द्र शुक्ला के घर से करीब 10 लाख रुपये मूल्य की नगदी और जेवरात चोरी हो गई थी। घटना के बाद ग्रामीण रात-दिन भयभीत होकर अपने घरों में ताले लगाने को विवश हैं। ग्रामीणों ने पुलिस की धीमी कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि संदिग्धों को गिरफ्तार करने के बाद भी पुलिस ने उन्हें बिना कारण छोड़ा। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति अविश्वास गहरा गया है। इस बीच बुधवार को ग्रामीणों ने डीआईजी नौशाद आलम से मुलाकात कर मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर अपराधी जल्द गिरफ्तार नहीं किए गए और चोरी की संपत्ति बरामद नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन को विवश होंगे। डीआईजी नौशाद आलम ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि पुलिस मामले को पूरी गंभीरता से ले रही है और जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़कर सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया जाएगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि पलामू पुलिस प्रशासन जनता के विश्वास को बहाल करने के लिए हर संभव कदम उठाएगा। ग्रामीणों ने डीआईजी के आश्वासन को सकारात्मक बताते हुए कार्रवाई की प्रतीक्षा जताई, लेकिन पुलिस प्रशासन से तेजी से काम करने की भी अपील की। यह मामला पलामू पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है।

## अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए संत मरियम स्कूल के 6 खिलाड़ी रवाना

**मेदिनीनगर।** हैदराबाद में 12-13 सितंबर को आयोजित होने वाली प्रथम एशियन ओपन अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मेदिनीनगर के संत मरियम विद्यालय के छह बाल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम, हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित की जा रही है, जिसमें 15 देशों के ताइक्वांडो खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों में शुभम कुमार सिंह, ओम प्रकाश, युवराज कोरवा, गौरव कुमार सिंह, अभिषेक कुमार तिवारी और आयान सिद्दीकी शामिल हैं। विद्यालय के मुख्य मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक क्योन्शि संतोष कुमार ने बताया कि यह चैंपियनशिप रियल ताइक्वांडो बोर्ड ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित हो रही है। उन्होंने बताया कि टीम 10 सितंबर को हैदराबाद के लिए रवाना हो चुकी है। टीम का नेतृत्व खुद क्योन्शि संतोष कुमार कर रहे हैं, जबकि सेम्पाई अमित प्रजापति को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है।

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा कुल 135 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई। विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 135 में से 134 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा समीक्षा के क्रम में सड़क दुर्घटना में चतरा जिला से संबंधित एवं डूबने से हुई मौत के मामले में पलामू जिला से संबंधित भुगतान अबतक नहीं होने की स्थिति पर अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लातेहार को संबंधित जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त कर उपायुक्त कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया।

# उपायुक्त ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड के दिशा-निर्देशन में आमजन तक राज्य एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी समय पर पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा विशेष प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विशेष प्रचार वाहन के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित योजनाओं जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, अंत्योदय अन्न योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि लाभुक समय पर अपने निर्धारित कोटे की सामग्री प्राप्त कर सकें। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे प्रचार रथ से मिल रही जानकारी का लाभ उठाएं और योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन स्तर में सुधार करें। मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### नियुक्तियों का सिलसिला...

मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार और पर्यटन सचिव श्री मनोज कुमार मौजूद थे।

### राज्य में रोजगार...

पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं : मुख्यमंत्री ने कहा कि कुदरत ने झारखंड को ना सिर्फ खनिज संपदा, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य का भी अनोखा उपहार दिया है। झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं , लेकिन कहीं ना कहीं किसी न किसी कारण से यह क्षेत्र अब तक विकास से अछूता रहा था। लेकिन, हमारी सरकार अपने राज्य की समृद्ध सामाजिक सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक खूबसूरती को देश- दुनिया के मानचित्र पर पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है । मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में आज पर्यटन विभाग से जुड़े "लोगो" एवं वेबसाइट का अनावरण किया गया है। इसके माध्यम से हम ना सिर्फ झारखंड के खूबसूरत पर्यटक स्थलों को दुनिया के सामने दिखा सकते हैं, बल्कि सैलानियों को भी आकर्षित करने में कामयाब होंगे।

### छत्तीसगढ़ में 10...

इस मुठभेड़ में गरियाबंद की स्पेशल फोर्स लगातार डटे हुए हैं। गरियाबंद से बैकअप पार्टी भी रवाना की गई है। इस मुठभेड़ की मॉनिरिटिंग गरियाबंद एसपी और रायपुर से की जा रही है। कोबरा के जवान अभी मौके पर मौजूद है। बता दें कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन तय की गई है। इस बार बरसात में भी एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में...

जहां घर से कुछ ही दूरी पर गोविंद मार्केट के पास उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गयी। इससे दोनों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस हादसे से गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया और बोकारो उपायुक्त को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। परिजनों का कहना है कि ये सड़क हादसा नहीं हत्या है क्योंकि ट्रक द्वारा ठोकर मारने के बाद स्थानीय लोग ट्रक को रोकने के लिए कह रहा था। अगर ट्रक ड्राइवर द्वारा ब्रेक मारा जाता तो दोनों की मौत नहीं होती। लेकिन स्थानीय लोगों के द्वारा हल्ला करने के बाद भी ट्रक ने उनपर गाड़ी चढ़ा दिया गया जिससे उन दोनों की मौत हो गई। वहीं घटनास्थल के पास ट्रक के खलासी के साथ लोग मारपीट भी करने लगे। जिसे पुलिस द्वारा बचाकर भीड़ से निकल गया। परिजनों का कहना है कि हमलोगों ने बियाडा को जमीन दिया लेकिन आज तक सड़क चौड़ीकरण नहीं हो पाया। वहीं मौके पर बालीडीह इंस्पेक्टर शाह थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि बियाडा में चलने वाले ट्रक द्वारा दुर्घटना में पति-पत्नी की मौत हो गई है। इस मामले में कार्रवाई होगी ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### कोर्ट ने खारिज...

पार्टी का दावा था कि यह घटना 45 साल पहले की है, जब सोनिया गांधी का नाम 1980 से 1982 तक दिल्ली की मतदाता सूची में था, जबकि उन्हें भारतीय नागरिकता 1983 में मिली थी। यह आरोप उस समय सामने आया, जब कांग्रेस भाजपा और चुनाव आयोग पर पिछले साल के चुनावों में 'वोट चोरी' के आरोप लगा रही है।

### पीएम मोदी आज...

इसका विषय है - 'पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा को पुनः स्थापित करना'। इस सम्मेलन में विद्वान, संरक्षण विशेषज्ञ, तकनीकी विशेषज्ञ और नीति निर्धारक एक साथ मिलकर भारत की अनमोल पांडुलिपि संपदा को पुनर्जीवित करने के रास्तों पर चर्चा कर रहे हैं, ताकि इसे वैश्विक ज्ञान संवाद का केंद्र बनाया जा सके।

## मिट्टी का घर गिरा बाल-बाल बचे लोग

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सालवे पंचायत के सालवे ग्राम में राहुल गंझू का मिट्टी का घर गिर गया। हादसे में उसकी पत्नी व बच्चे बाल-बाल बचे गए। राहुल गंझू ने बताया कि घटना के समय उसकी पत्नी गुल्सी देवी, 30 वर्ष व उसका 12 वर्ष का बेटा सूरज घर सोए हुए थे। घटना के ठीक पहले कुछ आवाज सुनकर मेरी पत्नी चारपाई से उठकर दरवाजे की तरफ बढी कि ठीक उसी समय भर-भरा कर दीवार गिर गया, हादसे में मेरा बच्च मिट्टी में दब गया। मिट्टी और लकडी हटाकर बच्चे को बाहर सुरक्षित बाहर निकाला। इस घर में राहुल गंझू व उसका भाई परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में कुल 11 सदस्य रहते है। दोनों भाईयों को किसी भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। वहीं परिवार ने प्रखंड प्रशासन से आवास योजना का लाभ दिलवाने की मांग की है।

# बनने के साथ ही क्षतिग्रस्त हुआ लुकुइया-बोदा सड़क पर बना नव निर्मित पुलिया

- सड़क व पुलिया निर्माण में बरती गई है भारी अनियमितता

नवीन मेल संवाददाता




**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लुकुइया से बोदा तक बनी नव निर्मित ग्रामीण सड़क में भारी अनियमितता बरते जाने का मामला सामने आया है। उक्त सड़क पर भदईटांड़ के समीप बना पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया। गुरुवार सुबह पुलिया क्षतिग्रस्त होने की खबर मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिया निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि संवेदक के द्वारा सड़क व पुलिया निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। जिसका विरोध ग्रामीण शुरू से ही करते आ रहे हैं, इसके बावजूद कार्य में सुधार नहीं किया गया। नव निर्मित सड़क पहली बरसात भी नहीं झेल पाई। जिसके कारण बनने के साथ ही कई जगह पर सड़क व पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि अगर समय रहते पुलिया को दुरुस्त नहीं किया गया तो यह पूरी तरह से ध्वस्त हो जायेगा। जिससे ग्रामीणों को जान माल की क्षति पहुंचने का खतरा है। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि उक्त सड़क काफी सालों से जर्जर हालत में थीं। सड़क निर्माण का कार्य जब शुरू हुआ तो लगा कि जल्द ही उन्हें जर्जर सड़क की समस्या से निजात मिल जाएगी, लेकिन जिस प्रकार से सड़क पहली बरसात भी नहीं झेल पाई है, उससे लगता है कि सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से लुकुइया से बोदा तक बनी नव निर्मित सड़क की जांच कर इसे दुरुस्त कराने की मांग की है।

## हाइवा वाहन मालिक संघ का हुआ पुनर्गठन

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र के विस्थापित-प्रभावित हाइवा वाहन मालिक संघ के पुनर्गठन को लेकर पंचायत भवन कसियाडीह में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कामाख्या नारायण सिंह व संचालन महाबीर प्रसाद साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीसीएल क्षेत्र के प्रतिनियुक्त सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह शामिल रहे। वहीं कमेटी का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष के पद पर गणेश कुमार साहू एवं ईश्वरी साव, सचिव प्रवीण शर्मा, उप-सचिव संतोष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार साहू, मीडिया प्रभारी बसंत कुमार व कृष्णकांत साव समेत 14 सदस्यीय संरक्षक मंडली में मनोनीत किये गये।

न्यूज बॉक्स


## बीएपीएस हिंदू मंदिर में मंत्रमुग्ध हुए धर्मेंद्र प्रधान, बताया असंभव चमत्कार



**अबू धाबी (आईएएनएस)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अबू धाबी स्थित बीएपीएस हिंदू मंदिर के दौरे पर इसकी सुंदरता, रचनात्मकता और समावेशिता से अभिभूत हो गए। उन्होंने इस मंदिर को "असंभव चमत्कार" और "सभ्यता की उपलब्धि" बताते हुए बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के संतों की निस्वार्थ सेवा के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि यह मंदिर भारत के शाश्वत मूल्यों सौहार्द, शांति और आध्यात्मिकता का वैश्विक प्रतीक है। उन्होंने इसे न केवल अद्भुत शिल्पकला का नमूना बताया बल्कि असंख्य स्वयंसेवकों और भक्तों की सामूहिक भक्ति व त्याग का प्रतीक भी माना। मंत्री ने इस भव्य धाम की सराहना करते हुए कहा कि यह अंतरधार्मिक संवाद और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देता है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यह मंदिर हमेशा भारत के सांस्कृतिक गौरव और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक रहेगा।

## खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर ने पाकिस्तानी हुक्मरानों को लताड़ा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पाकिस्तान में चीनी के बाद गेहूं की बढ़ी कीमतों ने आवाम को परेशान



कर रखा है। खबर खैबर पख्तूनख्वा से है। यहां के गवर्नर ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पर मनमाने प्रतिबंध को लेकर हमला बोला है। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंडी ने गुरुवार को एक्स पोस्ट के जरिए अपना गुबार निकाला। कुंडी ने कुछ रिपोर्ट्स का हवाला दिया जिसमें पंजाब से गेहूं की आपूर्ति रोकने का जिक्र था। कुंडी ने एक्स पर कहा, "पंजाब सरकार द्वारा 31 अगस्त, 2025 को खैबर पख्तूनख्वा को गेहूं और आटे की आपूर्ति पर लगाया गया मनमाना प्रतिबंध संविधान के अनुच्छेद 151 का घोर उल्लंघन और राष्ट्रीय एकता का गंभीर उल्लंघन है। केपी के गवर्नर ने आगे कहा, "परिणामस्वरूप, पंजाब में 20 किलो आटे के एक बैग की कीमत लगभग 1,200 रुपये और केपी में 2,800 रुपये तक बढ़ गई है - जो पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे परिवारों पर एक बेजा बोझ डाल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब (पाकिस्तान का प्रांत) की मुख्यमंत्री मरियम नवाज से खास अपील की।

## संयुक्त राष्ट्र ने ईरान और आईएईए के बीच समझौते का स्वागत किया



**काहिरा (आईएएनएस)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र, ईरान और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बीच 'ईरान में निरीक्षण फिर से शुरू करने के व्यावहारिक तौर-तरीकों' पर हुए समझौते का स्वागत करता है। दुजारिक ने एक डेली ब्रीफिंग में कहा, "हम इस्लामी गणराज्य ईरान और आईएईए के बीच 'ईरान में निरीक्षण फिर से शुरू करने के व्यावहारिक तौर-तरीकों' पर हुए समझौते का स्वागत करते हैं, जो ईरान के व्यापक सुरक्षा समझौते के तहत पूर्ण सहयोग फिर से शुरू करने की दिशा में सकारात्मक कदम है। उन्होंने आगे कहा, "हम इस समझौते के शीघ्र कार्यान्वयन की आशा करते हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने आगे कहा कि ईरान का आईएईए के साथ पूर्ण सहयोग एक दीर्घकालिक ढांचे को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है, जो यह सुनिश्चित कर सके कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण बना रहे।

## इजराइल का 72 घंटों में 6 देशों पर हमला

# 200 की मौत, 1000 घायल, नेतन्याहू बोले- जो अमेरिका ने किया, वही कर रहे



इजराइल ने कतर पर 15 फाइटर जेट से 10 बम गिराए।



इजराइल ने हिजबुल्लाह के ठिकानों को बनाया निशाना।



इजराइल ने सीरिया पर किया हमला।

**एजेंसी । यरुशलम**

इजराइल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फिलिस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजराइल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे लेकर इजराइली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है। हालांकि इजराइली पीएम नेतन्याहू ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के अधिकारियों पर किए गए हमले का बचाव किया। उन्होंने इस हमले की तुलना 9/11 के हमलों के बाद अमेरिका की कार्रवाई से की। उन्होंने कहा इजराइल ने भी वही किया जो अमेरिका ने उस वक्त किया था। इजराइली सेना ने मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा पर हवाई हमला किया था। यह हमला हमास के चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। इसमें अल-हय्या का बेटा, ऑफिस डायरेक्टर, तीन गार्ड और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी समेत छह लोग 6 लोगों की मारे गए थे । इस हमले के वक्त हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे।

### ट्यूनीशिया- एक भी मौत नहीं

इजराइली ड्रोन ने सोमवार को रात में ट्यूनीशिया के पोर्ट पर फैमिली बोट पर हमला दिया। इस जहाज में 6 लोग सवार थे, जो पुर्तगाली झंडा लगाकर यात्रा कर रहे थे। GSF के मुताबिक, इस हमले में किसी की जान नहीं गई। इजराइली ड्रोन ने मंगलवार को भी ब्रिटेन का झंडा लगाकर यात्रा कर रहे जहाज को निशाना बनाया था। 2010 से अब तक गाजा के इलाके में घुसने की कोशिश करने वाले जहाजों पर इजराइली ड्रोन हमला कर रहे हैं।



इजराइली हमलों से गाजा का इंफ्रास्ट्रचर बरबाद



इजराइल ने हूतियों के ठिकानों पर किया हमला

### यमन- 10 लोगों की मौत

इजराइल ने बुधवार को यमन की राजधानी सना पर 15 दिनों में दूसरा हमला किया। इसमें हूती ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह हमला सना हवाई अड्डे पर किया गया था। इससे पहले 28 अगस्त को इजराइल ने सना पर हमला किया था, जिसमें हूती प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी समेत 10 लोग मारे गए थे और 90 लोग घायल हुए थे।

### गाजा- 150 लोगों की मौत

इजराइली हमलों से सोमवार को गाजा में करीब 150 लोग मारे गए हैं और 540 घायल हुए। गाजा में 2023 से अब तक कुल 64,600 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके है। गाजा में अब तक 400 लोग भुखमरी से और हजारों लोग मलबे में दबकर मारे जा चुके है। गाजा का लगभग 75% हिस्सा इजराइल के क जे में है।

## अमेरिका में फूटा महंगाई बम! गैस से लेकर खाने तक की चीजों के बढ़े दाम, लोग हो रहे हैं परेशान

**एजेंसी । नई दिल्ली ।** अमेरिका में महंगाई बम फूटा है। अगस्त के महीने में यहां महंगाई दर में तेजी से वृद्धि हुई है। गैस, किराने का सामान, होटल के कमरे, हवाई किराया समेत कपड़ों और सेकंड हैंड कारों की कीमतें भी बढ़ी हैं। कीमतें बढ़ने का सीधा असर आम लोगों पर पड़ा है। अमेरिकी श्रम विभाग के अनुसार, अगस्त में उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 2.9 फीसदी की वृद्धि हुई। यह जुलाई के 2.7 प्रतिशत से अधिक है। यह जनवरी के बाद सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। अमेरिका में मासिक आधार पर बात करें तो यहाम समग्र मुद्रास्फीति दर में तेजी आई है। जुलाई से अगस्त तक कीमतों में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह पिछले महीने की 0.2 प्रतिशत की वृद्धि से कहीं ज्यादा है। इतना ही नहीं कोर कीमतों में लगातार दूसरे महीने 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## 'आईएएसवी त्रिवेणी' से पृथ्वी का चक्कर लगाने के लिए निकला सैन्य महिला अफसरों का दल

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की महिला अधिकारी गुरुवार को समुद्र के रास्ते पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के लिए निकल पड़ी हैं। इस साहसिक अभियान के तहत दस महिला अधिकारियों की एक टीम नौका यात्रा पर निकली है। जब तीनों सशस्त्र बलों की महिला अधिकारी पूरी दुनिया का चक्कर लगाने के मिशन पर हैं। यह दल स्वदेशी पोत 'आईएएसवी त्रिवेणी' पर सवार होकर 26,000 से अधिक समुद्री मील की दूरी तय करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब तीनों ही सेनाओं आर्मी, नेवी और एयरफोर्स की महिला अधिकारी एक साथ एक ही ध्वज के नीचे पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के अभियान पर निकल रही हैं।

## चार्ली किर्क के शूटर की तलाश जारी: एफबीआई प्रमुख काश पटेल

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

रूढ़िवादी राजनीतिक कार्यकर्ता चार्ली किर्क के शूटर की तलाश अभी भी जारी है। इसी बीच, एफबीआई निदेशक काश पटेल ने बताया कि इस मामले में हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति को रिहा कर दिया गया है। पटेल ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "हिरासत में लिए गए व्यक्ति को कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया है। हमारी जांच जारी है और हम पारदर्शिता के हित में जानकारी जारी करते रहेंगे। 31 वर्षीय किर्क बुधवार (अमेरिकी समय) को यूटा वैली विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान भाषण दे रहे थे, तभी गोलियां चलने लगीं, जिससे वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।

किर्क को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मृत्यु हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि किर्क गोलीबारी से ठीक पहले



दर्शकों के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि हमलावर ने लगभग 180 मीटर दूर एक इमारत से गोली चलाई थी। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर अपने करीबी दोस्त चार्ली किर्क के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चार्ली अमेरिका के युवाओं के दिल को सबसे अच्छे से समझते थे और सभी, खासकर ट्रंप, उन्हें बहुत प्यार करते थे। ट्रंप ने चार्ली की पत्नी एरिका और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

संघ प्रमुख भागवत के अनुसार

## द.कोरिया की तरह बच्चे के 8 साल का होने तक महिला को 22,68,330 रू. की नकद सहायता मिलनी चाहिए

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भाजपा की जननी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का 11सितम्बर 2025 को 75वां जन्मदिन रहा। इस अवसर पर कइयों ने आपसी बातचीत में कहा कि संघ प्रमुख ने भारत के लोगों से 3 बच्चा पैदा करने की जरूरत बताई है। इसके लिए उनको वर्तमान केन्द्र सरकार से यह नियम तो बनवा ही लेना चाहिए कि जिनके तीन बच्चे होंगे ,उनको ही राजनीति में महत्वपूर्ण पद मिलेगा। दूसरा नियम यह बनवाना चाहिए कि जो व्यक्ति अग्नि , देवी देवताओं, परिवार, रिश्तेदार को साक्षी मान , सात फेरे लगा शादी करके पत्नी को छोड़ दे , उसको सत्ता में कोई भी महत्वपूर्ण पद नहीं दिया जाए। तीसरा नियम यह बनवा देना चाहिए कि जिस तरह दक्षिण कोरिया की सरकार जनसंख्या बढ़ाने के लिए अपने देश में किसी महिला के गर्भवती होने से लेकर उसके बच्चे के 8 वर्ष तक का होने तक 22,68,330 रुपये की नकद सहायता दे रही है , उसी तरह की सहायता भारत सरकार भी दे। दक्षिण कोरिया में घटती जनसंख्या व लोगों की बच्चा पैदा करने में कम होती जा रही रुचि से चिंतित सरकार बच्चा पैदा करने के लिए तरह -तरह की सुविधाएं दे रही है। जिसमें प्रमुख है महिला को गर्भ धारण से बच्चा पैदा होने , बच्चे के आठ वर्ष का होने तक 22 लाख 68 हजार 330 रुपये की नकद सहायता। अस्पताल आदि की सुविधा तो अलग से है। इसका प्रमाण है एक भारतीय महिला जिसकी शादी एक दक्षिण कोरियाई नागरिक से हुई है। उसने एक वीडियो बनाया जिसका टाइटल है, 'कोरिया में गर्भवती होने पर मुझे पैसे मिले।' इस वीडियो में उसने बताया कि कोरिया सरकार ने उसे कैसे और कितनी मदद दी। जब महिला की गर्भधारण की पुष्टि हुई, तब कोरियाई सरकार ने उसे लगभग 63,100 रुपये दिए। यह पैसे डॉक्टर से चेक -अप, दवाइयां व अन्य जरूरी चीजों के लिए थे। इसके अलावा सरकार ने 44,030 रुपये और दिए ताकि वह बस, ट्रेन जैसी पब्लिक सुविधाओं का आराम से इस्तेमाल कर सके। जब महिला ने बच्चे को जन्म दिया, तब कोरियाई सरकार ने उसे और उसके पति को एक बार में 1.26 लाख रुपये की राशि दी। इस मदद के पीछे मकसद था कि नए माता-पिता को शुरुआती खर्चों में परेशानी न हो। सरकार की मदद केवल एक बार की नहीं थी। महिला को हर महीने भी पैसे मिलते रहे।

### बच्चे के पहले साल तक हर महीने 63,100 रु.

*दूसरे साल में हर महीने 31,000 रुपये*

जब बच्चा दो साल का हो गया, तब सरकार ने माता-पिता को बच्चे की आठ साल की उम्र तक हर महीने 12,600 देने का वादा किया। दक्षिण कोरिया में बच्चा पैदा होने की दर बहुत कम होती जा रही है। लोग शादी व बच्चों की प्लानिंग देर से कर रहे हैं। इसलिए सरकार ने 2020 से नई योजनाएं शुरू कीं ताकि माता-पिता को बच्चे पालने में परेशानी न हो। इस कहानी के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई।किसी ने लिखा - 'भारत में भी संघ प्रमुख मोहन भागवत की इच्छा अनुसार तीन बच्चे पैदा करने वाली ऐसी योजना शुरू की जानी चाहिए।'उसको पढ़ अन्य ने लिखा- 'यह बहुत अच्छा मॉडल है, बाकी देशों को भी इसे अपनाना चाहिए।

## 310 से अधिक दक्षिण कोरियाई नागरिकों को अमेरिका ने एक सप्ताह बाद किया रिहा

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** पिछले सप्ताह अमेरिका की आव्रजन कार्रवाई में हिरासत में लिए गए सैकड़ों दक्षिण कोरियाई श्रमिकों को गुरुवार तड़के रिहा कर दिया गया। इसके साथ ही सोल का अपने नागरिकों की सामूहिक हिरासत को समाप्त करने के लिए सप्ताह भर से चलाए जा रहे कूटनीतिक प्रयास का समापन हो गया। सवाना के पास ब्रायन काउंटी में हुंडई मोटर ग्रुप और एलजी एनर्जी सॉल्यूशन के संयुक्त उद्यम द्वारा संचालित एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी प्लांट निर्माण स्थल पर छापेमारी में गिरफ्तारी के एक हफ्ते बाद, कुल 316 कोरियाई नागरिक जॉर्जिया के फोल्कस्टन स्थित एक हिरासत केंद्र से बाहर आ गए।






## पीएम ओली के इस्तीफे के बीच मनीषा कोइराला ने दादा को याद कर 'लोकतंत्र' पर दिया बड़ा संदेश

बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने मंगलवार को अपने दादा एवं नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बिश्वेश्वर प्रसाद कोइराला को श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जिन्होंने ''प्रेम, संघर्ष और लचीलेपन को आवाज दी थी।'' कोइराला ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर यह पोस्ट ऐसे समय में साझा की है जब पड़ोसी देश में सरकार के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। वेबसीरीज 'हीरामंडी' की अभिनेत्री ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट में अपने दादा की एक तस्वीर भी साझा की। उन्होंने पोस्ट में कहा, ''नेपाल के पहले निर्वाचित प्रधानमंत्री और प्रेम, संघर्ष एवं लचीलेपन को स्वर देने वाले लेखक बी.पी. बा को उनके जन्मदिन पर नमन। आज जब छात्र भ्रष्टाचार के खिलाफ और आज़ादी के लिए उठ खड़े हुए हैं तो उनके शब्द कालजयी लगते हैं।'' अभिनेत्री ने कहा, ''लोकतंत्र अविभाज्य है, यदि आप अपने देश में लोकतंत्र चाहते हैं तो आप इसके लिए सभी संघर्षों की उपेक्षा नहीं कर सकते - बी.पी. कोइराला।'' नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने देश में सरकार विरोधी जबर्दस्त प्रदर्शन के मद्देनजर मंगलवार को इस्तीफा दे दिया।



### भ्रष्टाचार और दमन के खिलाफ नेपाल में युवाओं का उग्र आंदोलन

वहां के युवाओं ने भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद उग्र प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल समेत कई शीर्ष नेताओं के आवासों पर हमला किया और संसद में तोड़फोड़ की। हालांकि नेपाल सरकार ने सोमवार रात सोशल मीडिया वेबसाइट पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना आंदोलन जारी रखा और प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई में 19 लोगों की मौत को लेकर जवाबदेही की मांग की। 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में अभिनेत्री ने नेपाल में प्रदर्शनकारियों पर हिंसक कार्रवाई की निंदा की।

फिल्म जगत की कहानी